वैशाख कृष्ण पक्ष 01
संवत 2082
डालटनगंज (मेदिनीनगर)
रविवार
13 अप्रैल 2025
वर्ष-31, अंक-176
पृष्ठ-12

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 10

₹83100 10 ग्राम

₹96000 01 किलो

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 75,157.26 | 86.190 |
| +1,310.11 | 0.000 |

## एक नजर

### राज्यपाल प मुख्यमंत्री ने शहीद जवान को दी श्रद्धांजलि

**रांची (हि.स.)।** राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पश्चिमी सिंहभूम में शहीद हुए जवान को श्रद्धांजलि दी है। राज्यपाल ने सोशल मीडिया पर कहा है कि चाईबासा में सर्च अभियान के दौरान आईडी विस्फोट में घायल झारखंड जगुआर के वीर जवान सुनील धान के शहीद होने का दुखद समाचार प्राप्त हुआ। शोकाकुल परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं तथा इस विस्फोट में घायल अन्य जवान के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चाईबासा में सर्च अभियान के दौरान आईईडी ब्लास्ट में घायल झारखण्ड जगुआर के जवान सुनील धान के शहीद होने की दुःखद सूचना मिली है। मरांग बुरु शहीद सुनील की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे। सर्च अभियान में घायल एक अन्य जवान के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

### झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का चुनाव आज

**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष का चुनाव 13 अप्रैल को होना है। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष पद के उम्मीदवार रांची निवासी सुरेश चंद्र अग्रवाल ने विगत 10 दिनों से झारखंड के सभी जिलों में सघन चुनावी दौरा कर सदस्यों से समर्थन मांगा है। एससी अग्रवाल ने सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, चंदवा, लातेहार, मेदिनीनगर, चतरा, हजारीबाग, बोकारो, चास, बेरमो, पेटरवार, जैना मोड़, जमशेदपुर, कोडरमा, देवघर, दुमका, चाकुलिया, घाटशिला, देवघर, जादूगोड़ा चाईबासा, चक्रधरपुर, सरायकेला, धनबाद, कतरास, गोविंदपुर, निरसा, चिरकुंडा, झरिया, रांची, आदि क्षेत्रों का सघन चुनावी दौरा किया। सभी स्थानों पर उनका पुरजोर समर्थन किया गया। दौरे के क्रम में कई तरह की स्थानीय समस्याओं के बारे में चर्चा की गई और समाज में फैल रही कुरीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। सुरेश चंद्र अग्रवाल ने कहा कि झारखंड मारवाड़ी सम्मेलन से संबंधित कई महत्वपूर्ण योजनाएं हैं, जिसे जीतने के बाद अति शीघ्र लागू कराया जाएगा। झारखंड के सभी जगहों पर सुरेश चंद्र अग्रवाल का भरपूर स्वागत किया गया और बदलाव करने का वचन दिया गया।

## झारखंड का लोकतंत्र है बेहद मजबूत : सीईसी

- रामगढ़ में चुनाव के दौरान काम करने वाले वॉलिंटियर्स और बीएलओ के साथ बात भी की




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार शनिवार को रामगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने झारखंड के लोकतंत्र की सराहना की। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश में लोकतंत्र बेहद मजबूत है। यहां सभी मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में शामिल है। वे बढ़-चढ़कर लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेते हैं।
उन्होंने कहा कि भारत में ईवीएम मशीन से होने वाला चुनाव भी पूरी तरीके से सुरक्षित है। ना तो कोई इसे हैक कर सकता है और ना ही कोई सवाल खड़ा कर सकता है। झारखंड के मतदाताओं को जोहार शब्द से संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यहां की डेमोक्रेसी काफी अच्छी है। बेहतर मतदाताओं से मिलने का सौभाग्य मुझे मिला है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने रजरप्पा सीसीएल गेस्ट हाउस में चुनाव के दौरान काम करने वाले वॉलिंटियर्स और बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के साथ बात भी की। उनके साथ झारखंड के मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रवि, सहायक निर्वाचन आयुक्त डॉ नेहा, रामगढ़ डीसी चंदन कुमार, एसपी अजय कुमार और निर्वाचन कार्य से जुटे अधिकारी मौजूद थे।

### मां छिन्नमस्तिका मंदिर में हवन-पूजन में शामिल हुए

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रामगढ़ के रजरप्पा स्थित प्रसिद्ध मां छिन्नमस्तिका मंदिर में सपरिवार पूजा-अर्चना की और मां का आशीर्वाद **शेष पेज 11 पर**

## मुख्य सचिव अलका तिवारी ने मां भद्रकाली मंदिर में की पूजा अर्चना

- आधुनिक डाक बंगला परिसर में गॉड ऑफ ऑनर दी गई




**नवीन मेल संवाददाता**

**इटखोरी (चतरा)।** जिले के प्रसिद्ध धार्मिक तीर्थ स्थली इटखोरी स्थित माता भद्रकाली मंदिर में झारखंड के मुख्य सचिव अलका तिवारी ने पूजा अर्चना की। मौके पर उन्होंने माता भद्रकाली के मुख्य मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद सहस्त्र शिवलिंग महादेव मंदिर, राम जानकी मंदिर , कोटेश्वर नाथ मंदिर, हनुमान जी मंदिर, शनि देव मंदिर समेत अन्य देवालय में भी पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना के बाद झारखंड के मुख्य सचिव अलका तिवारी काफी प्रसन्न मुद्रा में दिखी। मुख्य सचिव अलका तिवारी के आगमन पर भद्रकाली मंदिर परिसर स्थित आधुनिक डाक बंगला परिसर में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी गई। मौके पर चतरा उपायुक्त रमेश घोलप, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम, डीएसपी अमिता लकड़ा, सीओ सविता सिंह, डॉ. मृतुंजय सिंह, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह, मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य रतन शर्मा, सुरेंद्र सिंह, सुधीर रॉय, बीपीएम अमित कुमार गुप्ता, पिन्टू यादव, बंटी कुमार, नागेश्वर यादव समेत अन्य उपस्थित थे।

# टीएसपीसी के दो सब जोनल कमांडर समेत छह गिरफ्तार

- 315 बोर का चार राइफल, एक ऑटोमेटिक रिवाल्वर, जिंदा कारतूस 1102 व अन्य सामान बरामद




**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** पुलिस ने नक्सली संगठन टीएसपीसी के दो सब जोनल कमांडर, एक एरिया कमांडर दस्ता सदस्य सहित छह हार्डकोर नक्सली को गिरफ्तार किया है। लातेहार एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि टीएसपीसी के हार्डकोर नक्सली किसी बड़ी घटना को अंजाम देने को लेकर जंगल में योजना बना रहे है। सूचना के बाद पुलिस टीम गठित की गई। टीम का नेतृत्व बालूमाथ डीएसपी विनोद रवानी ने की। टीम में बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार, बरियातू थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार, मानिका थाना प्रभारी शशि कुमार शामिल थे। पुलिस जैसे ही बालूमाथ थाना क्षेत्र के हेसलबार जंगल पहुंची पुलिस को देखकर नक्सली भागने लगे। पुलिस ने दौड़ाकर टीएसपीसी के हार्डकोर नक्सली नारायण भोक्ता उर्फ आदित्य, आलोक यादव, अमित दुबे, महेंद्र ठाकुर, संजय उरांव, इमरान अंसारी को धर दबोचा। पुलिस ने गिरफ्तार नक्सली के पास से 315 बोर का चार राइफल, एक ऑटोमेटिक रिवाल्वर, जिंदा कारतूस 1102, 3 पाउच, चितकबरा पैजामा, एक मोटरसाइकिल, टीएसपीसी का लेटरपैड बरामद किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने सर्च अभियान चलाकर हथियार और जिंदा कारतूस बरामद किया है। यह पुलिस के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।
गिरफ्तार नक्सली जिले के कई महत्वपूर्ण घटनाओं में शामिल थे। पूर्व में कई नक्सली जेल जा चुके थे। बाद में जेल से निकलने के बाद फिर से नक्सली संगठन में शामिल होकर ठेकेदार को धमकी देकर रंगदारी की मांग करना उनका मुख्य उद्देश्य था। छापेमारी दल में बालूमाथ एसडीपीओ विनोद रवानी, बालूमाथ अंचल निरीक्षण परमानंद बिरुआ, बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेन्द्र कुमार, बारियातू थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार, मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार, अनुभव सिन्हा, रंजन कुमार पासवान, होसेन डांग, गौतम कुमार, रितेश तिग्गा, राजा दिलावर, विकांत कुमार उपाध्याय, सतेन्द्र कुमार, राहुल कुमार दुबे, (तकनिकी शाखा, लातेहार) आईआरबी 4, अमरवाडीह पिकेट, मुरपा पिकेट व थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट में खूंटी के सुनील धान शहीद

- एक जवान घायल, एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया
- पश्चिमी सिंहभूम में नक्सलियों ने दिया वारदात को अंजाम



**नवीन मेल डेस्क**

**रांची/चाईबासा (प. सिंहभूम)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के छोटानागरा और जराईकेला थाना क्षेत्र की सीमा से सटे जंगल में आईईडी ब्लास्ट में शनिवार को झारखंड जगुआर के कांस्टेबल सुनील धान शहीद हो गए। वहीं, मुठभेड़ में कोबरा का एक जवान घायल भी हुआ है। दोनों घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया था, लेकिन राज अस्पातल में इलाज के क्रम में सुनील धान शहीद हो गए। सुनील झारखंड के खूंटी जिले के रहने वाले थे।
झारखंड पुलिस मुख्यालय के अनुसार, शनिवार को नक्सलियों के खिलाफ अभियान के दौरान नक्सलियों द्वारा पहले से जमीन के नीचे लगा कर रखे गए आईईडी में ब्लास्ट किया गया। इस हमले में कोबरा 203 बटालियन के हेड कांस्टेबल विष्णु सैनी और झारखंड जगुआर के कांस्टेबल सुनील धान घायल हो गए। दोनों घायल जवानों को हेलीकॉप्टर के माध्यम से तत्काल एयरलिफ्ट कर रांची भेजा गया। लेकिन, इलाज के क्रम में घायल सुनील धान ने दम तोड़ दिया। घटना उस समय हुई जब कोबरा 203 बटालियन और झारखंड जगुआर की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान के तहत गश्त पर थी। जानकारी के अनुसार नक्सलियों की ओर से दो बार आईईडी ब्लास्ट किया गया, ब्लास्ट में ही सुनील को गंभीर चोट लगी थी। ब्लास्ट के बाद नक्सलियों की तरफ से पुलिस पर फायरिंग भी की गई। सुरक्षाबलों ने इसका करारा जवाब दिया। इलाके में कोबरा और झारखंड जगुआर के जवानों **शेष पेज 11 पर**

## सड़क दुर्घटना में दो की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर - औरंगाबाद मार्ग नेशनल हाईवे 98 पर लगातार दुर्घटना हो रहा है, जिसमें अधिकतर बाइक सवार युवकों की मौत हो रही है। छतरपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार की दोपहर सड़क हादसे में अंकुश नामक युवक की जान चली गई थी। इस घटना के आठ घंटे बाद फिर छतरपुर इलाके में दुर्घटना हुआ और एक युवक की मौत हो गई और एक जख्मी हो गया। घटना देर रात की है। घटना डाली मोड़ में एनएच पर हुई। एक ट्रेलर ने बाइक को अपने चपेट में ले लिया और सवार को कुचल दिया। एक बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान पड़वा थाना क्षेत्र के कठौतिया गांव निवासी विनय साव का 24 वर्षीय पुत्र अंकुश कुमार के रूप में हुई, जबकि बाइक पर बैठा पाटन के ही सिक्का पालहे निवासी बलराम मेहता का पुत्र पंकज मेहता गंभीर रूप से घायल हो गया। जख्मी युवक को उस रास्ते से गुजर रहे एक कार सवार ने अपनी गाड़ी में लाद कर अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए एमआरएमसीएच मेदनीनगर रेफर कर दिया। घटना के बाद ट्रक छोड़कर ड्राइवर और खलासी भाग निकले। पुलिस ने ट्रक के पहिए के नीचे दबे शव को निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच में भेजा।
इधर घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है। परिजनों के अनुसार अंकुश कोचिंग चलाता था। डाली गांव में कोचिंग खोलने के लिए साइड देखने गया था। वहां से लौटने के क्रम में दुर्घटना का शिकार हो गया।

### लालगुटुवा में राज्य स्तरीय जनसेवक समागम में शामिल हुईं कृषि मंत्री, कहा-

## वीएलडब्ल्यू अब 90 प्रतिशत कार्य कृषि, पशुपालन व सहकारिता का करेंगे



- जनसेवक का नाम बदलने को लेकर भी दिया गया है निर्देश



**वीएलडब्ल्यू विभाग की योजनाओं से जुड़ेंगे, तो काम की रफ्तार बढ़ेगी**

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि प्रोन्नति सहित दूसरी मांग को भी विभाग गंभीरता से लेगी। उन्होंने कहा कि जब वीएलडब्ल्यू विभाग की योजनाओं से जुड़ेंगे, तो काम की रफ्तार बढ़ेगी। नियुक्ति किसी विभाग में और स्थापना किसी और विभाग में, ऐसा करने से काम पर प्रभाव पड़ता है। पंचायती राज विभाग से वीएलडब्ल्यू का स्थापना वापस लेने के लिए विभागीय पत्राचार किया गया है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने राज्य भर के वीएलडब्ल्यू को आगाह करते हुए कहा कि आने वाले समय ऐसा कुछ ना करें कि सरकार के काम पर ऊंगली उठ सके। अपने काम के दम पर पहचान बनाना होगा।

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के लालगुटुवा में शनिवार को राज्य स्तरीय जनसेवक समागम का आयोजन किया गया। जनसेवक समागम को संबोधित करते हुए कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कई घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि झारखंड के वीएलडब्ल्यू अब 90 प्रतिशत कार्य कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग का करेंगे। पंचायती राज विभाग सहित दूसरे विभाग में अब वीएलडब्ल्यू की भूमिका ना के बराबर रहेगी। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा, वीएलडब्ल्यू की नियुक्ति कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा की गई है, जबकि वे पंचायती राज विभाग सहित दूसरे विभाग में काम कर रहे है। आज इस समागम में वीएलडब्ल्यू द्वारा कृषि विभाग के लिए काम किए जाने की ललक देख कर अच्छा लगा। मंत्री पद संभालने बाद से ही वीएलडब्ल्यू से **शेष पेज 11 पर**

## इंडिया

## नए भारत में हमारा नेता कैसा हो ब्रांडिंग वाला या कुशल प्रबंधक



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दौड़ में लगा है जिसमें तेज निर्णय और अग्रसोची विचारधारा वाले नेताओं की बड़ी भूमिका है क्योंकि कितनी भी बुद्धिमान और पेशेवर नौकरशाही हो या उन्हें जमीनी स्तर से लेकर भविष्य तक की सारी बातों से अवगत कराने वाली अनुभवी और मेहनती टीम हो पर अंतिम निर्णय करने वाले नेताओं की बात जब आती है तो हमारे सामने सफेद टोपी-कुर्ता पहने एक ऐसे नेता की छवि बनती है जो अपने विवेक से उसपर मुहर लगाता है जिससे किसी गांव,शहर,राज्य या देश का भविष्य निर्भर करता है। प्रजातंत्र में अंतोगत्वा सारे निर्णय या सारी शक्ति एक व्यक्ति की व्यक्तिगत सोच और व्यक्तित्व पर निर्भर करती है जिसके निर्णय से किसी गांव से लेकर राज्य या देश की खुशहाली या बदहाली तय होती है। विश्व के युद्धग्रस्त यूक्रेन से लेकर अफगानिस्तान, पाकिस्तान, श्रीलंका और पड़ोसी देश बांग्लादेश जो कपड़ा उद्योग का सबसे बड़ा निर्यातक देश में से एक था आज दिनों दिन बंदी और बबार्दी की राह पर है। भारत के भी अनेक राज्य अपने विशिष्ट नेताओं और उनकी निजी सोच के कारण विकसित,विकासशील या बीमारू श्रेणी में वगीर्कृत होते रहे हैं। पड़ोसी बिहार,यूपी,एमपी,बंगाल की पहचान कुछ दशकों पूर्व जो थी उसमें आज जो व्यापक परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं उसमें वहां के शीर्ष नेतृत्व की प्रमुख भूमिका रही है। कुछ राज्यों ने अपनी सोच बदली और नेताओं को बदला तब से इन राज्यों की बीमारू पहचान मिट गई जबकि कुछ की स्थिति पहले से भी चौपट हो गई। बैंगलुरु को या गुरुग्राम को यदि उदाहरण मानें तो आज दोनों शहरों की अंतरराष्ट्रीय पहचान कुछ दशकों में बनी जिससे आसपास तक के निवासी करोड़पति ही नहीं अरबपति बन गए और जब उन्होने इस बात का अनुभव किया कि उनके राज्य के इस शहर से कितने लाख लोगों का जीवन स्तर सुधार गया जहां पूरे भारत के युवा अपना भविष्य तलाशने जाते हैं।




दिल्ली से लगे नोएडा के बाद अब मेरठ सहित अनेक शहरों की सोच और अर्थव्यवस्था बदल गई है जबकि पारंपरिक सोच वाले अनेक नेता और पार्टियां जो जातियों या धर्म तथा क्षेत्रवाद के नाम पर भोली भाली जनता को लड़ाती रही हैं अभी भी लोगों को उसी में उलझा कर रखना चाहती हैं ताकि लोग जागरूक होकर अपने अधिकार न मांगने लगें जिससे उनकी नेतागिरी खतरे में न पड़ जाए। जब से भारत में शिक्षा का स्तर बढ़ा और सूचना क्रांति आई खास तौर पर टीवी और सोशल मीडिया तब से अनेक राज्यों के नेता इसका दुरुपयोग भी कर रहे हैं पर पल भर में अनपढ़ तक मोबाइल पर आधी अधूरी ही सही पर देश के बातों को समझने लगा है जिससे राजनीति थोड़ी परिपक्व हुई है पहले की तरह अब लोगों को हांक कर वोट लेने में कमी आई है। बड़ा सवाल यह है कि हमारा नेता कैसा हो ? कब तक हम जातीय या धार्मिक आधार पर ऐसे लोगों को नेता बनाते रहेंगे जो विधानसभा या संसद में हमारी बातों या समस्याओं को रख नहीं पाते। आज संसद और विधानसभा कि कार्यवाही टीवी पर लाइव या यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म पर कभी भी देखे जा सकते हैं जिससे हमें पता चलता है कि विधानसभा हाईकोर्ट की तरह और संसद सुप्रीम कोर्ट की तरह बौद्धिक बहस का मंच है जहां यदि जागरूक जनप्रतिनिधि न हो तो बातों को रख पाना संभव नहीं और शायद यही कारण है कि कुछ तेज तर्रार नेता अपने क्षेत्र में बहुत सारे काम करा लेते हैं जबकि अनेक पिछड़े क्षेत्र की बातें सदन में ठीक से रखी ही नहीं जातीं। पुरानी कहावत है महाजनो येन गतः स पन्थाः। अर्थात महापुरुष जिस मार्ग पर चलें वही सही मार्ग है । नेता का शाब्दिक अर्थ भी राह दिखाने वाला। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को आदर से कहा जाता था जिन्होने देशहित में श्रेष्ठ समझे जाने वाली आईसीएस की नौकरी छोड़कर भारत के लिए आजाद हिंद फौज का गठन कर भारत को आजादी दिलाने के लिए निर्णायक युद्ध लड़ा था। आज देशहित,राज्यहित की बात सुनने में बड़ी अजीब लगती है क्योंकि बड़े-बड़े पदों को सुशोभित करने वाले नेताओं के किस्से और उनकी जेल यात्राओं से आम आदमी का भ्रम टूट गया है जो इन्हें राजाओं के समान देवताओं का अंश मानती थी। चालाक नेता अपनी इमेज बनाने के लिए धार्मिक,खेलकूद या किसी भी भीड़भाड़ वाले कार्यक्रमों में मोटा चंदा देकर या जनता से वसूलकर अपनी फोटो सबसे आगे कर भारी भरकम राशि खर्च कर उपभोक्ता वस्तुओं की तरह अपनी ब्रांडिंग कराते हैं। बड़ीझबड़ी विज्ञापन कंपनियों को हायर किया जाता है। आम आदमी बार-बार किसी आदमी को मीडिया में देखकर उसे नेता स्वीकार कर लेता है जबकि कुशल नेतृत्व और सदन में सच्चा प्रतिनिधित्व करने की क्षमता वाला व्यक्ति जातीय,धार्मिक या धनबल से बने कृत्रिम लोकप्रियता के सामने टिक नहीं पाता। एक अध्ययन के अनुसार वोट देते समय प्रत्याशी में 45% ईमानदारी 13%. पार्टी 12% डिग्री 12% अनुभव 6% मैनिफेस्टो 5% लोकप्रियता 2% उम्र 2% और 2%. जाति-धर्म देखता है। आज विश्व सहित भारत प्रबंधन कौशल से अपने अधिकारियों को लैस कर रहा है जिसमें नेताओं को शामिल करने की जरूरत है।

## खूंटी में युवती की हत्या शव को जलाने का प्रयास



**नवीन मेल डेस्क**

**खूंटी।** कर्रा थाना के लोधमा ओपी क्षेत्र के मुरहू रेलवे फाटक के पास पारटांड़ नामक स्थान पर प्लास्टिक की बनी झोपड़ी में एक अज्ञात युवती की माथे पर गोली मारकर और गला रेतकर हत्या करने का मामला शनिवार को प्रकाश में आया है। स्थानीय लोगों ने आशंका जताते हुए कहा है कि हत्या के पहले संभवतः दुष्कर्म किया गया होगा और पहचान छिपाने के लिए अपराधियों ने शव को जलाने का प्रयास भी किया। घटना की सूचना मिलने पर कर्रा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। युवती के माथे से गोली आरपार हो गई है। घटनास्थल पर मौजूद पुलिस अधिकारियों और ग्रामीणों ने शव की स्थिति को देखते हुए यह भी संभावना जताई है कि युवती के साथ हत्या से पहले दुष्कर्म किया गया होगा। फिलहाल पुलिस ने वैज्ञानिक तरीकों और तकनीकी माध्यम से केस का खुलासा करने में जुटी है। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। घटना शुक्रवार देर रात की बताई जा रही है। यह इलाका काफी सुनसान और जंगल से सटा है, जहां शव मिला है। वह निमाय महतो के खलियान पर प्लास्टिक से बनी झोपड़ी है। इस स्थान से आधा किलोमीटर के दायरे में कोई घर नहीं है।

# बीडीओ के निरीक्षण में बंद मिला पंचायत सचिवालय



**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड़।** प्रखंड के लुंबा सतबहिनी पंचायत सचिवालय का बीडीओ ने निरीक्षण किया। निरीक्षण में समय से पहले बंद पाया गया। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण कुमार भगत ने बताया कि पंचायत सचिवालय जांच की सूचना बीपीआरओ द्वारा फोन के माध्यम से पंचायत सचिव अरविंद सिंह को दी गई थी, परंतु जांच को प्रभावित करने के लिए वे पंचायत सचिवालय को 3.15 पर बंद कर निकल गए। मोबाइल भी बंद कर दिया गया। रोजगार सेवक अवधेश विश्वकर्मा द्वारा पंचायत सचिवालय खोला गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि पंचायत सचिवालय की बायोमेट्रिक मशीन भी पंचायत सचिव अपने साथ रखते हैं, जिसके कारण रोजगार सेवक को प्रखंड कार्यालय में उपस्थिति दर्ज करानी पड़ती है।

### पोषण पखवाड़ा का आयोजन, सेविकाओं के बीच स्मार्ट फोन वितरित

# पोषण पखवाड़ा के तहत जागरूक कर नवजात शिशु को स्वस्थ्य बनाने की जरूरत: वित्त मंत्री



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** प्रखंड सभागर में वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने समाज कल्याण महिला व बाल विकास द्वारा उपलब्ध कराए गए स्मार्ट फोन आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाओं के बीच वितरित किया। स्मार्ट फोन वितरण से पहले वित्तमंत्री को सेविका ने तिलक लगाकर स्वावगत किया। मौके पर कार्यक्रम स्थल पर सेविकाओं द्वारा चावल,गेहूं,कुरथी,चना,मक्का से रंगोली बनाया था। नौडीहा बाजार प्रखंड की सेविका ने सब्जी,फल का स्टॉल लगया गया था। पोषण पखवाड़ा के तहत वित्तमंत्री ने पदाधिकारियों, सेविकाओं को शपथ दिलाया। वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि पोषण पखवाड़ा के माध्यम से जागरूक कर नवजात शिशु को स्वस्थ्य बनाने की जरूरत है। गर्भवती महिला को स्वस्थ्य रहना आवश्यक है, तभी नवजात शिशु स्वस्थ जन्म लेगा। गरीबी उन्मूलन के लिए छतरपुर प्रखंड व नौडीहा बाजार प्रखंड में कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने छतरपुर प्रखंड 20 व नौडीहा बाजार प्रखंड के 10 अंगबाड़ी सेविका के बीच स्मार्ट फोन का वितरण किया। उन्होंने छतरपुर पुलिस प्रशासन पर सुरक्षा को लेकर नाराजगी जाहिर की। छतरपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी ,अंचलाधिकारी, कार्यलय पदाधिकारी, स्थानीय प्रशासन के साथ सुरक्षा प्रदान करने के लिए शपथ लिया। साथ ही मीटिंग कर आये दिन हो रही घटना से निजात के लिए एक टीम गठित करने का निर्देश दिया। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, जिला परिषद सदस्य संजू देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी आशीष कुमार साहू,अंचल पदाधिकारी उपेंद्र कुमार, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी फैजुर रहमान अंसारी, सीडीपीओ शीला कुमारी, पूर्व प्रमुख रंजीत जायसवाल, 20 सूत्री अध्यक्ष गोपाल सिंह, मोहन जायसवाल,जाहिर अंसारी समेत काफी की संख्या में उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### जीईसी का एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के बसौरा स्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय पलामू के प्रांगण में एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का शुक्रवार को आयोजन किया गया। वहां लेस्लीगंज प्रखंड के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. श्वेता कुमारी, डॉ. राजीव रंजन, डॉ. अजय कुमार के नेतृत्व में 13 सदस्य दल ने पूरे चिकत्सा उपकरणों के साथ ग्राम बसौरा स्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के प्रांगण में छात्र-छात्राओं का इलाज किया। सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षक, कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर शिविर में भाग लिया व शिविर को सफल बनाया। शिविर के आयोजन में अभियंत्रण महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. संजय कुमार सिंह, कार्यक्रम के प्रोफेसर इन चार्ज श्रीनिपेन कुमार दास ने चिकित्सा दल के प्रभारी ने यह आश्वासन दिया कि आगे भविष्य में भी इस तरह का चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जायेगा।

### किसानों का न्यूनतम उत्पादित समर्थन मूल्य पर झारखंड सरकार फसल खरीद करेंः कृष्णा बैठा

**हुसैनाबाद।** व्यापार मंडल के हुसैनाबाद अध्यक्ष सह पलामू जिला पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने कहा हैं कि किसानों द्वारा उत्पादित फसल गेहूं, सरसों, चना, अरहर, मसूर मुख्य रबी फसल को भारत सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर झारखंड सरकार को खरीद करनी चाहिए, क्योंकि किसान बहुत मेहनत और लागत लगाकर खेती करते हैं। लेकिन खुले बाजार में बेचने पर फसल का उचित दाम नहीं मिल पाता है। जिसके कारण किसानों की दशा और दिशा में सुधार नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड के किसानों की आर्थिक स्थिति बहुत ही दयनीय है। किसान सबसे ज्यादा मेहनत कर फसल को उपजाते हैं और सभी भोजन सामग्री उपलब्ध कराते है, किसान को अन्नदाता भी कहा जाता है । फिर भी किसान को अच्छा, भोजन, अच्छा कपड़ा ,अच्छा मकान ,अच्छी चिकित्सा ,अच्छी शिक्षा ,नसीब नहीं हो पा रहा है। यह सब किसानों के लिए बहुत बड़ी समस्या है। इसलिए उन्होंने झारखंड के कृषि मंत्री एवं माननीय मुख्यमंत्री से मांग की है कि किसानों के लिए किसान विकास आयोग का गठन कर किसान को दशा और दिशा को बेहतर करने की दिशा में पहल करने की मांग की है।

### एनएसएस ने चलाया पोषण जागरूकता अभियान

**हुसैनाबाद।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय पटना के निर्देश पर शनिवार को एके सिंह कॉलेज जपला एनएसएस इकाई द्वारा गोद लिए हुए गांव कोरियाडीह में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत स्वयंसेवकों द्वारा घर-घर माता और बहनों से संपर्क कर पोषण आहार के प्रति जागरूक किया गया। इसके पूर्व एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी प्रो. राजेश कुमार सिंह के द्वारा उपस्थित ग्रामीणों, बच्चों एवं स्वयंसेवकों को पोषण आहार के प्रति शपथ दिलाई गई । प्राणी विज्ञान के विभाग अध्यक्ष जानकारी प्रो. राहुल कुमार सिंह के द्वारा पौष्टिक आहार के बारे में विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को दी गई। साथ ही साथ उन्होंने उचित सुझाव दिया। ग्रामीण एवं समाजसेवी राजेंद्र प्रसाद मेहता एवं कई माताओं ने पौष्टिक आहार पर चर्चा की। साथ ही घर-घर के बच्चों को जंक फूड खाने से परहेज करने के लिए और मोटे अनाज खाने पर बल दिया। स्वयंसेवकों में रिंकी कुमारी, दिव्या कुमारी, प्रिया कुमारी, नैंसी कुमारी, प्राजक्ता कुमारी, गौरव कुमार,आलोक कुमार, बंटी कुमार, कुंदन कुमार शर्मा सहित अनेक स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर माता और बहनों को एवं बच्चों को पौष्टिक आहार के बारे में विस्तृत जानकारी दी और बाजार से अनावश्यक सामान बच्चों को ना खिलाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर शिक्षकेत्तर कर्मचारी में प्रिंस कुमार सिंह, विवेक कुमार, मनीष कुमार सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

### अभियान, पोषण का मुखौटा लगा स्कूली बच्चों ने किया प्रदर्शन

**हैदरनगर।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में गीत संगीत के बीच जल सहियाओं ने जागरुकता दिखाने का काम की है। इसमें बभंडी पंचायत मुख्यालय स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र पर हाथ धुलाई कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाओं ने उपस्थिति दर्ज की है। जल व स्वच्छता मिशन के प्रखंड समन्वयक हरसु कुमार दयानिधि ने बताया कि पोषण पखवाड़ा में समाज कल्याण निदेशालय के जारी रोस्टर अनुसार प्रखंड स्तरीय जागरुकता कार्यक्रम में अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने में जलसहियाओं का शत प्रतिशत योगदान है। उन्होंने कहा कि इसे लेकर स्वयं गांवों तक स्वच्छता की नींव रखने के प्रति उन्हें लगातार प्रेरित किया जा रहा है। जलसहियाओं की वर्तमान सक्रियता की स्थिति यह है कि इन कार्यक्रमों में पोषण से संबधित गीत, संगीत व नाटय प्रतियोगिता का भी आयोजन करना शुरू किया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में जागरुकता के साथ ग्रामीणों में रुचि काफी बढ़ी है। द्वारा कई रोचक करतब संचालित किए जा रहें हैं। मध्य विद्यालय ईंटवा के बच्चों ने पोषण का मुखौटा लगाकरजागरुकता का सफल संचार किया है। जिसमें जल सहिया रिंकी देवी, सेविका प्रभा, सहायिका कुंती ने बच्चों को मुखौटा पहनाकर सभी वर्ग कक्ष में भ्रमण कराकर छात्र-छात्राओं का ध्यान आकर्षित करने का किया है। प्रखंड के संड़ेया, मोकहर खुर्द, सिंघना, बभंडी, रतन बिगहा, ईंटवा के विद्यालयों व आंगनबाड़ी में जलसहिया सीमा विश्वकर्मा, सरिता, नीलम, चंचल, सबाना प्रवीण सहित अन्य जलसहियाओं ने हाथ धुलाई कार्यक्रम को शपथ के साथ अभियान के रुप में लिया है।

## एक नजर

### संविधान निर्माता की मूर्ति स्थापना स्थल बदलने की मांग

**हरिहरगंज।** नगर पंचायत क्षेत्र के सतगांवा बांधपर मुहल्ला के लोगों ने बैठक कर अधिकारियों से बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की मूर्ति स्थापना के लिए प्रस्तावित भूमि बदलने की मांग की है। इसे लेकर उपायुक्त पलामू, एसडीओ छतरपुर, डीएसपी छतरपुर, अंचल पदाधिकारी हरिहरगंज, प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिहरगंज को आवेदन दी गई है। कहा गया है कि जिस भूमि पर बाबा साहब की मूर्ति स्थापित करने का कुछ लोगों द्वारा प्रयास किया जा रहा है, वहां पर पहले से ही सार्वजनिक शौचालय बना है। साथ ही वर्षों पहले बने शिव चबूतरा को अतिक्रमण बताकर प्रशासन द्वारा हटाया गया था। पुनः इस भूमि पर मूर्ति लगाना उचित नहीं है। आवेदकों ने कहा कि बाबा साहब भीमराव आंबेडकर सभी के लिए श्रद्धा व प्रेरणा के स्रोत हैं। उनकी मूर्ति लगाने का विरोध नहीं है।

# कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में नामांकन प्रक्रिया अंतिम चरण में

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, हैदरनगर एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, हुसैनाबाद में सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 6वीं में नामांकन की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। वार्डेन किरण कुमारी सिंह ने बताया कि झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, हैदरनगर में कक्षा 6वीं के लिए 50 सीटें निर्धारित हैं, जबकि कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, हुसैनाबाद में कुल 75 सीटों पर नामांकन होना है। दोनों विद्यालयों में चयन प्रक्रिया के तहत अनाथ बालिकाओं, एकल अभिभावक वाली बालिकाओं, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्ग की बालिकाओं, दिव्यांग बालिकाओं तथा दूरस्थ एवं वंचित क्षेत्रों से आने वाली बालिकाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। आवेदन जमा करते समय अभिभावकों को आवेदिका तथा माता-पिता/अभिभावक का आधार कार्ड, बीपीएल कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, बैंक खाता विवरण, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र तथा पासपोर्ट साइज के दो-दो फोटो (आवेदिका एवं अभिभावक के) संलग्न करना अनिवार्य है। वार्डेन ने बताया कि यह पहल बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, सामाजिक समावेशन सुनिश्चित करने तथा वंचित वर्ग की छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। विद्यालय प्रबंधन समिति ने सभी अभिभावकों से समय रहते आवेदन जमा करने की अपील की है, ताकि पात्र छात्राएं इस अवसर का लाभ उठा सकें।

# भगवान श्री राम की छठी महोत्सव , श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** चौक बाजार हैदरनगर स्थित श्री राम जानकी मंदिर में भगवान श्री राम की छठी महोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। शनिवार की सुबह से श्रद्धालुओं का मंदिर में जुटना शुरू हो गया था। इस महोत्सव में काफी संख्या में क्रमवार पहुंच कर महिलाओं ने कई पारंपरिक सोहर, बधाई गीत के साथ भजन कीर्तन गाकर गुंजायमान किया। इनकी हे रानी जुग जुग जियो तेरो ललनवा, हे रानी जुग जुग जीवे तेरे ललनवा... ललन अयोध्या में जन्मेला कई बड़ा निक लगेला जैसे गीत पर भक्तों ने झूमना शुरू कर दिया। भगवान श्री राम की विधि विधान से पूजन मंदिर के मुख्य पं. जयप्रकाश स्वामी ने करने के बाद कढ़ी चावल का भोग लगाया। भगवान श्री राम की महाआरती दोपहर 12 बजे प्रारंभ होने के बाद सभी भक्तों को पुजारी ने इस महोत्सव की बधाई दी। श्रद्धालुओं ने अपने परिवार की कुशलता, सुख- समृद्धि की कामना की प्रार्थना की। इसके बाद आयोजित भंडारे में सर्वप्रथम ब्राह्मणों को महाप्रसाद खिलाने के बाद सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन में सामजिक कार्यकर्ता डॉ. अजय जयसवाल, विरेन्द्र कुमार सोनी, राजू गुप्ता, रामप्रवेश मेहता, धनंजय सिंह, संतन चौधरी, मंटू मेहता, अभिराज गुप्ता ने बढ़ चढ़कर हाथ बंटाया है।

# फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन संघ की कमेटी भंग

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद के पंच सरोवर मंदिर परिसर में शुक्रवार को फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन संघ की बैठक में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों ने भाग लिया। उदय प्रसाद यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में डीलरों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा के बाद संघ का 2023 में बनी कमेटी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया। इस कमेटी का गठन अगली बैठक में करने पर सहमति बनी। बैठक में कहा गया कि अध्यक्ष द्वारा किसी भी समस्याओं को गंभीरता से नहीं लेने, व किसी दुर्घटना में मृत्यु के बाद इसका सही तरीके से पालन नहीं करने की लापरवाही के कारण कमेटी को भंग किया गया हैं। इसमें 65 डीलरों ने हस्ताक्षर कर सहमति जताई है। इस बैठक में मिथिलेश राम, जमील अहमद, रमेश कुमार, रविंद्र सिंह, अजीत चौधरी, दिनेश सिंह, संजय राम, प्रवीण कुमार, अरविन्द विश्वकर्मा, नरेश प्रसाद ,सत्यनारायण पाल,किरण कुंवर, प्रमोद सिंह, अवधेश पासवान, दीपक कुमार चौधरी, सुरेंद्र पासवान, विनोद पासवान, विजय राम, लल्लू पासवान, सरीता देवी, शोभा देवी, कमला देवी समेत कई पीडीएस दुकानदार मौजूद थे।

# जल सहियाओं ने संतुलित आहार के प्रति किया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा (8-22 अप्रैल) के तहत शनिवार को विभिन्न गांवों की जल सहियाओं ने संतुलित आहार के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा की। इस दिशा में ब्लॉक वाश को ऑडिनेटर प्रेमतोष पांडेय ने जल सहियाओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि पोषण पखवाड़ा में भजनियां की शकुंतला देवी के साथ ही पंसा पंचायत के रानी देवा में जल सहिया पूनम देवी और अधौरा में शारदा देवी के अलावा किरण कुमारी मोहम्मदगंज, मीना देवी गजरही,पूनम देवी पंचपोखरी, प्रतिमा देवी गंगापुर लंकासुर और माली गांव की जल सहिया मंजू देवी को कार्यक्रम को लेकर अभी तक इस सरकारी और सामाजिक दायित्व के प्रति जागरूक पाया गया। उन्होंने बच्चों, किशोरियों और महिलाओं को टीकाकरण के प्रति सजग करने के साथ ही उन्हें संतुलित आहार के प्रति जागरूक और प्रेरित किया है। इसमें उन्होंने उन्हें पोषण का मतलब बताते हुए शरीर को स्वस्थ व क्रियाशील रखने के लिए पोषक तत्वों की सही मात्रा व संयोजन के साथ सेवन करने की बात कही। उन्होंने बताया कि पोषक तत्व वे रासायनिक पदार्थ हैं, जो संतुलित आहार से मिलते हैं। अच्छा पोषण रोग के जोखिम को कम कर सकते हैं। संतुलित आहार एक ऐसा आहार है, जो समग्र स्वास्थ्य के लिए आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करता है। जिसमें कार्बन, प्रोटीन, वसा, विटामिन, खनिज और फाइबर युक्त भोजन शामिल हैं। यह ताजे फलों और सब्जियों को प्रोसेस्ड फूड्स पर प्राथमिकता देते हुए विविध प्रकार के भोजन सेवन को बढावा देते हैं। मांस, मछली, नट्स, बीन्स, फल, सब्जियां और डेयरी जैसे खाद्य पदार्थों में प्रोटीन, कैल्सियम, विटामिन ए, सी, डी, ई, मैग्नीशियम पोटेशियम और फाइबर जैसे लाभकारी पोषक तत्व होते हैं, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते है। वहीं, रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढाते हैं। इस प्रकार संतुलित आहार स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थों का चयन करने की प्रक्रिया है। सही अनुपात में खाना आहार को गुणकारी एवं संतुलित बनाने का तरीका है। संतुलित भोजन में काबोर्हाइड्रेट से कुल 60-70 कैलोरी,10-12 प्रतिशत प्रोटीन से जबकि 20-25 प्रतिशत कैलोरी वसा से प्राप्त होनी चाहिए। जलसहियाओं के साथ इसे लेकर बैठक में कई बच्चे, किशोरियां व महिलाएं शामिल थे। इसमें मौसमी फलों और सब्जियों को प्रदर्शित करते हुए उनके सेवन करने और उससे फायदे की जानकारी दी गई।

# भीम चूल्हा में सत्यनारायण भगवान की कथा की प्रस्तुति से भक्तिमय वातावरण बना



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** चैत पूर्णिमा पर शनिवार को पर्यटक स्थल भीम चूल्हा में श्रद्धालु परिवार ने भगवान श्रीविष्णु हरि श्रीसत्यनारायण व्रत कथा का श्रवण किया। कोयल नदी के पवित्र जल में स्नान के बाद आसन ग्रहण कराकर पंडित गंगा तिवारी ने विधिपूर्वक कथा का श्रवण कराया। श्रद्धालुओं ने इसके साथ ही पर्यटक स्थल परिसर में स्थित भगवान शिव व भीमबलि के मंदिर में भी पूजा-अर्चना की। इससे भक्तिमय माहौल बना रहा। पंडित गंगा तिवारी ने कहा कि मान्यता है कि इस कथा को पढ़ने और सुनने वाले लोगों की सभी प्रकार के मनोकामना की पूर्ति होती है। भगवान विष्णु का व्रत करने से सारे कष्ट दूर होते हैं। घर की शांति और सुख-समृद्धि के लिए भगवान सत्यनारायण की कथा विशेष लाभकारी होती है। ऐसा माना जाता है कि जो भी व्यक्ति सत्य को ईश्वर मानकर, निष्ठा के साथ इस व्रत कथा का श्रवण करता है, उसे मनमुताबिक फल की प्राप्ति होती है। पुराणों में यहां तक कहा गया है कि सत्यनारायण भगवान का कथा कराने से हजारों वर्ष किए गए यज्ञ के बराबर फल मिलता है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोगी सत्येंद्र कुमार चंद्रवंशी का बड़ा सहयोग मिला। उन्होंने बताया कि प्रायः हर पूर्णिमा पर यहां कोयल नदी के पवित्र जल में स्नान, दान, सत्यनारायण भगवान की कथा श्रवण को लेकर भी श्रद्धालुओं का आगमन होता है। इस प्रकार ऐतिहासिक महत्व का भीमचूल्हा पर्यटकों के आकर्षण के साथ ही श्रद्धालुओं की आस्था का महत्वपूर्ण केंद्र बन गया है।

## आस्था

### हनुमान जयंती पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# जय हनुमान के नारों से गूंजा बराही धाम



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** संकट मोचन श्री हनुमान जी की जयंती शनिवार को धूमधाम से मनाई गयी। इस अवसर पर कई हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गयी। पलामू की चर्चित बराही धाम परिसर स्थित दक्षिणमुखी हनुमानजी मंदिर में सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। दर्शन के लिये लंबी कतार लगी हुई थी। भक्तों द्वारा शौर्य व साहस के प्रतीक माने जाने वाले मारुति नंदन श्री हनुमान जी की पूजा अर्चना की गई। लोगों ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर हनुमान जी की प्रतिमा पर माला, चोला, सिंदूर लगाकर अपने मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना की। पूरा वातावरण जय श्रीराम, जय हनुमान के जयकारों से गूंजता रहा। वहीं कई मंदिरों भजन कीर्तन, सुंदरकांड, अभिषेक समेत अन्य धार्मिक कार्यक्रम हुआ, इस मौके पर बराही धाम परिसर में झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, उतर प्रदेश से काफी संख्या में श्रद्धालु दर्शन वा पूजन के लिए आए हुए थे। मालूम हो कि बराही धाम परिसर में स्थित, 108 फिट की दक्षिणमुखी हनुमान जी का बना प्रतिमा व वर्ष 7 मई 2022को प्राण प्रतिष्ठा हुआ था। इस प्रतिमा का निर्माण शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया गया था। इस धाम पर प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालुओं आते है, विशेषकर प्रत्येक मंगलवार को भव्य भंडारा का भी आयोजन किया जाता है।

# शिलापर गांव में पोषण जागरूकता व टीकाकरण अभियान चलाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय पंचायत अंतर्गत शिलापर गांव में राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा के तहत जल सहिया किरण कुमारी ने जागरूकता अभियान चलाया। मासिक टीकाकरण अभियान के तहत बच्चों व महिलाओं का टीकाकरण किया गया। जल सहिया ने इस मौके पर पोषण पखवाड़ा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इसमें सकारात्मक स्वास्थ्य व्यवहार को बढ़ावा देना है। उन्होंने इसके लिए आस पास के क्षेत्रों की साफ-सफाई, व्यक्तिगत और सामाजिक तौर पर विधिवत तरीके से हाथ धुलाई और संतुलित आहार के प्रति जागरूक और सजग रहने की अपील की। एएनएम सुरेखा कुमारी ने बताया कि इस दौरान मासिक टीकाकरण अभियान के तहत 8 बूस्टर डोज, 4 टीडी, 8 पेंटा और एक एमआर के टीके लगाए गए थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सीएचओ रामी किण्डो, आंगनबाड़ी सेविका ललिता देवी, स्वास्थ्य सहिया सावित्री देवी ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।

### रेलवे ट्रैक से अज्ञात का शव बरामद

**ऊंटारी रोड़।** पुलिस ने रेलवे ट्रैक से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। डीयू रेलखंड पर करकटा रेलवे स्टेशन व उंटारी रोड के बीच बांकी नदी पर बना रेलवे पुल के समीप (पोल संख्या 332/32-34) पर ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। शव डाउन लाइन के बगल में पड़ा था। जानकारी मिलते ही उंटारी रोड थाना प्रभारी प्रदीप दुबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# भाजपा सदस्यता सम्मेलन में सेवा पखवाड़ा के तहत नए कार्यक्रमों की रूपरेखा तय

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू भाजपा जिला कार्यालय में जिला उपाध्यक्ष अभिमन्यु तिवारी की अध्यक्षता में सक्रिय सदस्यता सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसे जिला महामंत्री ज्योति पांडे द्वारा संचालित किया गया। सभा के प्रभारी पूर्व सांसद ब्रजमोहन राम ने बताया कि भाजपा की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई थी और इस वर्ष पार्टी अपना 46वां वर्षगांठ मनाने के साथ-साथ सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों की घोषणा कर रही है। पूर्व सांसद ब्रजमोहन राम ने अपने संबोधन में निर्देशित किया कि कार्यकताओं को बूथ, पंचायत, मंडल और जिला स्तर पर अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। इसमें प्राथमिक सदस्यों के साथ संवाद, घर-घर झंडा संचालन, मोहल्लों में तिरंगा यात्रा, नुक्कड़ सभाएं, आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूल, गौशाला एवं मंदिरों में स्वच्छता अभियान जैसे कार्यों को अंजाम देना शामिल है। साथ ही, प्रत्येक बूथ में कम से कम 8 घंटे की प्रवास अवधि रखकर युवा, महिला, किसान और लाभार्थी केंद्रित गतिविधियां संपन्न करना आवश्यक घोषित किया गया। मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही 256 योजनाओं की जनता में जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित करने का भी विशेष जोर दिया गया। प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि मोदी सरकार के 11 साल के सफल कार्यकाल की बदौलत भाजपा न केवल चुनावी सफलताओं की ऊँचाइयों को छू रही है, बल्कि संगठनात्मक विस्तार में भी नए कीर्तिमान स्थापित कर चुकी है। उन्होंने आगे कहा कि अटल जी के 6 वर्षों और मोदी जी के 11 वर्षों के सेवाकाल में देश ने विकास की नई राह अपनाई है। ₹मेक इन इंडिया₹ और 'मेकिंग इंडिया' के प्रयास से समृद्ध भारत का सपना साकार हो रहा है। वर्तमान में भारत की अर्थव्यवस्था पांचवें स्थान पर है और 2047 तक पहले स्थान पर पहुंचने का लक्ष्य आत्मनिर्भर भारत के आधार पर ही संभव होगा। सम्मेलन में विजयानंद पाठक, नरेंद्र पांडे, अविनाश वर्मा, सीएस दुबे, उदय शुक्ला, विजय ओझा, धीरेंद्र दुबे, रूपा सिंह समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में शिव कुमार मिश्रा, धर्मेंद्र उपाध्याय, विजय कुशवाहा, सोमेश सिंह, छोटू सिंहा, श्वेतांग गर्ग, शुभम प्रसाद, सरवन गुप्ता, कुमार गौरव, वेद प्रकाश, किशन मखड़िया, संजय कुमार, शशि भूषण पांडे, राजेश सिंह, बैजनाथ प्रसाद, अजय सिंह, दिनेश प्रजापति, महेंद्र सिंह, रवि प्रसाद, महेश्वर सिंह, सुधीर प्रसाद, निवेदन अग्रवाल, राजहंस अग्रवाल, राजेश गुप्ता, नंदलाल गुप्ता, रीना किशोर, सीटू गुप्ता, मंजू देवी, शोभा देवी सहित कई सक्रिय कार्यकर्ता एवं नेता अपने-अपने विचारों से आयोजन को सफल बनाया।

# आशी केयर हॉस्पिटल में निशुल्क हृदय रोग परामर्श शिविर का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक सराहनीय पहल करते हुए आशी केयर हॉस्पिटल द्वारा शनिवार को निशुल्क हृदय रोग परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। हॉस्पिटल परिसर में आयोजित इस शिविर में सैकड़ों मरीजों ने भाग लिया और वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज प्रभात से निःशुल्क परामर्श प्राप्त किया। शिविर के दौरान मरीजों की ईसीजी, ब्लड प्रेशर, शुगर टेस्ट तथा इकोकार्डियोग्राफी जैसी आवश्यक जांचें भी पूरी तरह मुफ्त में की गईं।

हॉस्पिटल के निदेशक मनीष तिवारी ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य लोगों में हृदय संबंधी बीमारियों को लेकर जागरूकता फैलाना तथा समय पर जांच व इलाज के लिए प्रेरित करना है।

वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज प्रभात ने कहा कि आजकल की जीवनशैली में बदलाव के कारण हृदय रोग तेजी से बढ़ रहे हैं, किंतु समय रहते उचित परामर्श और जांच से इनसे बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि आशी केयर हॉस्पिटल भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक सेवा कार्यों का आयोजन करता रहेगा।

कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि पलामू एससी कुंदन कुमार, विशिष्ट अतिथि सदर सीओ अमरदीप बल्होत्रा, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. पीएन महतो एवं निदेशक मनीष तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर की गई।

इस अवसर पर उप निदेशक अमितेश पाण्डेय ने कहा कि 'नर सेवा ही नारायण सेवा है।' कार्यक्रम में डॉ. जयराम, डॉ. राहुल, ललन कुमार, प्रकाश तिवारी, आनंद प्रसाद, अभिषेक गुप्ता, साक्षी, कल्पना, फूलवंती, नेहा, रौशन, अमीषा, एहसान उल हक, असगर, प्रियंका, रिंकी समेत अस्पताल के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में गुब्बारा फोड़ प्रतियोगिता आयोजित

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, न्यू टाउनशिप, शाहपुर में शनिवार को प्री-नर्सरी से कक्षा प्रथम तक के बच्चों के लिए 'बलून फोड़ समारोह' का आयोजन किया गया। नए सत्र की शुरूआत को उल्लासपूर्ण बनाने और बच्चों में विद्यालय के प्रति रुचि विकसित करने हेतु यह गतिविधि कराई गई। छोटे बच्चों ने रंग-बिरंगे गुब्बारों के साथ गीतों पर शानदार प्रस्तुति दी। ''छोटा बच्चा समझ के हमको न आँख दिखाना रे'' और ''बम-बम बोले'' जैसे गीतों पर बच्चों के थिरकते कदम उनके उत्साह को दर्शा रहे थे। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. के. सिंह ने कहा कि गतिविधि आधारित शिक्षा पद्धति से न सिर्फ बच्चों की रुचि बढ़ती है, बल्कि विद्यालय और घर के वातावरण में सामंजस्य भी बैठता है। उन्होंने कहा कि ऑक्सफोर्ड स्कूल हमेशा बेहतर शैक्षिक और रचनात्मक माहौल देने के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यालय में यह आयोजन बच्चों की झिझक और डर को दूर कर उनमें आत्मविश्वास जगाने की दिशा में एक सफल प्रयास साबित हुआ।

# झारखंड आंदोलनकारियों को मिलेगा सम्मान, जल्द होगी मांगों की पूर्ति : वित्त मंत्री

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से शुक्रवार को झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संयोजक सतीश कुमार ने मुलाकात कर आंदोलनकारियों की समस्याओं पर चर्चा की। सतीश कुमार ने कहा कि झारखंड राज्य की स्थापना आंदोलनकारियों के लंबे संघर्ष और बलिदान का परिणाम है। उत्तराखंड व छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में आंदोलनकारियों को सम्मान पेंशन योजना का लाभ मिल रहा है, लेकिन झारखंड में अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने मंत्री से आग्रह किया कि यदि उनके प्रयासों से आंदोलनकारियों की समस्याओं का समाधान होता है, तो वे झारखंड राज्य के 'दूसरे बिरसा मुंडा' के रूप में सम्मानित होंगे। इस पर मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने आश्वासन दिया कि आंदोलनकारियों की आकांक्षाएं जरूर पूरी होंगी। सरकार संवैधानिक तरीके से कार्रवाई कर रही है और जल्द ही उनके चेहरे पर मुस्कान लौटेगी। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं झारखंड आंदोलनकारी हूं और उनकी पीड़ा को समझता हूं। सरकार शिक्षा, चिकित्सा और रोजगार के मोर्चे पर उनके परिवारों की गारंटी सुनिश्चित करेगी।

## बर्खास्त अनुसेवकों ने वित्त मंत्री से मिलकर पुनर्बहाली की लगाई गुहार

**मेदिनीनगर।** विज्ञापन संख्या 01/2010 के तहत वर्ष 2017-18 में नियुक्त किए गए 255 अनुसेवकों ने शनिवार को झारखंड सरकार के वित्त, वाणिज्य कर, योजना एवं संसदीय कार्य मंत्री से उनके आवास, नई मुहल्ला, डालटनगंज में मुलाकात कर पुनर्बहाली को लेकर मांग पत्र सौंपा। अनुसेवकों ने बताया कि उन्होंने लिखित परीक्षा पास कर काउंसलिंग के बाद ईमानदारी से अनुसेवक पद पर कार्य किया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के आदेश (सिविल अपील संख्या 13950-51/2025) के आलोक में उन्हें 1 मार्च 2025 को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। इससे सभी प्रभावित कर्मचारी सड़क पर आ गए हैं। उन्होंने मंत्री से अनुरोध किया कि कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राज्य भाषा विभाग, झारखंड सरकार से जल्द मंतव्य/अनुशंसा दिलवाने की पहल की जाए ताकि उपायुक्त रिभीव अपील में पक्ष रख सकें और सभी अनुसेवकों की पुनर्बहाली संभव हो सके। मुलाकात करने वालों में उपेंद्र कुमार पासवान, बिपिन बिहारी राम, सुरेंद्र मेहता, कृष्णा पासवान, अरूंजय सिंह, शंभू मांझी, सत्येंद्र कुमार मेहता, सुरेश कुमार सिंह, विवेका शुक्ला, सिकंदर शुक्ला, महबूब हमारी, अजय सिंह, नीरज कुमार, संजीत कुमार सहित बड़ी संख्या में अनुसेवक शामिल थे।

## कचहरी चौक पर वाहन जांच अभियान, 10 वाहन जब्त, 13 हजार से अधिक का जुर्माना



**मेदिनीनगर।** कचहरी चौक के पास शनिवार को यातायात नियमों को लेकर सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दोपहिया व चारपहिया वाहनों की जांच की गई। अभियान के दौरान कई बाइक चालकों को बिना हेलमेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस व ट्रिपल लोडिंग में पकड़ा गया। जांच में कुल 08 दोपहिया वाहन, 01 ई-रिक्शा टेंपो और 01 मिनी ट्रक को जब्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षा हेतु रखा गया। जब्त वाहनों को जिला परिवहन कार्यालय पलामू चालान व फाइन के लिए भेजा गया। 12 अप्रैल को कार्यालय से 12 दोपहिया वाहनों का चालान जारी हुआ, जिससे कुल 13,187 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

## राष्ट्रीय कंपनियों में कार्यरत श्रमिकों के पंजीकरण का अभियान शुरू

**मेदिनीनगर।** जिले में श्रम अधीक्षक एतवारी महतो के नेतृत्व में फ्लिपकार्ट, अमेजन समेत अन्य राष्ट्रीय स्तरीय कंपनियों से जुड़े डिलीवरी ब्वॉय, कैब ड्राइवर और गोदाम कर्मियों का ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण अभियान जारी है। यह अभियान आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत श्रमिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से 17 अप्रैल तक चलाया जाएगा। श्रम अधीक्षक ने बताया कि गिग और प्लेटफार्म श्रमिकों की पहचान कर उन्हें प्रज्ञा केंद्र या https://register.eshram.gov.in पोर्टल के माध्यम से पंजीकृत किया जा रहा है।

## पूर्व पुलिस अधिकारी करुणा शंकर दूबे को कांग्रेस नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रदेश एनएसयूआई के पूर्व महासचिव संजय दूबे के पिता व पूर्व पुलिस अधिकारी स्वर्गीय करुणा शंकर दूबे के निधन पर कांग्रेस नेताओं ने उनके पैतृक गांव पूर्वडिहा पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर रांची से पहुंचे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे, मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव, महासचिव डॉ. राजेश गुप्ता, लातेहार से पंकज तिवारी, पलामू से प्रदेश सचिव लक्ष्मीकांत तिवारी व रुद्र शुक्ला सहित अन्य नेता मौजूद रहे। नेताओं ने शोक-संतप्त परिजनों से मुलाकात कर संवेदना जताई और कहा कि स्व. करुणा शंकर दूबे एक कर्मठ, ईमानदार और कुशल पुलिस अधिकारी थे, जिनकी सेवा की पहचान रांची समेत राज्य के अन्य हिस्सों में थी। उनका असमय निधन अत्यंत दुखद है।

# वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी को लेकर सौंपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने शनिवार को जिला अध्यक्ष बिपिन यादव के नेतृत्व में नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय के कुलपति से मुलाकात की और परीक्षा परिणाम में अनियमितताओं को लेकर विद्यार्थियों की समस्याओं से अवगत कराया। बताया गया कि हाल ही में सत्र 2018-21 और 2019-22 की जेनेरिक पेपर परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को बेहद कम अंकों से अनुत्तीर्ण कर दिया गया है।

छात्रों का कहना है कि उत्तर पुस्तिकाओं की जांच में गंभीर त्रुटियां हुई हैं। इस संबंध में संगठन ने विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन सौंपा। परीक्षा नियंत्रक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया और कहा कि आवश्यकता होने पर परीक्षा पुनः आयोजित कराई जा सकती है। जिला उपाध्यक्ष कृष्णा यादव ने मांग की कि विश्वविद्यालय परीक्षा का अंकपत्र जल्द जारी करे, क्योंकि यह परिणाम काफी विलंब से आया है और छात्रों के भविष्य पर असर डाल रहा है। इस पर परीक्षा नियंत्रक ने शीघ्र अंकपत्र जारी करने की बात कही। ज्ञापन सौंपने के दौरान मणि, विभीषण, विक्रम, अरविंद, आयुष, अनिकेत, राहुल, उज्ज्वल सहित कई छात्र मौजूद थे।

# रजवाडीह मध्य विद्यालय में डॉ. अंबेडकर की जयंती पूर्व परिचर्चा का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** रजवाडीह मध्य विद्यालय में शुक्रवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन दर्शन और उनके सामाजिक योगदान पर आधारित परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। 14 अप्रैल को जयंती के अवसर पर अवकाश रहने के कारण यह आयोजन पूर्व में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इस मौके पर प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी के साथ शिक्षिका प्रियंका कुमारी, पूनम रानी, शिक्षक विजय कुमार ठाकुर, लैब इंस्पेक्टर अनूप कुमार मिश्रा एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

प्रधानाध्यापक श्री तिवारी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे मजबूत हथियार मानते थे। उनका विचार था कि शिक्षा ही वह शक्ति है, जो लोगों को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाती है।

उन्होंने यह भी कहा कि डॉ. अंबेडकर का नाम लेना आसान है, लेकिन उनके विचारों और मूल्यों को जीवन में उतारना कहीं अधिक जरूरी है। एक बेहतर समाज की नींव तभी रखी जा सकती है, जब नागरिक संविधान का सम्मान करते हुए आचरण करें।

विद्यालय में आयोजित यह कार्यक्रम बच्चों में सामाजिक चेतना और संविधान के प्रति समझ बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

### 15 छात्रों को मिला नकद पुरस्कार, 30 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल से नवाजा गया

# कैंब्रिज पब्लिक स्कूल के छात्रों ने इंटरनेशनल मैथ्स ओलंपियाड में लहराया परचम

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** कैंब्रिज पब्लिक स्कूल, मेदिनीनगर के छात्रों ने साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल मैथ्स ओलंपियाड के दूसरे राउंड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर 15 विद्यार्थियों को 1000-1000 रुपये की प्रोत्साहन राशि, वहीं 30 छात्रों को गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। विद्यालय के प्राचार्य ई. नंदकिशोर भारती ने इस अवसर पर सभी सफल छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के समर्पित शिक्षकों, आधुनिक शिक्षण प्रणाली और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कैंब्रिज पब्लिक स्कूल का प्रयास हमेशा से रहा है कि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी कक्षा स्तर से ही तैयार किया जाए।

### सम्मानित छात्र-छात्राओं में प्रमुख रूप से शामिल हैं

**वर्ग 1 :** सानवी दुबे, दिव्या बाखला, स्मृति कुमारी, अनिकेत तिवारी, हर्ष कुमार, तन्वी सिंह, रौनक कुमार, रवि राज, आदित्य कुमार

**वर्ग 2 :** अक्षीत राज तिवारी, युवराज सिंह, दिव्या कुमारी, तमन्ना कुमारी, प्रमाण कुमार, अमन कुमार, आदित्य प्रकाश शुक्ला, गीता कुमारी, दीपांशु कुमार, काजल बानो, सृष्टि जिया

**वर्ग 3 :** संजीव कुमार, सत्यम कुमार, सक्षम तिवारी

**वर्ग 4 :** लकी कुमार, हर्षित राज सिंह, दिव्या कुमारी, शुभम कुमार तिवारी, अंकित कुमार, आर्यन मींज, पूजा कुमारी, इशांत कुमार तिवारी, अभिनव कुमार, विवेक कुमार, आशिक कुमार, प्रभात कुमार, प्रतिज्ञा एंद

**वर्ग 5 :** आयुष कुमार, अभय कुमार, अंकित कुमार तिवारी, सचिन कुमार तिवारी

**वर्ग 6 :** कृति कुमारी, रितिक कुमार

**वर्ग 8 :** मनीष कुमार यादव, श्रुति कुमारी

सभी सफल छात्रों को गिफ्ट वाउचर एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर विद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं काजल कुमारी, अर्चना पांडेय, अनु दूबे, प्रिया दूबे, सतीश कुमार, रोहित कुमार, पूजा गुप्ता, आकाश कुमार, पूनम तिवारी, सब्या सिंह, रीता सिंहा, स्नेह सुरभि, प्रिया रंजनी, साक्षी तिवारी, शिखा दुबे, निभा कुमारी, साक्षी कुमारी, स्वर्णा तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# सकारात्मक सोच व समर्पण से ही विद्यार्थी बनते हैं श्रेष्ठ : अविनाश देव



● **संत मरियम स्कूल प्रबंधन द्वारा शिक्षकों के लिए संगोष्ठी का आयोजन, शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने पर जोर**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल प्रबंधन द्वारा शनिवार को रेड़मा स्थित जयश्री होटल में नए शैक्षणिक सत्र के मद्देनजर शिक्षकों के साथ एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय प्रबंधन की पूरी टीम एवं सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि शिक्षक देश के कर्णधार होते हैं और उनके समर्पण व मेहनत से ही विद्यार्थी उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ते हैं। उन्होंने शिक्षकों से सकारात्मक सोच, ऊर्जा और लगन के साथ छात्रों को पढ़ाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि विद्यालय में विभिन्न विषयों में दक्ष शिक्षक मौजूद हैं और अब छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए और बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने हेतु संत मरियम स्कूल ने मेंटर्स एड्यूसर्व के साथ एसआईपी किया है। इसका उद्देश्य है कि पलामू के छात्र भी नीट, जेईई जैसी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करें और जिले का नाम रोशन करें। अविनाश देव ने सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें विद्यालय की प्रगति का सहभागी बताया। इस अवसर पर प्राचार्य कुमार आदर्श, उप प्राचार्य एसबी साहा, संत मरियम किड्स स्कूल चैनपुर के निदेशक आनंद कुमार सहित अन्य शिक्षकों ने भी विचार व्यक्त किए।

## एक नजर

### चैता दुगोला का मुकाबला आज



**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चटनिया पंचायत के पिपरडीह गांव स्थित पेट्रोल पंप के बगल में रामनवमी पर्व के शुभ अवसर पर रविवार को चैता दुगोला कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया है। वहां दो राज्यों बिहार व झारखंड के बीच मुकाबला होगा। सुप्रसिद्ध गायक शिव शंकर यादव व महावीर यादव अपना जलवा बिखेरेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कांडी प्रखंड प्रमुख नारायण यादव होंगे, जिनके द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। यह जानकारी कमेटी के उपाध्यक्ष सत्येंद्र रजवार ने दी। उन्होंने दर्शकों से आग्रह करते हुए भारी संख्या में पहुंच कर लुफ्त उठाने की अपील की है। मौके पर कमेटी के अध्यक्ष रघुनाथ साह, सचिव सुखनंदन यादव, कोषाध्यक्ष मुखिया प्रतिनिधि लालू यादव, उप सचिव सतीश कुमार पांडेय, उप कोषाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार गुप्ता व अवधेश रजवार, छठन रजवार, मोतीलाल यादव, चंद्रमा यादव, शिवनाथ यादव, संजय मेहता, संजय साह, गोरख शर्मा, सोनू कुमार, सुरेंद्र साह, मुंद्रिका रजवार सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

# एफसीआई गोदाम का उपसचिव ने किया निरीक्षण

**रख-रखाव पर विशेष ध्यान रखने का निर्देश**



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** झारखंड सरकार के खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के उपसचिव रामकृष्ण कुमार ने शनिवार को भवनाथपुर स्थित भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) गोदाम का औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण झारखंड सरकार के सचिव द्वारा जारी उस निर्देश के आलोक में किया गया, जिसमें राज्य के सभी गोदामों की स्थिति, साफ-सफाई व रख-रखाव की समीक्षा करने को कहा गया था। निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत में उपसचिव रामकृष्ण कुमार ने बताया कि सरकार गोदामों की स्थिति सुधारने को लेकर गंभीर है। इस क्रम में भवनाथपुर एफसीआई गोदाम का निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान गोदाम में साफ-सफाई से लेकर भंडारण की स्थिति तक की जांच की गई। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान जो भी कमियां या त्रुटियां पाई गई हैं, उन्हें एक निर्धारित फॉर्मेट में भरकर विभाग को सौंपा जाएगा, ताकि आवश्यक सुधार की दिशा में कदम उठाया जा सके। निरीक्षण के दौरान एजीएम (एफसीआई) शिव कुमार यादव एवं गोदाम ऑपरेटर दुर्गेश ठाकुर भी उपस्थित रहे। दोनों अधिकारियों ने उप-सचिव को गोदाम की मौजूदा स्थिति, स्टॉक की मात्रा और भंडारण प्रक्रिया की जानकारी दी। उप-सचिव ने साफ तौर पर निर्देश दिया कि गोदाम की साफ-सफाई नियमित रूप से सुनिश्चित की जाए और अनाज की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए आवश्यक सभी उपाय किए जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि जनता तक गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित खाद्यान्न पहुंचे, इसलिए गोदामों की स्थिति में सुधार अति आवश्यक है।

## दीदी महिला योजना का हुआ शुभारंभ

**रंका।** दीदी महिमा योजना का शुभारंभ रंका प्रखंड प्रमुख अनुभा सिंह, रंका मुखिया रजीत सोनी, थाना प्रभारी चेतन कुमार ने फीता काटकर शनिवार को किया। कार्यक्रम का आयोजन रंका प्लस टू हाई स्कूल के मैदान में किया गया था। इस संबंध में रंका प्रखंड प्रमुख अनुभव सिंह ने कहा कि रंका प्रखंड के वैसे सभी ग्रामीण लड़कियों को ई रिक्शा, स्कूटी, निःशुल्क सिखाई जाएगी। सीखने वाली महिलाएं व लड़कियों को सरकार द्वारा निःशुल्क ट्रेनिंग दी जाएगी। ट्रेनिंग के बाद सभी को सर्टिफिकेट भी प्राप्त होगा। इसके माध्यम से उन्हें मुद्रा लोन भी मिलेगी, जिससे वह आत्मनिर्भर बन सकते हैं। सभी को लाइसेंस भी मुहैया कराई जाएगी। मौके पर पंकज तिवारी उर्फ सोनू, सूरज चंद्रवंशी, सोनू मद्धेशिया सहित अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुंडी में नामांकन को लेकर बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली



**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुंडी में शनिवार को विद्यालय के पोषक क्षेत्र में स्कूली बच्चों द्वारा नामांकन अभियान को लेकर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक गोविंद उरांव ने की। रैली का उद्देश्य समुदाय के अभिभावकों को बच्चों के विद्यालय में नामांकन के लिए प्रेरित करना था, जिससे शत-प्रतिशत बच्चों को स्कूल से जोड़ा जा सके। रैली में विद्यालय के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और बेटा-बेटी एक समान, स्कूल भेजें हर इंसान, शिक्षा है अनमोल रतन, पढ़ेगा इंडिया तभी तो बढ़ेगा भारत जैसे प्रभावशाली स्लोगनों के माध्यम से लोगों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया। बच्चे हाथों में रंग-बिरंगे पोस्टर और बैनर लिए हुए थे, जिन पर शिक्षा और नामांकन को लेकर प्रेरणादायक संदेश लिखे गए थे। प्रधानाध्यापक गोविंद उरांव ने बताया कि वर्तमान में विद्यालय में नामांकन अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत कक्षा प्रथम और कक्षा षष्टम में नामांकन लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की रैलियों का उद्देश्य अभिभावकों को यह समझाना है कि बच्चों को शिक्षा से जोड़ना कितना जरूरी है। शिक्षा के बिना समाज का समुचित विकास संभव नहीं है।इस जागरूकता अभियान में शिक्षक श्यामराज गुप्ता, कुंजविहारी यादव, नवलेश सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

### आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

**भवनाथपुर।** पीएम श्री उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाघरा भवनाथपुर में शनिवार को सत्र 2024-2025 में अध्ययनरत आठवीं कक्षा के छात्रों के लिए विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों व प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थिति थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीआरपी उपेंद्र कुमार सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षक राम नंदन बैठा, उप मुखिया बैश खान, बीपीओ रविंद्र मेहता तथा प्रधानाध्यापिका उर्मिला कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की।इस मौके पर बीपीओ रविंद्र मेहता ने कहा कि मेहनत और ईमानदारी के बल पर ही जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने ने सभी बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के शिक्षक राकेश कुमार चौबे ने छात्रों से कहा कि मेहनत ही सफलता की कुंजी है और आप बड़े से बड़े पद प्राप्त कर अपने माता-पिता व क्षेत्र का नाम रोशन कर सकते हैं। आज के बच्चे कल के भविष्य है सभी बच्चे मेहनत और लगन से पढ़ाई करें। प्रधानाध्यापिका उर्मिला कुमारी ने बच्चों को अच्छे नागरिक बनने और समाज में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने की सीख दी। कहा कि स्कूल ही एक ऐसा मंदिर है, जहां बच्चों का भविष्य संवरता है। कार्यक्रम में गुलनाज परवीन, सुप्रिया कुमारी, खुशबू कुमारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम को रंगारंग बनाने के लिए छात्राओं अभिनंदन, माया और ज्योति कुमारी ने गीत एवं नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। समारोह में आठवीं कक्षा के बच्चों को कॉपी, कलम व एक-एक पौधा भेंट कर पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक उदय कुमार, चंदेश्वर कुमार की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन राकेश कुमार चौबे एवं धन्यवाद ज्ञापन उर्मिला कुमारी ने की।

## गुरु गोष्ठी में 151 विद्यालय के प्राचार्य ने भाग लिया



**नवीन मेल संवाददाता**

**रंका।** प्रखंड शिक्षा संसाधन केंद्र बीआरसी में शनिवार को गुरु गोष्ठी का आयोजन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी की अध्यक्षता में हुई। प्रखंड शिक्षा संसाधन केंद्र बीआरसी में 151 सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया है। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रंभा चौबे, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दुबे द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गुरु गोष्ठी में विद्यालय को संचालन के लिए एक-एक बिंदु पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी व प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रंभा चौबे द्वारा विस्तार से चर्चा की गई। विद्यालय में एडमिशन पर विशेष चर्चा की गई । सभी प्रकार के विद्यालय का रिपोर्ट स समय बीआरसी, सीआरपी में जमा करने का निर्देश दिया गया। मौके पर बीआरसी एकाउंटेंट अभय कुमार, रंका बुनियादी सीआरपी देवेंद्र नाथ उपाध्याय, दौनादाग सीआरपी संजय प्रसाद, प्रदीप एक्का, बीआरपी महूब अंसारी, एमआईएस अनुज कश्यप, लेखपाल रामबदन राम, कंप्यूटर ऑपरेटर शशि ठाकुर, एमडीएम प्रभारी विनोद ठाकुर, 51 विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक व प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

## शिक्षक पर छात्रा की पिटाई का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** निजी विद्यालय संत जेपी में शिक्षक ने एक छात्र को केवल दो शब्द नहीं याद करने के कारण बेरहमी से पिटाई करने का मामला प्रकाश में आया है। छात्र ने पिटाई के बाद घर पहुंच कर पूरे मामले की जानकारी अपने अभिभावक को दी। बताया जाता है कि मोहम्मद नूर आलम के पुत्र एहसान रजा संत जेपी पब्लिक निजी विद्यालय के वर्ग दो में पढ़ता है। उसे गृह कार्य में 10 अंग्रेजी के शब्द याद करने को मिला था। छात्र एहसान रजा ने आठ शब्द याद कर लिया था, लेकिन दो शब्द याद नहीं हुआ। इस बात को लेकर विद्यालय के शिक्षक ने विद्यालय के छत पर ले जाकर बांस की छड़ी से बुरी तरह से पिटाई कर दी। इस घटना के बाद डरा सहमा छात्र घर पहुंच कर आप बीती अपने घर वालों बताया। घरवालों ने उक्त छात्र के कपड़े उतरवा कर देखा तो छड़ी के गहरे निशान शरीर पर बने हुए थे। इसकी शिकायत पीड़ित छात्र के पिता ने रमना थाना में लिखित आवेदन देकर कानूनी कारवाई की मांग की है। इस संबंध में इस विद्यालय के संचालक रोहित रंजन ने बताया की ऐसी कोई बात नहीं है। उन्होंने बताया की मुझे इस मामले में थाना बुलाया गया था। वहां अपना पक्ष रख दिए हैं।

### शाहपुर हाशिम शाह के मजार पर दो दिवसीय सालाना उर्स शुरू

**चैनपुर।** प्रखंड के शाहपुर स्थित हजरत हाशिम शहदता रजी अल्लाहु ताला अन्हू के मजार पर शनिवार से दो दिवसीय सालाना उर्स शुरू हो गई है। मजार कमेटी के सदर इस्तखार अहमद ने बताया कि हर साल की भांति इस साल भी हजरत हाशिम शाह दाता के मजार पर 525 वां सालाना उर्स मनाया जा रहा है। इस मौके पर दूर-दूर से काफी संख्या में सभी धर्म के हकीकतमंद बाबा के मजार पर आते हैं अपनी मुरादे पाते हैं। शनिवार की सुबह बाद नमाज फजिर गुसूल के साथ का दो दिवसीय उर्स शुरू हो गया है। इस मौके पर कमेटी की और मजार फुल व लाइट बत्ती से सजाया गया है ।जायरीन को किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो। उसको सफल बनाने के लिए समिति के सदर इस्तखार अंसारी, नायब सदर इकबाल कुरैशी, सेक्रेटरी अकबर कुरेशी, सेक्रेटरी अफजल खान, खजांची अनवर खलीफा , मनउवर खान आदि ने अपने भूमिका निभाई।

## बीडीओ ने की समीक्षा, समय पर आवास पूर्ण करने का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को बीडीओ प्रशांत कुमार ने मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवकों के साथ पीएम, अबुआ आवास, मनरेगा की समीक्षा बैठक की। उक्त बैठक में बीडीओ ने प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में चल रहे प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास और मनरेगा योजना की बारी-बारी से समीक्षा की। बीडीओ ने प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास को समय पर पूर्ण कराने का निर्देश कर्मियों को दिया। उन्होंने कहा कि जिन लाभुकों को प्रथम किशत कि राशि भुगतान हो गया है, उससे प्लींथ लेवल तक काम कराकर द्वितीय किशत कि राशि भुगतान कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन लाभुकों का द्वितीय किशत मिल गया है, उनका डोर लेबल तक कार्य कराएं। बीडीओ ने मुखिया, प्रखंड कर्मी, स्वयं सेवकों को प्रत्येक लाभुकों से मिलकर आवास निर्माण तेजी से पूर्ण कराने को कहा। उन्होंने कहा कि वैसे लाभुक जिन्हें, अबुआ आवास, पीएम आवास का लाभ नहीं मिला है। वैसे योग्य लाभुकों का नाम आवास प्लस कि सूची में जोड़ें। मनरेगा योजना में पुरानी योजनाओं को शत-प्रतिशत बंद करते हुए आम बागवानी, दीदी बाड़ी योजना चालू करने को कहा। बैठक में मुखिया मूंगा साह, प्रमोद कुमार, श्याम सुंदर बैठा, मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन गुप्ता, कलेंदर पासवान, सीताराम शर्मा, बीपीओ नीरज कुमार पाल, पंचायत सचिव राम सुरेश राम, आदित्य कुमार, आयुषी चौबे, समन्वयक राकेश कुमार, रोजगार सेवक धीरेन्द्र विश्वकर्मा, रामकुमार प्रजापति, दीपक जयसवाल, सुधांशु यादव, विनय कुमार, पंकज सिंह, सहित अन्य मौजूद थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सहिया को मलेरिया सर्वे को लेकर दिया प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर के सभागार में शनिवार को मलेरिया इंचार्ज विद्यानंद प्रजापति द्वारा सहिया और सहिया साथियों को मलेरिया से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी मलेरिया मास सर्वे को सफल बनाना है, जो 12 से 25 अप्रैल तक पूरे प्रखंड क्षेत्र में चलाया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान मलेरिया इंचार्ज ने बताया कि इस सर्वे के अंतर्गत केवल उन मरीजों की जांच की जाएगी, जिन्हें बुखार है या जो बुखार से ग्रसित हैं। सहिया और सहिया साथियों को ब्लड सैंपल लेने की प्रक्रिया, सावधानियों और जांच रिपोर्ट को सही ढंग से दर्ज करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यानंद प्रजापति ने कहा कि यह सर्वे मलेरिया नियंत्रण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके माध्यम से क्षेत्र में छिपे मलेरिया के मामलों की पहचान कर उन्हें समय पर इलाज मुहैया कराया जाएगा। साथ ही उन्होंने सभी सहिया साथियों से सर्वे कार्य को गंभीरता से लेने और सही तरीके से फील्ड में काम करने की अपील की।

## जिला स्तरीय शुल्क समिति का गठन, उपायुक्त ने दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभाकक्ष में शिक्षा विभाग के तहत जिला स्तरीय शुल्क समिति के गठन के लिए बैठक आयोजित की गई। साथ ही पीएस पोषण (मध्याह्न भोजन) योजना अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी बैठक कर बिंदुवार समीक्षा की गई। सर्व प्रथम झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण (संशोधन) अधिनियम, 2017 के आलोक में शुल्क समिति गठित करने के संबंध में बैठक आयोजित की गई। जिसमें समिति के गठन के लिए झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण संशोधन अधिनियम 2017 की धारा 7 (अ) (1) के आलोक में सरकार ने निजी विद्यालयों द्वारा लगाए गए शुल्क विनियमित करने के लिए प्रत्येक विद्यालय स्तर पर फीस समिति निर्धारित शुल्क के विरुद्ध विद्यालय स्तरीय शुल्क समितियां प्रबंधन द्वारा निर्दिष्ट किए गए हैं। उक्त अधिनियम के सुसंगत प्रावधानों के आलोक में उपायुक्त शेखर जमुआर ने 15 दिनों के अंदर जिला स्तरीय शुल्क समिति गठित करने के लिए पूर्व में ही निर्देश दिया था। इसके अनुपालन में जिला स्तरीय शुल्क समिति गठित किया गया। समिति के अंतर्गत उपायुक्त अध्यक्ष, जिला शिक्षा पदाधिकारी पदेन सदस्य सदस्य सचिव (माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के लिए), जिला शिक्षा अधीक्षक पदेन सदस्य-सदस्य सचिव (प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों के लिए), जिला परिवहन पदाधिकारी पदेन सदस्य, सनदी लेखाकार (चार्टड एकाउंटेंट) सदस्य, निजी विद्यालय के दो प्राचार्य सदस्य, दो माता पिता समिति द्वारा नामित सदस्य तथा संबंधित क्षेत्र के सांसद एवं विधायक सदस्य के रूप में शामिल हैं। इसके बाद पीएस पोषण (मध्याह्न भोजन) योजना अंतर्गत जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटे के लिए बैठक में बिंदुवार समीक्षा की गई। विद्यालयों द्वारा एसएमएस के माध्यम से मध्याहन भोजन संचालन की सूचना उपलब्ध कराने, पीएस पोषण (मध्याहन भोजन) योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रखंडवार खाद्यान्न वितरण, पीएस पोषण (मध्याहन भोजन) योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 का माहवार ऑन लाईन डाटा एंट्री करना है। प्रखंड स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेट की बैठक की समीक्षा व वित्तीय वर्ष 2023-24 में किचेन सह स्टोर मरम्मति की अद्यत्न स्थिति आदि की समीक्षा कर निर्देश दिए गए। बैठक में जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज, सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी चिनिया, रमना एवं रमकंडा समेत शिक्षकगण मौजूद थें।

## खेल से शारीरिक मानसिक मजबूती मिलती है: लालमोहन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** प्रखंड के सोहबरिया गांव में शनिवार को वीरांगना फूलन देवी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि डॉक्टर लालमोहन ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फीता काटकर व बॉल को हिट कर किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि लालमोहन ने कहा कि स्थानीय लोगों के द्वारा खेल का आयोजन करने से युवा खिलाड़ियों को हुनर दिखाने का अवसर मिलता है। साथ ही सुदूरवर्ती इलाको में भी खेल से जुड़े रहने का खिलाड़ियों को सहूलियत होती है। इन्हीं खिलाड़ियों के बीच से प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर धोनी जैसा खिलाड़ी निकल सकेंगे। खेल से खिलाड़ियों को शारीरिक मानसिक मजबूती के साथ-साथ अनुशासन का सिख भी मिलता है। भाजपा पार्टी जब सत्ता में थी तो खिलाड़ियों के प्रतिभा को निखारने के लिए पंचायत स्तर पर कमल क्लब का गठन कर प्रोत्साहन राशि भेज कर खेल खेलाना शुरू किया गया था। परंतु वर्तमान सरकार द्वारा खिलाड़ियों को कोई सुविधा न प्रदान कर उनके प्रतिभा को कुंठित करने का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम के अध्यक्ष अनिल कुमार चौधरी ने कहा कि तेनार पंचायत के सभी 13 वार्डो के खिलाड़ियों के बीच खेल खेला जाएगा। कार्यक्रम का संचालन प्रभु चौधरी के द्वारा किया गया। इस उद्घाटन मैच में वार्ड नंबर 6 और वार्ड नंबर 10 के बीच खेला गया। जिसमें वार्ड नंबर 6 ने विजय प्राप्त किया। मैन ऑफ द मैच सरवन चौधरी को दिया गया। इस मौके पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रितेश चौबे, युवा मोर्चा उतरी मंडल अध्यक्ष रामाकांत गुप्ता, रूपू महतो, धनंजय चौधरी, वीरेंद्र चौधरी संतोष चौधरी, संतोष कुमार, रमेश कुमार, मनोज कुमार, पप्पू कुमार, अशोक कुमार, आशीष कुमार ठाकुर, महेंद्र, ललन, सोनू, सचिन, देवेंद्र सहित कई लोग शामिल थे।

**कार्यालय :-उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, गढ़वा**
**(जिला आपूर्ति शाखा)**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड राँची के संकल्प संख्या 3102 दिनांक 09.10.2014 के आलोक में मुख्यमंत्री दाल–भात योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025–26 के लिए गढ़वा जिला में अवस्थित दाल–भात केन्द्रों पर चावल, चना एवं सोयाबीन बड़ी आपूर्त्ति किया जाना है। जिला/अनुमण्डल स्तर के कन्द्रों के लिए प्रति केन्द्र प्रतिमाह 18.00 क्वींटल उसना चावल और 1.05 क्वींटल चना/सोयाबीन बड़ी तथा प्रखण्ड स्तर के केन्द्रों को प्रतिमाह 12.00 क्वींटल उसना चावल और 75 किलोग्राम चना/सोयाबीन बड़ी मात्रा के अनुसार आपूर्ति करने हेतु इच्छुक व्यक्ति एवं निम्नांकित अहर्त्ता रखने वाले विक्रेता से 25.04.2025. को 03:00 बजे अपराहन् तक निविदा आमंत्रित किया जाता है।

निविदा की आवश्यक शर्त्तें एवं विस्तृत विवरणी prdjharkhand.gov.in या garhwa.nic.in पर देखा जा सकता है।

PR 350281 Food Public Distribution and Consumer Affairs(25-26)#D
जिला आपूर्ति पदाधिकारी, गढ़वा
अपर समाहर्त्ता–सह–वरीय पदाधिकारी, जिला आपूर्ति शाखा, गढ़वा
उपायुक्त, गढ़वा

## भक्ति

### नारायण वन में कलश यात्रा के साथ सूर्य सहस्वार्चन महायज्ञ शुरू

# गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा में शामिल हुए श्रद्धालु



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड के मुकुन्दपुर गांव स्थित सूर्य नारायण वन में चौथा स्थान दिवस पर श्री सूर्य सहस्वार्चन महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों कि संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। गाजे-बाजे के साथ कलश-यात्रा सूर्य मंदिर नारायण वन से होकर मुकुंदपुर गांव का परिक्रमा करते हुए पंडा नदी तट पहुंची। वहां यज्ञाचार्य सौरभ भारद्वाज ने विधिः विधान से मंत्रोच्चार कर श्रद्धालुओं के कलश में जल भराया। श्रद्धालु कलश में जल लेकर जयकारा लगाते हुए पुनः सूर्य नारायण वन पहुंच कर कलश स्थापित किए। इसके साथ ही तीन दिवसीय श्री सूर्य सहस्वार्चन यज्ञ शुरू हो गया। नारायण वन में प्रतिदिन संध्या में यज्ञाचार्य एवं कथावाचक आचार्य सौरभ भारद्वाज के मुखारविंद से श्री राम कथा की अमृतवाणी का श्रद्धालु रसपान करेंगे। इस यज्ञ को लेकर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखा गया। इस अवसर पर मंदिर विकास समिति अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, रामेश्वर प्रसाद सिंह, मुखिया मुंगा साह, सचिव रविकांत चंद्रवंशी, धर्मेन्द्र सिंह, अजय सिंह, रवि प्रसाद, प्रमोद प्रसाद, दिनेश वर्मा, मंजेश गुप्ता, ओमनारायण पंडित, चंदन प्रसाद, मुकेश प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल, रेफर



**श्री बंशीधर नगर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 75 पर थाना क्षेत्र के हलिवंता गांव में शुक्रवार की देर शाम ट्रैक्टर व मोटरसाइकिल की टक्कर में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल घायल बाइक चालक भवनाथपुर थाना क्षेत्र के बुका गांव निवासी 50 वर्षीय उमेश यादव को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गढ़वा।**

जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT)
अल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
ई–निविदा संख्याः–02/2024-25/RWD/GARHWA (2nd Call) दिनांक–15.04.2025

1. कार्य का विवरणः– PR.NO.348265 NREP (24-25).D

| क्र0सं0 | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि: अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि: अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | गढ़वा | ग्राम–अंचला में इसमाईल अंसारी के घर से असगर अंसारी के घर तक पथ निर्माण। | 62.937 | बासठ लाख तीरानवे हजार सात सौ रूपये। | 03 (तीन) माह। |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :–15.04.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–22.04.2025
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–25.04.2025 पूर्वाह्न 11:30 बजे।अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पत्ताः–कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0ः–9955921643

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

PR.NO.350280 Rural Development(25-26):D
कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गढ़वा।

# सरस्वती शिशु मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया



**नवीन मेल संवाददाता।**

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय में वंदना के उपरांत आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने विद्यार्थियों को हनुमान के जीवन से जुड़ी रोचक कहानियाँ सुनाईं। उनके बाल्यकाल की कथा सुनकर सभी भैया-बहन आनंदित हो उठे। मौके पर सुरेशचंद्र पांडेय ने कहा कि भगवान हनुमान इस धरती पर साक्षात देवता हैं। उन्हें चिरंजीवी होने का आशीर्वाद प्राप्त है। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के अनन्य भक्त हैं। उनके समान भक्त इस धरती पर दूसरा कोई नहीं है। भक्ति और अध्यात्म की पराकाष्ठा है। वही हनुमानजी की मातृभक्ति भी अतुलनीय है। उनके समान मातृभक्त भी कोई नहीं है। माता के वचनों को पूरा करने के लिए अपने ईश्वर राम के समक्ष भी खड़े हो गए थे लेकिन प्रभु के प्रति समर्पण और भक्ति भी दिखाई।

इस अवसर पर सुनीता दीदी ने त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलयुग में हनुमान जी द्वारा किए गए अद्भुत कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने भैया-बहनों को संध्या के समय हनुमान जी के समक्ष घी का दीपक जलाने के लिए भी प्रेरित किया। इस पावन उत्सव में विद्यालय के सभी आचार्य, दीदी और भैया-बहन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर हनुमान जी के प्रति अपनी श्रद्धा और भक्ति व्यक्त की।

### सांसद ने कैरो में विकास योजनाओं की समीक्षा की, अधिकारियों को दिया निर्देश

# जो भी कर्मी काम के प्रति लापरवाह हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी: सांसद सुखदेव

**नवीन मेल संवाददाता**

**कैरो/लोहरदगा।** लोहरदगा लोकसभा सांसद सुखदेव भगत शनिवार को कैरो प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय पहुंचकर विभागीय पदाधिकारियों के साथ विकास योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में कैरो प्रखण्ड में स्वास्थ्य,शिक्षा,आई सी डी एस, जनवितरण प्रणाली, कल्याण विभाग समेत कई विभागों का काम पूर्व के प्रखंडो से संचालित होने की जानकारी मिलने पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को विभागीय पदाधिकारियों से पत्राचार करने की बात कही। साथ ही खुद भी इस ओर विशेष ध्यान देने की बात कही। बैठक के दौरान सांसद ने कहा कि आज पहली बैठक है ईमानदारी पूर्वक काम करने वाले कर्मियों को बधाई लेकिन जो भी कर्मी काम के प्रति लापरवाह है जिम्मेवारी पूर्वक काम नही करते है उनके खिलाफ शिकायत पर करवाई के लिये अनुसंशा भी की जा सकती है। मौके पर विभागवार समीक्षा करते करते हुए सांसद सुखदेव भगत ने अबुआ आवास में स्वीकृत अल्पसंख्यको लाभुकों



का भुगतान नही होने,मनरेगा में कूप निर्माण,बागवानी अंतर्गत सही तरीके से पौधरोपण उसका देखरेख,खेल एवं विकास योजना के अंतर्गत मैदान निर्माण के स्थल चयन करने,खाध एवं आपूर्ति विभाग की समीक्षा करते हुए राशन कार्डधारियों को वजन में कम राशन मिलने की शिकायत पर नाराजगी ब्यक्त करते हुए सुधार लाने की बात कही।

जे एस एल पी एस की समीक्षा करते हुए प्रखण्ड क्षेत्र के महिला मंडलो की जानकारी ली और नए ग्रुप बनाने तथा उनका हर संभव मदद करने की बात कही। मुख्यमंत्री मइँया सम्मान योजना सर्वजन पेंशन के बारे समीक्षा करते कहा कि जिनका भी उम्र पूरा हो चुका है और पात्र है उन्हें इसका लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। दाखिल खारिज, जाती आवासीय आय बनाने में अनावश्य बिलंब न करें ,बीमार छात्र छात्राओं के प्रति मानवीय संवेदना रखते हुए इनका काम यथाशीघ्र करें।नल जल योजना अंतर्गत पेयजल की भारी समस्या को देखते हुए समाधान करने की बात कही।

प्रखण्ड क्षेत्र में स्वास्थ्य केंद्र की समस्या को देखते हुए विभाग से बात करने की बात कही।कृषि व अन्य विभागों की समीक्षा की बैठक में बैंक के कोई भी प्रतिनिधि सामील नही और ग्रामीणों से शिकायत मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए एल डी एम से फोन पर बात की। मौके पर कल्याण विभाग के द्वारा विद्यायल के छात्र छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। प्रखण्ड परिसर में पौधरोपण किया गया। मौके सांसद के निजी सचिव आलोक कुमार साहू,सांसद के जिला प्रतिनिधि साजिद अहमद चंगु,प्रखण्ड विकास पदाधिकारी छंदा भटाचार्य, अंचलाधिकारी कुमारी शिला उराँव, थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, शाहिद अहमद बेलू सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# अंडर 16 टूर्नामेंट में रांची ने रामगढ़ को पांच विकेट से हराया




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित मैच में रांची ने रामगढ़ को पांच विकेट से हराकर झारखंड राज्य अंतर जिला अंडर 16 क्रिकेट टूनार्मेंट के ग्रुप बी में अपनी जीत दर्ज की। वही रामगढ़ की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 137 रन बनाए, जिसमें देवेश गोयल ने 56 रन और शुभम प्रियदर्शी ने 22 रन का योगदान दिया। जबकि रांची की ओर से वैभव संतोष ने तीन विकेट और हर्ष कुमार ने दो विकेट लिए। जवाबी पारी खेलते हुए रांची की टीम ने 25 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 142 रन बनाकर मैच जीत लिया। अंकित कुमार ने 36 रन, वैभव ने 26 रन और अरमान अहमद ने 24 रन का योगदान दिया। वही वैभव संतोष को उनके शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। उन्हें ?5000 का नगद पुरस्कार और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में जेएससीए के प्रतिनिधि राजेश कुमार झा और लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अमलेश कुमार सिंह उपस्थित थे। इस अवसर पर अंपायर राजेश्वर सिंह, संजय कुमार सिंह और स्कोरर सूरज कुमार, शुभम मेहता भी उपस्थित थे।

# अवैध बालू परिवहन करते एक ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त



**सेन्हा-लोहरदगा ।** अवैध बालू परिवहन की सूचना पर पुलिस प्रशासन ने छापेमारी अभियान चलाकर सेन्हा थाना क्षेत्र के डाडू कोयल नदी से बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर का बालू लाद परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर को डाडू बक्सीडीपा पथ के रास्ते से जब्त किया गया है. बालू लदा जप्त ट्रैक्टर के विरुद्ध खनन विभाग का खनिज संपदा एवं राजस्व क्षति को देखते हुए अग्रतर कारवाई हेतु खनन विभाग को अवगत कराया गया. थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अवैध बालू उठाव और परिवहन के विरुद्ध पुलिस द्वारा कारवाई किया गया और अवैध बालू लाद परिवहन करते हुए बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर का एक ट्रैक्टर को जप्त कर थाना परिसर में सुरक्षित रख अग्रतर कारवाई हेतु विभाग को सूचनार्थ किया गया है। जिस पर विभाग के निदेर्शानुसार ट्रैक्टर के चालक एवं मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर करवाई किया जायेगा।

# जनता के पैसे का सही उपयोग जरूरी, आरोप नहीं समाधान पर हो ध्यान : संदीप गुप्ता



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** किस्को प्रखंड के मुखिया संघ द्वारा जिला परिषद सदस्य पर लगाए गए आरोपों को लेकर शनिवार को बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक लोहरदगा जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में संपन्न हुई। जिसमें जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद उरांव, सेन्हा की सदस्य राधा तिर्की, कैरों के सदस्य सुखदेव उरांव सहित अन्य सभी सदस्य उपस्थित थे। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि संबंधित मामले की जांच पहले से ही जिला परिषद बोर्ड द्वारा गठित एक विशेष समिति द्वारा की जा रही है।

इस समिति में संबंधित क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य के अलावा प्रमुख और प्रखंड विकास पदाधिकारी को भी शामिल किया गया है। ऐसे में जांच प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही मुखिया संघ द्वारा लगाए गए आरोपों को सभी सदस्यों ने अनुचित और असमय बताया। सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि जब तक जांच प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती, तब तक किसी एक सदस्य पर आरोप लगाना न्यायसंगत नहीं होगा। इस संबंध में जिला परिषद सदस्य संदीप गुप्ता ने किस्को बीडीओ से संपर्क कर जांच रिपोर्ट को शीघ्र प्रस्तुत करने का निर्देश भी दिया। उन्होंने कहा कि अगली बैठक में इस विषय पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। संदीप गुप्ता ने आरोपों को निराधार बताते हुए जानकारी दी कि 9 अप्रैल 2025 को किस्को प्रखंड सभागार में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें प्रमुख, बीडीओ, समन्वयक, कार्यक्रम पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी तथा विभिन्न पंचायतों के सचिव उपस्थित थे। इस बैठक में 14वें और 15वें वित्त आयोग के तहत संचालित योजनाओं में खर्च की गई राशि की समीक्षा की गई थी, जिसमें कुछ अनियमितताओं की बात सामने आई थी।

# भाजपा कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से देश की सेवा में अपना योगदान देते हैं : पवन तिग्गा

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को लोहरदगा प्रखंड के जोरी पंचायत में भाजपा नेता पवन तिग्गा के नेतृत्व में ग्राम ओयना के हनुमान मंदिर परिसर और बखरी टोली में साफ सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें काफी संख्या में महिला एवं बुजुर्ग उपस्थित हुए। पवन तिग्गा ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा विकास से हम लोग को कोसों दूर रखा गया है। जैसे उप स्वास्थ्य केंद्र यहां है लेकिन मात्र एक नर्स आती है। अपना हाजिर बना के चली जाती है और इस तरह से जीरो से 5 साल के बच्चों को पोषाहार के लिए 3 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है।



जिसके चलते शिशु एवं बच्चियों बच्चों को पोषाहार लेने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। बखरी टोली में मिनी आंगनबाड़ी सेंटर संचालित किया जाना चाहिए। हम सभी लोग किसान परिवार से हैं लेकिन सिंचाई का सुख सुविधा नहीं रहने के करण हम सभी लोग बरसात में खेती नहीं कर पाते हैं। अगर हम सबों के खेत में सिंचाई का पानी उपलब्ध हो जाता तो निश्चित तौर से हम सभी के खेतों में हमेशा फसल लहलहाते रहता। पीएम आवास, आबुआ आवास से हम लोगों को वंचित रखा गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी से पूछे जाने पर जवाब मिलता है कि आप लोगों का सूची में नाम है लेकिन नंबर आने में समय लगेगा। सफाई अभियान में अशोक चौहान, सूरज दुबे, राम सुंदर यादव, अनमोल यादव, कार्तिक दास, मनोज कुमार साहू, शुभम गुप्ता, इत्यादि बीजेपी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# लोहरदगा में आंधी तूफान से ईंट भट्ठा कारोबार को भारी नुकसान





**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले में असामायिक वर्षा और आंधी-तूफान ने ईंट भट्ठा कारोबार को भारी नुकसान पहुंचाया है। जिले के विभिन्न इलाकों में संचालित सैकड़ों ईंट भट्ठों पर इसका व्यापक असर पड़ा है, जिससे लाखों ईंटें बर्बाद हो गई हैं।लोहरदगा जिले में ईंट उद्योग केवल व्यापार नहीं, बल्कि हजारों लोगों की आजीविका का प्रमुख साधन भी है। बेमौसम बारिश ने न केवल व्यवसाय को नुकसान पहुंचाया है, बल्कि मजदूरों, वाहन चालकों और इससे जुड़े सैकड़ों परिवारों की रोजी-रोटी पर भी संकट खड़ा कर दिया है। कुड़ू, कैरों, सेन्हा, किस्को, भंडरा, पेशरार समेत सदर प्रखंड के विभिन्न इलाके प्रभावित हुए हैं। इन इलाकों में संचालित सैकड़ों ईंट भट्ठों पर इसका व्यापक असर पड़ा है। बारिश इतनी तेज थी कि, भट्ठों में पकने के लिए तैयार लाखों ईंटें गलकर पूरी तरह से बर्बाद हो गया। ईंटों को बचाने के लिए किए गए तमाम इंतजाम तेज हवाओं और बारिश के सामने बेअसर साबित हुए। ईंट भट्ठा संचालकों के अनुसार, इस बेमौसम बारिश के कारण प्रत्येक भट्ठे को लाखों का नुकसान हुआ है। कई भट्ठों में कच्ची ईंटें जो अभी पूरी तरह सूखी भी नहीं थीं, वे भी मिट्टी में तब्दील हो गईं। भट्ठा संचालकों का कहना है कि ईंट निर्माण में पहले ही मजदूरी, ईंधन और अन्य खर्चों में काफी राशि खर्च हो चुकी है। अब दोबारा निर्माण की प्रक्रिया शुरू करने और मजदूरों को भुगतान करने के लिए आर्थिक संसाधन जुटाना बेहद कठिन हो गया है। ईंट उद्योग केवल व्यापार नहीं, बल्कि हजारों लोगों की आजीविका का प्रमुख साधन भी है। वही मजदूरों, वाहन चालकों और इससे जुड़े सैकड़ों परिवारों की रोजी-रोटी पर भी संकट खड़ा कर दिया है। अब देखना यह है कि प्रशासन और सरकार इस स्थिति से निपटने के लिए क्या कदम उठाते हैं। ईंट भट्ठा संचालकों और मजदूरों की समस्याओं का समाधान करने के लिए सरकार को विशेष पैकेज या सहायता प्रदान करनी पड़ सकती है।

# जे एन वी में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक में शामिल हुए उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जिला के पी एम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना लोहरदगा में उपायुक्त की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंध समिति का बैठक आयोजन किया गया.आयोजित प्रबंध समिति की बैठक में उपायुक्त डॉ.वाघमारे प्रसाद कृष्ण,पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां और उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप देव शेखावत के अलावा भवन निर्माण विभाग के अभियंता सदर अस्पताल लोहरदगा के चिकित्सक और दो अभिभावक प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित थे.वही बैठक में विद्यालय संचालन और शिक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।




एवं शिक्षक शिक्षिका और छात्र छात्राओं का मूलभूत सुविधाओं का विधि व्यवस्था के बारे में निर्णय लिया गया.साथ ही विद्यालय के प्रभारी प्रचार्य द्वारा मानविकी संकाय के लिये भवन निर्माण,मुख्य पथ से विद्यालय द्वार तक सड़क चौड़ीकरण, जिला के चिकित्सकों द्वारा समय समय पर छात्र छात्राओं का टीकाकरण,विद्यालय के खेल प्रांगण में व्यायाम हेतु ओपेन जिम और विद्यालय में हाई मस्त लाइट के लिये उपयुक्त से अपील किया गया.जिस पर उपायुक्त ने जल्द ही सभी चीजों का निर्माण की बात कही.वही बैठक के उपरान्त उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक और उप विकास आयुक्त के द्वारा विद्यालय के सभगार में विद्यालय के बच्चे बच्चियों के साथ शिक्षा और विद्यालय में व्यवस्था से सम्बंधित चर्चा किया गया.साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा आपस मे रेगिंग नही करने का निर्देश देते हुए रैगिंग का परिणाम एवं सजा के बारे में बच्चों को जानकारी दी गई.वही छात्र छात्राओं द्वारा जिला के वरीय पदाधिकारियों से करियर के सम्बन्ध में अनेकों तरह का सवाल पूछा गया.जिसके विषय मे जबाब जिला के अधिकारीयों के द्वारा विस्तृत रूप से दी गयी। मौके पर बैठक में विद्यालय के प्रभारी प्रचार्य अवनीश चन्द्र झा, सूरज पाण्डेय,धनंजय कुमार,अरुण नागलोट,मंजू कुमारी समेत सभी शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

# सांसद ने शोकाकुल परिवारों से मिलकर गहरी संवेदना प्रकट किए



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत ने कैरो पहुँचकर कुछ दिन पूर्व कैरो प्रखण्ड बस्ती निवासी सरफुल अंसारी के 30 वर्षीय पुत्र तबरेज अंसारी की मौत सड़क दुर्घटना में हो गया था । तबरेज अंसारी भंडरा प्रखण्ड के भीठा मिडिल स्कूल में कंट्रेक्ट में कंप्यूटर टीचर था। सांसद सुखदेव भगत ने उसके परिजनों से मिलकर अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट करते हुए सांसद ने कहा कि इस दुख के घड़ी मे शोकाकुल परिवारों के साथ खड़े हैं और ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें। मौके पर शोक व्यक्त करने वालों में सांसद के निजी सहायक आलोक कुमार साहू, लोहरदगा जिला सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद, नेसार अहमद ,शाहिद अहमद बेलू, समीद अंसारी , पवन गौतम , अनीश अहमद खान ,जोरावर खान, मुस्लिम अंसारी, तिला उराँव , मनोज उराँव , लछु उरांव , जगरनाथ उरांव , मोहम्मद सज्जाद , ताहिर अंसारी , मोजाहिर अंसारी , मतलूब अंसारी , देवदत्त प्रजापति ,अख्तर अंसारी, सुशील उरांव ,रवि , रौशन उरांव , फूलकुमार उरांव , बिरजू उराँव ,विक्रम उरांव इत्यादि शामिल थे।

## महाविद्यालय में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से आयोजित

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में हनुमान जन्मोत्सव का धूमधाम से आयोजन किया गयो कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान हनुमान जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन कर किया गयो हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा और वीर हनुमाना अति बलवाना का पाठ किया गया। महाविद्यालय की वरिष्ठ आचार्या प्रीति कुमारी गुप्ता ने भगवान हनुमान के जन्म से जुड़ी कथा और हनुमान जी के भक्ति करने के महत्व को बताया` कार्यक्रम में रेणु कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, कविता कुमारी, नीतू कुमारी, सनोज कुमार साहु, युगेश कुमार साव, रितेश कुमार पाठक, आरती भगत सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# इष्ट देवता हनुमान समस्त मानव जाति के रक्षक हैं : कुलदीप सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में चैत्र पूर्णिमा के अवसर में हनुमान जन्मोत्सव पर विश्व हिंदू परिषद लोहरदगा के तत्वाधान में छात्र छात्राओं के बीच कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के विभाग संगठन मंत्री कुलदीप सिंह,विश्व हिंदू परिषद जिलामंत्री रंजीत साहू,प्रखंड मंत्री रामलगन महतो,बजरंग दल सेन्हा प्रखंड प्रमुख सुरेन्द्र साहू, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष सुदेश्वर साहू,विद्यालय के प्रधानाचार्य विमलेश कुमार तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर खेल का प्रारंभ किया गया.वही विभाग संगठन मंत्री कुलदीप सिंह ने कहा कि हनुमान समस्त मानव जाति के रक्षक हैं.वही इस अवसर पर विद्यालय में कबड्डी खेल प्रतियोगिता कराई गई.कबड्डी खेल आयोजित करने के लिये चार टीम बनाया गया था.जिसमें बालको का दो ग्रुप शिवाजी और संभाजी ग्रुप तथा बालिकाओं का दो ग्रुप दुर्गावती और लक्ष्मीबाई ग्रुप जिसमे शिवाजी ग्रुप 35 अंक एवं दुर्गावती ग्रुप 6 अंक के साथ कबड्डी प्रतियोगिता के बीच टीम विजेता रही.जिसमें विजेता और उप विजेता को विश्व हिंदू परिषद के तरफ से विशेष पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया।

# 'बस्ती चलो अभियान' के जरिए भाजपा नगर मंडल का डोर-टू-डोर संवाद

### किस तरह मोदी सरकार ने गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, आधारभूत ढांचे के विकास और आत्मनिर्भर भारत के संकल्पों को जमीन पर उतारा है

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** भाजपा नगर मंडल द्वारा शनिवार को 'बस्ती चलो अभियान' का सशक्त शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आगाज सुबह 11 बजे भाजपा कार्यकताओं ने नगर के प्रमुख मोहल्लों तिवारी दुरा, लहरी मोहल्ला, धोबी मोहल्ला सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर घर-घर जाकर जनसंपर्क किया



और नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित किया। कार्यक्रम की अगुवाई भाजपा नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने की। इस जनसंपर्क अभियान के दौरान कार्यकताओं ने स्थानीय निवासियों की समस्याएं सुनीं, सुझाव लिए और उन्हें केंद्र सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के लाभार्थियों से मिलकर उनके अनुभव भी साझा किए गए। इस विशेष अभियान में अशोक कसकर, सत्यम कुमार, विजय चंद्रशेखर अग्रवाल, चंदन गोप, रवि सिंह, गुंजन अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, आर्ची अग्रवाल, भूमि गोयल, अंतरा कुमारी, काजल कुमारी, खुशी कुमारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। जनसंपर्क के दौरान कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 11 वर्षों के ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी कार्यकाल की उपलब्धियाँ भी लोगों के समक्ष रखीं। उन्होंने बताया कि किस तरह मोदी सरकार ने गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, आधारभूत ढांचे के विकास और आत्मनिर्भर भारत के संकल्पों को जमीन पर उतारा है। कार्यकताओं ने यह भी बताया कि भाजपा का उद्देश्य केवल सत्ता नहीं, बल्कि सेवा, संगठन और समर्पण के मूल मंत्र के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुँचाना है। कार्यक्रम के समापन पर नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा, बस्ती चलो अभियान भाजपा की जन-जन से सीधा जुड़ाव बनाने की एक पहल है, जो आगामी समय में पार्टी की संगठनात्मक मजबूती और जनविश्वास को और प्रबल करेगी।

# एसके सेवन स्टार्स अकादमी में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन

**लोहरदगा।** स्वामी करपात्री सेवन स्टार्स अकादमी मसमानो विद्यालय परिसर में छठा वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा एसटी मोर्चा प्रदेश महामंत्री डॉ बिंदेश्वर उरांव एवं विशिष्ट अतिथि भंडरा थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह उपस्थित रहें। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथियो के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर एवं हरा झंडा दिखाकर 100 मीटर दौड़ से हुई। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्राचार्य नंदन अग्रवाल के द्वारा के किया गया। विद्यालय में अनेकों प्रतियोगिता जैसे 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 50 मीटर बैक रेस, 100 मीटर रिले रेस , सेक रेस, जलेबी रेस, वन लेग रेस, थ्री लेग रेस, जंपिंग रेस, बनाना ईटिंग रेस , बिस्कुट रेस, लॉन्ग जंप, हाई जंप, लेटर अरेंजिंग , वॉटर बोतल फिलिंग रेस, स्पून रेस, थिंग्स कलेक्टिंग रेस तथा अन्य तरह - तरह के खेलों का आयोजन कराया गया। जिसमें सभी प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार के रूप में मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

## मवेशी तस्करी में शामिल बोलेरो गाड़ी जब्त, तस्कर फरार

नवीन मेल संवाददाता

**जारी।** जारी थाना क्षेत्र के बंझर गांव में स्थित सदान टोली के पास पुलिया निर्माण कार्य के चलते एक बड़ी मवेशी तस्करी की घटना का खुलासा हुआ है। शुक्रवार की रात, तस्करों द्वारा 12 मवेशियों को एक बोलेरो पिकअप में क्रूरता पूर्वक भरकर वध हेतु ले जाया जा रहा था। लेकिन बरसात के कारण सड़क पर बने डायवर्सन में पिकअप वाहन फंस गया, जिससे तस्कर अपनी योजना को अंजाम नहीं दे पाए।सूत्रों के अनुसार, पिकअप वाहन को निकालने में तस्करों ने कई प्रयास किए, लेकिन जब सभी प्रयास असफल हो गए, तो उन्होंने वाहन छोड़कर भागने का फैसला किया। शनिवार की सुबह स्थानीय ग्रामीणों ने लावारिस हालत में फंसे हुए वाहन को देखा। जब उन्होंने जांच की, तो पाया कि पिकअप में 12 मवेशी मौजूद हैं। घटना की सूचना मिलने पर जारी थाना की पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की।



शनिवार की सुबह 10 बजे पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से सभी 12 मवेशियों को सुरक्षित रूप से बाहर निकाला। इसके बाद, इन मवेशियों का जिम्मेनामा पर गांव के ग्रामीणों के बीच वितरण कर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि इस क्षेत्र में हर दो-तीन दिन में मवेशी तस्करी की घटनाएं होती हैं और यह तब ही खुलासा होता है जब कोई वाहन दुर्घटनाग्रस्त या खराब होता है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया है कि छत्तीसगढ़-दिल्ली सीमा पर कड़ी वाहन जांच की जाए ताकि इस अवैध गतिविधि पर रोक लगाई जा सके।यह पहली बार नहीं है जब ग्रामीणों ने इस तरह की तस्करी का पदार्फाश किया है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं को राजनीतिक कल्पना और संगठनात्मक अनुशासन की आवश्यकता: बंधु तिर्की

नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के लूथरा मैदान स्थित आम बागान में शनिवार जिला कांग्रेस कमिटी ने प्रखण्ड स्तरीय संगठन सृजन के तहत एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया, जिसका नेतृत्व जिला अध्यक्ष चैतु उरॉव ने किया। यह बैठक जीएल चर्च परिसर चैनपुर में आयोजित की गई, जिसमें जिला प्रभारी माननीय बंधु तिर्की, जिला अध्यक्ष चैतु उरॉव और जिले के अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।इस बैठक में जिले के राजनीतिक परिदृश्य और संगठन की मजबूती पर चर्चा की गई। जिला प्रभारी बंधु तिर्की ने इस मौके पर कहा, वर्ष 2025 कांग्रेस पार्टी के लिए संगठन सृजन का वर्ष है। हम गुजरात से मिले मार्गदर्शन को ध्यान में रखते हुए हमारे संगठन को ग्रासरूट स्तर पर मजबूत करेंगे।





उन्होंने महात्मा गांधी और सरदार पटेल का उल्लेख करते हुए कहा कि गुजरात वह धरती है, जहां से हमें प्रेरणा मिलती है। हमें अपने योग्य और मापदंडों को पूरा करने वाले कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देकर संगठन को मजबूत बनाना होगा।श्तिर्की ने कहा कि प्रखण्ड इकाइयां सत्ता संघर्ष और गुटबाजी से ग्रस्त रही हैं, जो अक्सर पार्टी की चुनावी संभावनाओं को नुकसान पहुंचाती हैं। इसलिए जिला स्तर पर निर्णय लेने की आवश्यकता है ताकि गुटबाजी पर नियंत्रण पाया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब हमें राजनीतिक कल्पना, रणनीतिक स्पष्टता और संगठनात्मक अनुशासन की आवश्यकता है। बैठक में उपस्थित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं में राजनिल तिग्गा, तरुण गोप, अलबर्ट तिग्गा, रघुनंदन प्रसाद, निरंजन बाड़ा, राजेश्वर एक्का, कृष्णा लोहरा, राजेश टोप्पो, ज्योति कुजूर, शनि, लोजेनियुस लकड़ा, अरुण तिर्की, जोहन मिंज, आलोक लकड़ा, अनुग्रह खलखो, अगसतुस किंडो, विलियम टोप्पो, रजनी किरण लकड़ा, रोजालिया टोप्पो, अनिता बेक, बिमल किशोर एक्का, अमित बरला, सुशीला टोप्पो, और बिबयानी लकड़ा शामिल थे।यह बैठक कांग्रेस पार्टी के लिए संगठन सृजन और गतिविधियों को पुनः सक्रिय करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। आगे की गतिविधियों और कार्य योजनाओं को निर्धारित करने के लिए सभी कार्यकताओं ने मिलकर सामूहिक रूप से विचार विमर्श करने का निर्णय लिया।कांग्रेस कार्यकताओं के इस प्रयास से उम्मीद है कि पार्टी की चुनावी संभावनाओं में सुधार होगा और संगठन को और मजबूत बनाया जाएगा। कार्यकताओं की एकजुटता और अनुशासन से ही पार्टी अपने लक्ष्यों को हासिल कर सकती है।

## पैर के दर्द और सूजन से परेशान व्यक्ति ने खाया जहर, आत्महत्या

**डुमरी (गुमला)।** डुमरी थाना क्षेत्र के ग्राम बिरी में शुक्रवार को एक व्यक्ति ने शरीर की पीड़ा से त्रस्त होकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान ग्राम बिरी निवासी वीरेंद्र सिंह (उम्र लगभग 45 वर्ष), पिता स्व. सुखनंदन सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, वीरेंद्र सिंह लंबे समय से पैर में सूजन और असहनीय दर्द से पीड़ित थे। इसी मानसिक तनाव और शारीरिक तकलीफ के कारण उन्होंने पेट्रोल पंप के पास सल्फास जहर खाकर अपनी जान दे दी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के कपड़े की जेब से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसमें उन्होंने लिखा है कि वह अपने पैर की तकलीफ से परेशान होकर आत्मघाती कदम उठा रहे हैं। इस संबंध में डुमरी थाना पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## चैनपुर प्रखंड में सरहुल उत्सव की तैयारी, कल मनाया जाएगा सरहुल पर्व

नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड कल रविवार को मनाया जाएगा सरहुल ग्राम बैगा के निवासी रवि बैगा की अगुवाई में कल सरहुल का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा।

यह उत्सव प्रखंड के सांस्कृतिक और धार्मिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसे पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाएगा। उत्सव की तैयारियों में स्थानीय समिति के सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।सरहुल पर्व, चैत पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है, और यह प्रकृति के प्रति आभार प्रकट करने का अनूठा अवसर है। इस अवसर पर श्रद्धालु पहले पुराने कुएं या डाढ़ी से स्नान कर, फिर सरना स्थल में प्रवेश करते हैं। यहां, वे साल के वृक्ष की पूजा करते हैं।

रवि बैगा ने बताया कि सरहुल पर्व के एक दिन पूर्व नेग के रूप में मछली का सेवन किया जाता है, जो पर्व की पारंपरिक तैयारी का एक हिस्सा है। यह एक रस्म के तहत मानी जाती है, जिसमें समुदाय के लोग मिलकर खाते हैं और एक-दूसरे से भक्ति एवं प्रेम से जुड़े रहते हैं।

## सिरम टोली सरना स्थल से रेम हटाने के विरोध में गरमाया माहौल, आदिवासी समाज ने दी चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** गुमला-रांची मुख्य मार्ग पर स्थित ऐतिहासिक सिरम टोली सरना स्थल से रेम हटाए जाने के खिलाफ आदिवासी समाज का आक्रोश अब तीव्र रूप ले चुका है। विरोध की यह लहर अब गांव-गांव तक पहुंच गई है। इसी क्रम में रविवार, 13 अप्रैल को गुमला विधायक के घेराव का ऐलान किया गया है। इस विरोध प्रदर्शन में भारी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोगों के जुटने की संभावना है।

शनिवार को केंद्रीय सरना स्थल रेम हटाओ संघर्ष समिति के बैनर तले सरना धर्मावलंबियों ने एक प्रेस वार्ता आयोजित कर राज्य सरकार और जनप्रतिनिधियों पर जमकर निशाना साधा। वक्ताओं ने कहा कि झारखंड की 27 आदिवासी विधानसभा सीटों और 5 लोकसभा सीटों से चुने गए आदिवासी जनप्रतिनिधि इस गंभीर सांस्कृतिक मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

**सरकार को याद दिलाया गया वादा:**
प्रेस वार्ता में नेताओं ने तीखे शब्दों में कहा कि हेमंत सोरेन सरकार आदिवासी वोटों के बलबूते सत्ता में आई है, लेकिन अब वही सरकार आदिवासी संस्कृति और आस्था पर कुठाराघात कर रही है। नेताओं ने चेताया कि अगर सरना स्थल से रेम को तुरंत नहीं हटाया गया, तो व्यापक जन आंदोलन खड़ा किया जाएगा।



**इतिहास से जुड़ा है यह स्थल:**
नेताओं ने बताया कि सिरम टोली सरना स्थल न केवल धार्मिक बल्कि ऐतिहासिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहीं से आदिवासी समाज के गौरव कार्तिक उरांव ने सरहुल जुलूस की परंपरा शुरू की थी। अब इसी पावन स्थल से रेम हटाने की कार्रवाई आदिवासी अस्मिता पर हमला है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

नेताओं ने यह भी दोहराया कि यदि सरकार और प्रशासन ने इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लिया, तो राज्यभर में जनाक्रोश भड़क सकता है और इसके परिणामस्वरूप जनप्रतिनिधियों को जनता के कोप का सामना करना पड़ेगा।

## गुमला में पीएम जनमन योजना की उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** शनिवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री जनजातीय सशक्तिकरण योजना पीएम जनमन के अंतर्गत विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने बैठक के दौरान सभी योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पीवीटीजी (अत्यंत पिछड़े जनजातीय समूह) समुदायों को सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए।

**जल जीवन मिशन के तहत हुई प्रगति पर संतोष, लेकिन घर-घर नल से जल आपूर्ति के निर्देश**

बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत 112 ग्रामों में जल आपूर्ति योजना पूर्ण होने पर उपायुक्त ने संतोष जताया, परंतु यह भी स्पष्ट किया कि जब तक प्रत्येक परिवार तक नल से जल नहीं पहुंचेगा, तब तक इसे सफल नहीं माना जाएगा। विभाग को सख्त निर्देश दिए गए कि पेयजल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें और गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी आवश्यक पूर्व तैयारियाँ सुनिश्चित करें।

**नेटवर्क समस्या, आधार अपडेट और वन धन केंद्रों पर भी चर्चा**

बैठक में औरापाट क्षेत्र में नेटवर्क की समस्या को प्राथमिकता से दूर करने के निर्देश दिए गए।

### वक्फ संशोधन कानून के समर्थन में भाजपा युवा मोर्चा का पोस्टर प्रदर्शन

## प्रधानमंत्री मोदी ने किया वादा पूरा : अमन यादव

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** वक्फ संशोधन बिल को संसद के दोनों सदनों से पारित कर कानून का रूप देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए भाजपा युवा मोर्चा गुमला जिला इकाई ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर विपक्ष के नेताओं के खिलाफ पोस्टर प्रदर्शन किया। इस मौके पर युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमन यादव भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे भाजपा युवा मोर्चा गुमला जिला अध्यक्ष संदीप प्रसाद ने कहा कि वक्फ संशोधन कानून का सीधा लाभ उन गरीब और पिछड़े मुस्लिम भाइयों को मिलेगा जो अब तक वक्फ संपत्तियों के सही उपयोग से वंचित रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक दल और उनके नेता इस कानून का विरोध सिर्फ इसलिए कर रहे हैं क्योंकि उन्हें अपना वोट बैंक खिसकता नजर आ रहा है।

**विपक्ष अब जनहित के कानून का भी विरोध कर रहा**






प्रदेश उपाध्यक्ष अमन यादव ने कहा कि भाजपा कभी धर्म की राजनीति नहीं करती, बल्कि ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र के साथ आगे बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो वादा किया था, उसे पूरा किया है, लेकिन विपक्ष मोदी विरोध में अब देशहित में बनाए गए कानूनों का भी विरोध करने लगा है।

प्रदर्शन में शामिल प्रमुख कार्यकर्ता: पोस्टर प्रदर्शन कार्यक्रम में यशवंत सिंह, निर्मल गोयल, राजेश कुमार सिंह, भोला चौधरी, हरिहर कुमार, रविंद्र सिन्हा, दीपांकर साहू, नीतीश कुमार, छोटेलाल ताम्रकार, जय साहू, संदीप सिंह, शंकर उरांव, सुधीर कुमार, प्रकाश नायक, जनक चौधरी समेत बड़ी संख्या में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गुमला में जिला कौशल विकास योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न

## उपायुक्त ने दिए प्रशिक्षण व प्लेसमेंट में सुधार के निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** समाहरणालय स्थित सभागार में आज जिला कौशल विकास योजना के तहत संचालित विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों के बेहतर संचालन को लेकर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित कौशल विकास केंद्रों की कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसियों को निर्देशित किया कि वे कौशल विकास कार्यक्रमों को अधिक प्रभावशाली बनाएं, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार से जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित युवाओं को प्लेसमेंट उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए, जिससे उन्हें बेहतर भविष्य और आजीविका का अवसर मिल सके।

बैठक के दौरान प्रशिक्षण की गुणवत्ता, उद्योगों के साथ समन्वय, प्लेसमेंट की स्थिति एवं भविष्य की योजनाओं पर भी गहन चर्चा हुई। उपायुक्त ने सभी एजेंसियों को निर्देशित किया कि वे कायार्देश के अनुरूप अपने केंद्रों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करें। साथ ही जिला नियोजन पदाधिकारी को समय-समय पर प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण कर रिपोर्ट साझा करने को कहा गया, ताकि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

## भरनो में हनुमान जन्मोत्सव पर कलश यात्रा से शुरू हुआ श्री बालाजी हनुमान मंदिर का तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

नवीन मेल संवाददाता

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड मुख्यालय के ब्राह्मण मोहल्ला स्थित नवनिर्मित श्री बालाजी हनुमान मंदिर में शनिवार से तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ हुआ। यह भव्य आयोजन हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर कलश यात्रा के साथ आरंभ हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव के साथ भाग लिया।

कलश यात्रा भरनो बस्ती के छठ तालाब से प्रारंभ हुई, जहां आचार्य सीताराम पंडित एवं आचार्य नवल मिश्रा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जल संकल्प कराया गया। इसके बाद 151 महिला एवं युवतियों ने कलश में पवित्र जल भरकर नगर भ्रमण करते हुए ब्राह्मण मोहल्ला स्थित मंदिर परिसर तक शोभायात्रा निकाली। पूरे मार्ग में भक्तों का उत्साह देखने लायक था और वातावरण ह्यजय श्रीरामह्न एवं ह्यबजरंगबली की जयह्न के नारों से गूंज उठा।

**तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन इस प्रकार रहेगा:**

**प्रथम दिवस (शनिवार):** कलश यात्रा, संध्या आरती एवं रामकथा

**द्वितीय दिवस (रविवार):** मंडप प्रवेश, वेदी पूजन, गो पूजन तथा संध्या में रामकथा एवं आरती

तृतीय दिवस (सोमवार): देवी-देवताओं का पूजन, हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा, यज्ञ की पूणार्हुति, विशाल भंडारा एवं संध्या आरती





मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के इस महाआयोजन में आचार्य सुदर्शन मिश्रा, आचार्य बृजमोहन मिश्रा, आचार्य अवधेश मिश्रा, आचार्य रमाकांत मिश्रा, आचार्य गौतम मिश्रा समेत अनेक विद्वान आचार्य धार्मिक अनुष्ठानों का संचालन कर रहे हैं।

हम हैं मारुति के लाल कमेटी एवं स्थानीय श्रद्धालु इस आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। कलश यात्रा में हरिशंकर शाही, सुदामा केसरी, संजय गुप्ता, शिव कुमार केसरी, जयनंदन गोप, राजू केसरी, पीके सिंह, विवेक केसरी, शंभू केसरी, सतीश केसरी, रविंद्र गोप सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

## साप्ताहिक ई-जनशिकायत निवारण दिवस का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** शनिवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में साप्ताहिक ई-जनशिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें डुमरी और जारी प्रखंड के नागरिकों ने ऑनलाइन माध्यम (वीसी) से जुड़कर अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। कार्यक्रम में पेंशन, राशन, प्रधानमंत्री किसान योजना, जलमीनार मरम्मती, सड़क-नाली निर्माण, आवास निर्माण तथा राशन कार्ड में नाम जोड़ने जैसी समस्याएं प्रमुखता से सामने आईं। लगभग 30 से अधिक नागरिकों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं, जिनमें से कई मामलों का समाधान मौके पर ही संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों के माध्यम से किया गया।



उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो समस्याएं स्थानीय स्तर पर सुलझाई जा सकती हैं, उनका त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस दिशा में हर संभव प्रयास कर रहा है।

आगामी जनशिकायत निवारण दिवस 19 अप्रैल को चैनपुर व भरनो तथा 26 अप्रैल को सिसई और बसिया प्रखंड में आयोजित होगा। यह कार्यक्रम प्रत्येक शनिवार को पूर्वाह्न 10:30 बजे से आयोजित किया जाता है, जिसमें जिले के नागरिक अपने नजदीकी प्रखंड कार्यालय जाकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपायुक्त से सीधे जुड़कर अपनी समस्याएं साझा कर सकते हैं।

## सकरौली गांव में धूमधाम के साथ मनाया गया प्रकृति पर्व सरहुल

नवीन मेल संवाददाता

**सिसई (गुमला)।** सिसई प्रखण्ड क्षेत्र के ग्राम सकरौली में पहान पुजार मदन पहान, व जीतकेश्वर पहान के द्वारा सरना स्थल में प्राचीन परंपरा के अनुसार विधि पूर्वक पूजा अर्चना कराया गया। तथा सरना मां से सभी ग्रामवासियों के सुख चैन के लिए और इस बार अच्छी वर्षा हो इसके लिए प्रार्थना किया गया। तथा श्रद्धालुओं को आशीर्वाद स्वरूप फुलखोंसी किया गया।इसके बाद शोभायात्रा निकाला गया। शोभायात्रा में खोड़हा दलों में शामिल महिला, पुरूष, बच्चे ,बुढ़े, अपने पारंपरिक वेशभूषा में नगाड़े व मांदरों की थाप पर झूमते नाचते भ्रमण कर रहे थे। सरहुल पर्व का मुख्य उद्देश्यः मानव जाति की प्रकृति के प्रति चेतना जगाना* ये प्रकृति पर्व हमें इस बात का संकेत देता है कि हम मनुष्य प्रकृति को संजो कर रखे, वनों को पेड़ों को नष्ट न करें। क्योंकि प्रकृति ने हमें अकूत संपदा से नवाजा है, आज जंगलों की अंधाधुंध कटाई के कारण वर्षा की कमी देखने को मिल रही है जिससे वनों में रहने वाले जीव जन्तु के जीवन के ऊपर आफत आ गई है, उनके भोजन पानी के साथ साथ रहने का आशियाना भी छिनता जा रहा है। यही वजह है कि जंगलों में रहने वाले गजराज महाराज के साथ अन्य वन्य प्राणी गांवों में आकर उत्पात मचाने लगे हैं, खेतों के फसलों को, घरों में रखे अनाजों को नुकसान पहुंचा रहा है। बदले की भावना से मनुष्यों के ऊपर हमले करने लगें हैं। इन सबका जिम्मेवार सिर्फ और सिर्फ हम मनुष्य ही हैं। इसलिए हमे प्रकृति को बचाना चाहिए। पेड़ों को जंगलों को कटने से रोकना चाहिए। क्योंकि प्रकृति हमारी अनमोल धरोहर है। पतझड़ के बाद बसंत ऋतु आता है, तब सभी पेड़ पौधों में नए नए पत्ते, फूलों से लदे मजर लहलहाने लगते हैं जिससे प्रकृति अपने पूरे शबाब पर होती है, और झूमने लगती है, सरई के पेड़ फूलों से लदे होते हैं, जिसकी महक वातावरण में एक अलग सी सौंधी सौंधी खुशबू बिखेरती रहती है और इसी सुगन्ध के साथ हमारी नववर्ष की शुरूआत होती है। इसी नववर्ष की खुशी में सरई फूलों के सुगंध के साथ प्रकृति पर्व सरहुल मनाते हैं, लेकिन आज ये प्रकृति पर्व केवल आदिवासीयों और आदिम जनजातियों तक ही सिमट कर रह गई है। जबकि इस प्रकृति पर्व को सभी जाति समुदायों को मिलकर मनाना चाहिए और प्रकृति का आनन्द उठाना चाहिए क्योंकि प्रकृति सभी प्राणियों के लिए है। इस शोभायात्रा में जिला परिषद् सदस्य विजय लक्ष्मी कुमारी, ग्राम प्रधान सुमन पहान, वार्ड सदस्य गाब्रियल लकड़ा, चंदिया देवी, बिंदु पहान, सुनील पहान, परम पहान , बिरसा उरांव, करमपाल उरांव, शंकर उरांव, सुकरा उरांव, सुदामा उरांव, सहित सकरौली , उपर टोली, कुंबा टोली, छापरडीपा, महुआडीपा के खोडहा दलों के संग भारी संख्या में बच्चे महिला पुरुष शामिल थे।






**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**सहायक श्रमायुक्त का कार्यालय, पलामू**
(email-bocpalamau@gmail.com)

**-ःआम सूचनाः-**

भारत सरकार द्वारा Platform based Gig workers को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से आच्छादित करने हेतु E-Shram Portal पर दिनांक–07.04.2025 से 17.04.2025 तक कैम्प मोड में निबंधन अभियान चलाया जा रहा है।

1. **प्लेटफार्म श्रमिक** (Platform Workers) वैसे श्रमिक होते है जो डिजिटल प्लेटफार्म या ऐप–आधारित सेवाओं के माध्यम से कार्य करते है। ये श्रमिक स्वतंत्र रूप से काम करते है और आम तौर पर गिग इकोनॉमी का हिस्सा होते है।
2. **डिलीवरी कर्मचारी**–Zamato, Swiggy, Dunzo, Cab Driver & Urban Company, Fiverr, Upwork जैसी डिजिटल सेवाओं से जुड़े श्रमिक, फ्रीलांस श्रमिक–Amazon, Flipkart, जैसी ई–कॉमर्स कंपनियों मॉडल पर काम करते है।

**विशेषताएँः–**

ये श्रमिक पारंपरिक नौकरी (नौकरी–पेशा कर्मचारियों) की बजाय गिग / फ्रीलांस मॉडल पर काम करते है। डिजिटल प्लेटफार्म ही इनके काम को आवंटित करता है और भुगतान करता है।

सरकार अब इन प्लेटफार्म श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने के लिए e-Shram पोर्टल पर पंजीकरण सुनिश्चित कर रही है ताकि उन्हें स्वास्थ्य बीमा, भविश्य निधि जैसी सुविधाएँ मिल सकें।

श्रमिक अपना निबंधन स्मार्टफोन, अथवा प्रज्ञा केन्द्र के माध्यम से https://register.eshram.gov.in पोर्टल मे जाकर Platform worker register on e-Shram पर क्लिक कर निबंधन कर सकते है।अधिक जानकारी हेतु सहायक श्रमायुक्त का कार्यालय, पलामू से सम्पर्क किया जा सकता है।

श्रम अधीक्षक,
पलामू

PR 350224 District(25-26)#D

# रंग



रंजना वर्मा उन्मुक्त

**इस** बेरंग जिंदगी में होली का क्या काम ,अच्छा हुआ उसकी सहेली ने उसे अस्पताल बुला लिया । वह आज के दिन अपने घर, अपने बच्चों के साथ रहना चाहती थी । दस दिनों से उसके पति वेंटिलेटर पर थे । उनकी हालत में कोई सुधार नहीं था बल्कि शरीर के अंग धीरे-धीरे शिथिल होते जा रहे थे।

'पति को ऐसी अवस्था में छोड़कर यह कैसे घर जा रही है?'... नेहा मन ही मन सोच रही थी।

"थोड़ी देर के लिए जा रही हूँ । सुख-दुख, विषम परिस्थितियाँ सब दुनिया के ही रंग है। इन रंगों के साथ सामंजस्य बैठाना ही पड़ता है ।"...शायद सहेली ने उसके मन के भाव को पढ़ लिया था।

सहेली के जाने के बाद नेहा घोर चिंतन में डूब गई। हृदयरोग, मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप के रोगी अपने पति का लंबी अवधि तक इलाज कराने की वजह से वह आर्थिक और शारीरिक रूप से बुरी तरह क्षीण हो चुकी थी। शुरू में उसके जान पहचान और रिश्तेदारों ने थोड़े दिनों तक उसकी सहायता की लेकिन बाद में वे उससे मुँह छुपाने लगे। अंतिम समय में जब उसके पति को अस्पताल में भर्ती थे तो उसके पास वेंटिलेटर लगवाने के भी पैसे नहीं थे। इतने दिनों से वह खुद को मानसिक रूप से प्रताड़ित करती थी कि अगर उसके पास पैसे होते तो वह अपने पति का और बेहतर इलाज करा पाती । लेकिन आज यहाँ आ कर उसकी आँखें खुल गई । इससे बेहतर इलाज क्या हो सकता है ? फिर भी उसकी सहेली के पति के शरीर के अंग निष्क्रिय होते जा रहे थे। इतने दिनों से वह एक लाश की तरह जिंदगी जी रही थी। जिंदगी के बचे हुए रंगों को अब वह संभाल कर रखेगी।... उसने मन ही मन दृढ़ निश्चय निश्चय किया।

सहेली के आ जाने पर वह अपने घर चली आयी। उसे देखते बच्चे गुलाल से भरी थाली को वहाँ से हटाने लगे। उसने उन्हें रोक लिया और अपनी हथेलियों से रंगीन गुलाल को स्पर्श किया। गुलाल उसकी हथेलियों में सट गयें।बच्चे भी अपनी माँ की मनोस्थिति को भांपते हुए अपने हाथ गुलाल वाली थाली में डाल दिया और अपने हाथों में गुलाल भर के उसे हवा में उछाल दिया। "हैप्पी होली..." सभी के स्वर में खुशी थी और आँखों में नमी।

## छठ की महत्ता



सविता गुप्ता

बड़ा विकट है यह उपवास।
महापर्व तप संयम है ख़ास।
नर नारी सब मिल जुल करते,
प्रकृति पूजन श्रद्धा औ उल्लास।
उदित भास्कर को करते नमन।
शुद्ध भाव से करते आचमन।
डूबते सूर्य को करते प्रणाम,
छठ माता से घर आता अमन।
पूजते सभी नर हो या नारी।
करते व्रत विकट अति भारी।
चार दिवस का होता आयोजन,
सूर्य उपासना नदिया किनारी।
स्नेह अपनत्व का मेल कराता।
पर्व यह अपनों को पास बुलाता।
अमीर गरीब करबद्ध घाट पर,
सबकी झोली भरतीं छठ माता।
कुम्हार का चूल्हा और दीया।
बाँस का सूप ओर टोकरियाँ।
ऊँच नीच का भेद पर्व मिटाता
व्रत से दूर होती कई व्याधियाँ ।
पर्व यह स्वच्छता का पाठ पढ़ाता।
साधना से साधक को मिलाता।
छठ माई की चार दिवसीय महिमा पूजन में रखते विशेष शुद्धता।
वेद पुराणों में भी उद्धरण छठ का। महत्व आदित्य ,षष्ठी माता का।
आस्था का महापर्व अनोखा
नदी, ताल, गंगा तीरे होता।
छठ माता देती मनचाहा वरदान।
करती है सबका कल्याण।
ठेकुआ का प्रसाद है प्रचलित,
विशेष हैं इसका विधी विधान।

# संथाल हूल : 30 जून '1855'

## 30 हजार क्रांतिवीरों की शहादत





अनिता रश्मि

**भो**गनाडीह संथाल परगना के साहेबगंज जिले के बरहेट प्रखंड का छोटा सा इलाका है। इसमें रहते थे वीरता के प्रतीक चार भाई सिद्धो, कान्हों, चाँद, भैरव और दो वीरांगना बहनें.... फूलो, झानो। इन्होंने अंग्रेजों से जमकर टक्कर ली थी।

एकदम सामान्य परिवेश के, सामान्य ढंग से गुजर-बसर करनेवाले ये भाई-बहन वास्तव में इतने भी सामान्य नहीं थे। असाधारण धैर्य, देशप्रेम, वीरता इनमें कूट-कूटकर भरी थी। जमींदारों की मनमानी, शोषण का विरोध किया था, तो आततायी अंग्रेजों का भी जबरदस्त विरोध किया था इन लोगों ने। इस स्वतंत्रता आंदोलन ' संथाल हूल ' में लगभग साठ हजार संथालों ने अपनी भागीदारी निभाई थी। लगभग तीस हजार संथालों ने इसमें शहादत दी थी। ब्रिटिश इंडिया कंपनी के ख़िलाफ इतनी बड़ी लड़ाई में कई अन्य जातियों का भी इन्हें साथ मिला था।

### फूलो-झानो जैसी वीरांगना का योगदान

सिद्ध, कान्हों की दो बहनों की वीरता भी उल्लेखनीय है। दोनों ने अपने भाईयों के साथ मिलकर अंग्रेजों और भारतीय जमींदारों, महाजनों की क्रूर नीतियों का भरपूर विरोध किया। हूल क्रांति में भी उन्होंने अपनी उपस्थिति से जान फूँक दी थी। वैसे भी झारखंड की धरती वीरांगनाओं से खाली नहीं है।

### जन श्रुति के अनुसार

वे अंग्रेजों को उठाकर लातीं और उन्हें मृत्यु का दर्शन करातीं। दोनों बहनें सफेद अश्वों की रास थाम हवा से बातें करतीं। शाल पत्ते को लेकर गाँव, जंगल घूमती रहतीं और हूल का न्यौता देती रहतीं। इस महत्वपूर्ण कार्य का जिम्मा इन्होंने उठाया था। उस समय यह इतना आसान नहीं रहा होगा, जितना सुनने में लग रहा है। तब संथाली वर्त्तमान बिहार, बंगाल, और झारखण्ड के सीमावर्ती इलाकों में छोटे वनों को काटकर बनाए गए इलाकों में रहते थे। छोटे वनों के पेड़ों को काटकर उसे खेती करने योग्य बनाते ये बेहद कर्मठ वनवासी और उस पर खेती कर जीवनयापन करते। शांतिप्रिय, सीधे, सरल, सच्चे आदिवासी शिकार कर भी अपना पेट पालते थे। परंपरागत हथियार तीर-धनुष इनके जीवन का हिस्सा। इस क्रांति का नेतृत्व चार भाईयों सिद्धो, कान्हों, चाँद, भैरव मुर्मू ने किया था। भोगनाडीह में जन्मे भूमिहीन ग्राम प्रधान के पुत्रों सिद्धो, कान्हों मुर्मू की अगुवाई में संथालों ने सभा कर भागलपुर में अंग्रेज कमिश्नर को सूचित करवा दिया कि अंग्रेज यहाँ से चले जाएँ। वह भी 15 दिन के अंदर।

कमिश्नर सहित कई अंग्रेज अधिकारी क्रुद्ध हो गए और उन्हें गिरफ्तार करने की कोशिश की। ग्रामीणों के भयंकर विरोध ने उनकी मंशा सफल होने नहीं दी। सिद्धो-कान्हों ने अंततः सीधे विद्रोह का फैसला कर लिया। शाल वृक्ष ( सखुआ गाछ ) की टहनी घुमाकर, नगाड़े की चोट पर नगाड़ा बजाकर हूल अर्थात क्रांति की सूचना घर-घर पहुँचाई गई। तब अंग्रेजों ने मार्शल लॉ लगाकर पूरे इलाके को सेना के हवाले कर दिया। अंग्रेज सेना का दमन चरम पर जा पहुँचा।

30 जून 1855 को सब्र के टूटे बाँध का परिणाम संथाल हूल अर्थात संथाल विद्रोह के रूप में निकला। भोगनाडीह में एक विशाल जनसभा हुई। पारंपरिक हथियारों तीर-धनुष लेकर जुट आए परवानों की भीड़ ने अंग्रेजों को मालगुजारी देने से साफ इंकार कर दिया। साथ ही अपनी परंपरा के अनुरूप कानून बनाकर खुद ही कर वसूली करने की घोषणा कर दी। चारों भाईयों को कैद करने आए दारोगा का सर इन लोगों ने काट दिया। इस घटना ने आग में घी का काम किया।

अब संथालों और अंग्रेजों के बीच युद्ध चरम पर जा पहुँचा। ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने सातवें नेटिव इंफेन्ट्री रेजिमेंट, चालीस नेटिव इंफेन्ट्री रेजिमेंट के साथ अन्य कई बलों को संथालों का विद्रोह दबाने की जिम्मेदारी दे दी। जुलाई 1855 से जनवरी 1856 तक कई युद्घ हुए। यह स्वतंत्रता आंदोलन वीरभूम, बाँकुड़ा, भागलपुर तक फैल गया था।

आंदोलन को दबाने के लिए और भी अधिक क्रूरता दिखलाई गई। बहराईच में क्रूर, जुल्मी अंग्रेजों ने वीर चाँद, भैरव को पहले मार डाला। उनकी शहादत ने दोनों भाईयों को और भी भड़का दिया। लेकिन आधुनिक हथियारों से लैश अंग्रेजों ने नेता सिद्धो, कान्हों को भी गिरफ्तार कर लिया....वही जयचंदों की मेहरबानी रही। हमेशा की तरह यहाँ भी जयचंदों से मात खाई स्वतंत्रता की सोच, लड़ाई ने। दोनों को उनके गाँव भोगनाडीह में ही सरेआम पेड़ से लटका, फाँसी दे क्रांतिवीरों को संदेश देने की कोशिश की गई। तारीख थी 26 जुलाई !

### वे भी शर्मिंदा थे, जिन्होंने नर संहार किया था

बाद में संथाल हूल का लोमहर्षक वर्णन करते हुए एक अंग्रेज अधिकारी का बयान दर्ज हुआ। संथाली क्रांतिवीरों को देख तात्कालिक अंग्रेज सैनिक तथा कमांडर भी स्वयं शर्मिंदा हो उठे थे। बंगाल डिस्ट्रीक गजेटियर्स संथाल परगना में तात्कालिक ब्रिटिश अधिकारी 'मेजर जरविश' का बयान था - यह युद्घ नहीं था क्योंकि संथाल युद्घ कौशल से अनभिज्ञ थे। जैसे ही उनके राष्ट्रीय धुनवाले नगाड़े बजाए जाते ,सभी संथाल खड़े हो जाते और हम उन्हें गोलियों से मार गिराते। अतः जब वे खड़े होते, हमें गोलियाँ चलानी पड़ती थी। जब उनके नगाड़े बंद हो जाते, तब वे चौथाई मील पैदल चलते और उसके बाद नगाड़े बजने लगते, जिसके बाद वे फिर से शांति और गरिमा के साथ खड़े जाते और हम उन पर गोलियाँ चलाते।

हमारे सिपाहियों में एक भी ऐसा नहीं था, जो हमारी इस हरकत से शर्मिंदा न हुआ होगा। इस दृश्य की कल्पना कर भला कौन संवेदनशील व्यक्ति व्यथित नहीं हुआ होगा। तब आदिवासियों के इतिहास को लिखने की परंपरा नहीं थी। अतः काल ने इन दोनों बहनों के संग अन्य संथालों के योगदान को ठीक से देश के सामने नहीं रखा। अन्यथा दो साल बाद सन् सत्तावन के विद्रोह के पहले संथाल हूल को प्रथम सशस्त्र विद्रोह का खिताब हासिल होता। इसी हूल के फलस्वरूप संताल परगना नामक नन रेगुलेटेड जिले का निर्माण किया गया।

वैसे मौखिक इतिहास को संजोने की आदिवासी परंपरा ने जनजातियों की इस क्रांति को लोकगीतों में ढाल इसकी विरासत सौंपी नवीन पीढ़ी को। लोकगीतों में ये वीर ज़िंदा हैं अपने अदम्य साहस के साथ। अब संथाल हूल के 164 सालों के बाद भी प्रत्येक साल 30 जून को उन रणबाँकुरों की याद में हूल दिवस मनाकर इनकी शहादत को श्रद्धांजलि दी जाती है।

# नेता की आत्मा



दीपक कुमार वर्मा

वैसे तो आमतौर पर
आजकल नेताओं की
आत्मा
स्वर्ग जाती नहीं,
पर ना जाने कैसे
ऐसे या वैसे
ऐसा लगा मानों चित्रगुप्त
जी की
कलम छली गई,
और एक नेता
की आत्मा
स्वर्ग चली गई।
आत्मा ने कुछ दिन तो
चैन से बिताया,
फिर उसके अंदर
नेतागिरी का
कीड़ा कुलबुलाया
और उसने
कुछ पवित्र आत्माओं को
अपने पास बुलाया।
उन्हें स्वर्गलोक की
विधि-व्यवस्था के
विरुद्ध भड़काया,
और कहा कि अब यहाँ
धर्मराज का
एकक्षत्र राज
नहीं चलेगा,
और यहाँ भी सबकुछ
लोकतांत्रिक व्यवस्था के
अंतर्गत ही ढ़लेगा।
धर्मराज को भी
चुनाव लड़ना होगा,
जमानत का पैसा
भरना होगा।
पर ये बात जब
धर्मराज के
कानों में पड़ी,
तब उनकी भी खटिया
हुई खड़ी।
उन्होंने चित्रगुप्त से कहा,
मुंशी जी !
यार मुझे लगता है कि
तुम्हारी कलम धोखा
खा गई है,
और, नर्क जाने
वाली आत्मा,
हमारे स्वर्गलोक में आ
गई है।
अब चित्रगुप्त जी घबराए
और बोले,
महाराज ! दुहाई है !
मेरे ऊपर काम का प्रेशर
वैसे ही बहुत हाई है,
ऊपर से आपने
मृत्युलोक से
मेरे लिए पीसी भी नहीं
मंगवाई है।
इसलिये चूक हो
सकती है,
पर जहाँ तक
इस आत्मा का सवाल है
मैं दावे के साथ कह
सकता हूँ कि,
ये बिल्कुल सही जगह
पर आई है।
क्योंकि मैंने इसे सीधे
पागलखाने से
मंगवाई है।
और ये आप भी
जानते भली-भाँती हैं,
कि आजकल पवित्र
आत्मायें
सिर्फ पागलखाने में ही
पायी जाती हैं।
महराज,
ये वही आत्मा है जिसने
सत्य और अहिंसा की
नीती अपनायी थी,
ये वही आत्मा है जिसने
संस्कार और सुविचार
की दौलत कमाई थी।
और ये वही आत्मा है
जिसने शरीफ होते
हुए भी
राजनीती में प्रवेश
करने की
हिम्मत जुटायी थी।
ये वही आत्मा है जो
आज की
गंदी राजनीती का
शिकार हो गई,
और मानसिक रूप से
लाचार हो गयी।
महाराज ये आत्मा
अभी तक
अपने सदमों से उबर
नहीं पाई है।
महाराज ये आत्मा,
बिल्कुल सही जगह पर
आयी है।

# अल्हड़ रमणी



सविता सिंह मीरा

चारुलता चञ्चल चितवन
कजरारे से कमल नयन
काले केश घुँघराले
रमणी धारती पित वसन।
किंकिनी बजती छन छनन
इठलाती चले नूपुर पहन
हो जाते सब मतवारे
कटि पर बलखाते
करघन।
अधर दहकते से गूलर
पवन उड़ाते हैं चूनर
मदमस्त हो जाते सभी
जीना हो सबका दूभर।
सुनयना पर सब
फिसल गए,
देख कामिनी मचल गए
वो बिलकुल भोली भाली
वो बिलकुल अल्हड़
निश्चल।

# राजा का कुत्ता



वसंत जमशेदपुरी

राजा का कुत्ता बिमार है,
खबर छपी अखबार में।
भूखा मँगरू सोच रहा है,
रखा न कुछ संसार में।।
खट-खट कर है मरता कोई।
नित्य तिजोरी भरता कोई।
स्वेद बहाकर पानी सा नित-
साहब जी से डरता कोई।
वारे-न्यारे बस उनके हैं,
जो बैठे सरकार में।।
गली-गली गुंडों का पहरा।
देश, धर्म पर संकट गहरा।
अपनी-अपनी हाँक रहे सब,
हर असली पर नकली चेहरा।
नेह, देह से हुआ सभी को,
कौन फँसे अब प्यार में।।
पोल दीखती बहुत ढोल में।
झूठे सारे लोग बोल में।
नेता हों अथवा अभिनेता,
दक्ष सभी हैं तोल-मोल में।
भीड़ खचाखच मदिरालय में,
सन्नाटे बाजार में।।

काव्य कोना

## यात्रा स्वाभाविक है

पथिक,
यात्रा स्वाभाविक है
पथ चुनने की स्वतंत्रता
अधिकार है तुम्हारा।
अनगिनत पड़ाव
आयेंगे न जाने कितने चौराहे
कभी-कभी, मिलेंगे फुर्सत के दो-चार क्षण।
मौका सुनहरा सँजोने का
बीते पलों के छायाचित्र सजाने का
कुछ एकदम सामने, कुछ याद करने पड़ेंगे।
कुछ हँसते- मुस्कुराते पल
दर्द भरे छायाचित्र भी होंगे कुछ
अनुभव अनोखा होगा
पर सांत्वना, सहानुभूति ज्यादा बटोरेंगे।
हाय , शांत क्षणों में कभी-कहीं
पुराने घाव कुरेदेंगे खुद ही
बेबस करेंगे
मन भी अजीब है
ढूंढ़ेगा उनमें, बिसरे हँसने के पल
सँजो के रखा जिन्हें पीछे, बहुत पीछे
उम्मीद में, देखेंगे खुशियों के पल में
हाय रे कैसी विडम्बना
बाधित स्वयं करके रखा है।
पथिक
यात्रा स्वाभाविक है
पथ चुनने की स्वतंत्रता
अधिकार है तुम्हारा।

नाग मणि

# हिम्मत



गीता सिन्हा गीतांजलि

**स**हजनी, घरेलू काम में व्यस्त रहती थी । कभी फुर्सत नहीं । दो बच्चों की माँ बनने के बाद तो उसकी जिंदगी घर- आंगन, खेत खलिहान, बच्चों की देखरेख, खाना पकाने , सफाई स्वच्छता रखने में ही बीत रही थी ।बलेसर खेतों में काम करता, बीज बोता, कटनी करता ,बैलों की सेवा टहल में लगा रहता था । जब सहजनी शुरू शुरू ब्याह कर आई थी तो बलेश्वर की माँ काम-धाम करती थी। शादी को दस वर्ष हो गए। अब माँ, वृद्धा हो गई थी । बैठे-बैठे बहुत हुआ तो सूप में अनाज चुन दिया करती थी, सब्जियाँ कभी-कभी काट देती। एक रात जब बलेसर घर के बाहर किसी कार्यवश गया हुआ था । सुगनी और राजू खाना खाकर सो गए थे। बलेसर की माँ भी सोने की तैयारी में मच्छरदानी लगा रही थी। सहजनी रसोई में बर्तन समेट रही थी, तभी जंगल की ओर से कुछ आवाजें आई। वह कमरे में गई ,बच्चे निश्चिंत होकर सो रहे थे । फिर सासू माँ के कमरे में गई -- "माँ ,देखिए ना बाहर कुछ आवाजें ऐसा लग रहा है बाघ इधर आ गया है?" माँ कान उधर लगाई। कहा---- "हाँ बहू? यह तो किसी जानवर की ही आवाज है । बलेसर भी घर में नहीं है।" वह घबराई।"यहाँ बस्ती के भी लोग ऐसे हैं कि शाम होते घरों में घुस जाते हैं।"बलेसर की माँ दीवार घड़ी की ओर देखी--- "अभी तो शाम के सिर्फ आठ बजे हैं। बस्ती में ऐसा सन्नाटा है कि लगता है, बारह बज रहे हों।" वह बड़बड़ा रही थी। तभी किवाड़ के पास आवाजें आई -----"गुर्र गुर्र..... हं हं...... गुर्र गुर्र...." आवाजें सुनकर सहजनी लकड़ी का अलमीरा को खिसकाकर दरवाजा से सटाने लगी । दोनों सास बहू बच्चों के कमरे में गई,भयभीत होकर उठ रहे बच्चों को सुलाई। सहजनी किवाड़ की सुराख से आँगन में देखी तो आँगन में लगे कँटीले बाड़ उखड़ चुके थे। दो बाघ अपनी भूरी भूरी आँखों से इधर ही देख रहे थे। आँगन में अंधियारी रात पसरी थी। चाँद की मद्धिम रोशनी में चीजें, आकृतियां थोड़ी थोड़ी दिखाई देती थी। वह सांसें रोके बाघों के भागने की प्रतीक्षा कर रही थी। दरवाजे के पास वाले बाघ की आँखें बल्ब की तरह चमक पड़ी । तब सहजनी का पूरा शरीर कांप उठा। दूसरा बाघ या बाघिन थी शायद, जो करीब दो फीट पीछे थी। अपनी चमकती बालों वाली गर्दन को आगे पीछे मोड़ती हुई देख रही थी। सहजनी सुन रखी थी कि बाघों को "मनुष्य -गंध" भी लगती है। वे अपनी घ्राण- शक्ति से आसपास मनुष्य होने का पता लगा लेते हैं। कहीं ऐसा ना हो सुगनी के बापू अभी ही आने वाले हों। वह थरथर कांप रही थी। मन ही मन बजरंगबली को स्मरण करने लगी। करीब आधा घंटा बीता होगा , सियार "हुंआ... हुंआ...... हुंआ... हुंआ..." करने लगे। गाँव में टीवी, और मोबाइल की आवाजें नहीं होती। वहाँ के सन्नाटे को तोड़ती है सियारों की आवाज या टिटहरी की टिक.... टिक .... टिक या पेड़ों पर घोंसले में बैठा कोई अनाम पंछी की बोली या कभी कभी आटा चक्की की घर्र ..घर्र.... किवाड़ की सुराख से सहजनी ने देखा, दोनों बाघ मुड़कर जंगल की तरफ जा रहे थे। वह 'हिम्मत' कर उठी , आँगन में तोड़े गए बाँस के दरवाजे को उठाकर उसके स्थान पर लगायी। घर के भीतर से हथौड़ा लाकर कील ठोंकी। अब बाघ इसे तोड़कर अंदर नहीं आ सकते थे । अब बाघों के पुनः आने की संभावना नहीं थी।

# सेकेंड हैंड... तौबा-तौबा






अरुणा झा

**ब**चपन में पुस्तकों में पढ़ा था कि' लालच बुरी बला है' किन्तु यह तो मनुष्य का जन्मजात गुण है। परंतु इसी लोभ के कारण मैं सेकंड हैंड के चक्कर में ऐसी फँसी कि कहीं की ना रही। हुआ यूँ कि इस शहर में नई-नई मेरी नौकरी लगी थी। काफी दौड़-धूप कर एक कमरा भी किराए पर मिल गया था। किंतु ऐसे मोहल्ले में जहाँ आसपास धनाढ्य लोग ही रहते थे ।अब उसमें अपने- आप को फिट करने के लिए यह जरूरी था कि सुविधा के कुछ कीमती सामान मेरे घर भी हों, परंतु मेरी तनख्वाह इसकी इजाजत नहीं दे रही थी। इस समस्या से उबारने के लिए मेरी एक मित्र ने सुझाया कि आपको जो भी चाहिए वह सेकंड हैंड क्यों नहीं ले लेती ? सुझाव जँचा। अगले ही दिन मेरी एक सहकर्मी ने बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाले सज्जन का तबादला हो गया है वह अपने घर की तमाम चीज बेचकर जाएँगे। मन खिल उठा और उनके यहाँ जा पहुँची ।मेरे आने का मकसद जानते ही वे चंचल हो उठे और अपने सभी सामानों की इतनी तारीफ करने लगे कि उस तरफ स्वतः ही मेरा आकर्षण बढ़ने लगा ।अपनी हर चीज को वह बड़े नजाकत से छूते थे। अब मुझे तो किसी चीज की सही दाम की जानकारी तो थी नहीं। लिहाजा उन्होंने जो बताए उसमें दो चार सौ कम करवाने चाहे तो वे बोले-" पहले आप सामान छाँट लीजिए, टोटल में से कुछ काम कर देंगे"। सोफा सेट, डाइनिंग टेबल, टेलीविजन, वीसीआर तीन पंखे,इत्यादि खरीदने पर गृह स्वामी ने मसाला पीसने का सिलबट्टा मुझे गिफ्ट में दे दिया। मैं सारा सामान लेकर घर आई और खुद को रातों-रात संभ्रांत बना लिया।

अपने घर घटे इस ऐतिहासिक घटना के दूसरे ही दिन अपनी चचेरी बहन की शादी में मुझे जाना पड़ा। फिर खुद मैं वहाँ बीमार पड़ गई। अब पूरे एक महीने बाद जब मैं लौट कर आई तो, कमरा धूल से भरा पड़ा था। सफाई के क्रम में जब मैंने सोफे का गद्दा हटाया तो "ऊपर से तो दिल मिला, भीतर फाँके तीन" वाला हाल था ।डर था कि किसी के बैठने पर सोफा कहीं धरती पर ना बिछ जाए। घबराकर मैंने डाइनिंग टेबल की जांच शुरू की तो उसके "एक पैर में लकवा मारा" नजर आया। मैं सर पकड़ कर बैठ गई अब तो टेलीविजन को छूने के लिए मुझे हिम्मत जुटाने की आवश्यकता थी। इतने में दरवाजे पर दस्तक हुई मेरी तीन पड़ोसन नजर आई। औपचारिकता का निर्वहन करते हुए उन्हें भीतर बुलाया। उनको बैठने के लिए कहा और मैं चाय बनाने रसोई की तरफ बढ़ी थी कि एक भयंकर आवाज आई। मानो धरती हिल गई हो। हुआ भी वही था जैसे ही उसमें से दो महिलाएँ एक साथ लंबे वाले सोफे पर बैठने गई कि सोफे ने उन्हें बिठाने से साफ इनकार कर दिया और कड़कड़ाहट की आवाज के साथ दो भागों में बँट गई। मैं दौड़कर आई तो भयानक दृश्य सामने पाया ।दोनों का कमर का हिस्सा फँसा हुआ और पैर चमगादड़ की तरह ऊपर,आसमान को थामने को आतुर। तीसरी महिला जो बैठी नहीं थी, उनकी मदद से दोनों को निकालने का प्रयास किया जाने लगा। हम दोनों उन्हें अपनी तरफ खींचती तो प्रत्युत्तर में वे भी जोर लगातीं, इस तरह दो बार तो हम ही उनके ऊपर जा गिरे। स्थिति हास्यास्पद थी किंतु हँसने की मनाही थी। भगीरथ प्रयत्न से उन दोनों को बाहर निकाला गया।

इसके बाद से मेरे आस-पास की कोई महिला मुझसे नहीं बोलती। खैर किसी तरह से मैंने सोफा ठीक करवाने के लिए बढ़ई को बुलवाया ।उसने मुआयना करने के बाद कहा "कि इसे ठीक करने में जितने पैसे लगेंगे उससे बढ़िया है कि आप नया खरीद लें। एकदम घटिया किस्म की लकड़ी है इसमें। अतःइसे किसी कबाड़ी को बेचने में ही फायदा है"। उसके बाद से तो मैंने खरीदे गए किसी भी सामान को हाथ नहीं लगाया सिर्फ सिलबट्टा आराम से चलता था।

जीवन निर्बाध गति से चल रहा था। उम्र का छतीसवां बसंत बीत रहा था सो अपने विवाह का ख्याल भी अब मन से निकल चुकी थी कि परसों मेरी मुंगेर वाली बुआ आ धमकी। उनके मुस्कुराते चेहरे को देखते ही मेरी 'छठी इंद्रियां' संकेत देने लगी कि" हो ना हो कोई दुर्घटना घटने वाली है" और वास्तव में हुआ भी वही। वे एक रिश्ता लेकर आई थी। फिर जो उन्होंने उस तथाकथित लड़के की खूबियों को गिराना आरंभ किया तो मेरा बैरागी मन भी डोलने लगा मन एक बार फिर से विवाह की कल्पनाओं में खोना ही चाहता था कि कानों में आवाज आई "-बस एक ही खराबी है उस लड़के में कि यह उसकी दूसरी शादी है, वह तो शादी के लिए राजी ही नहीं हो रहा था ..बड़ी मुश्किल से मना कर लाई हूँ " दोस्तों यह सुनना था कि मैं आकाश से गिरी। लड़के की दूसरी शादी होगी यानी सेकंड हैंड। अब इस चक्कर में मैं नहीं पड़ सकती ।क्योंकि सेकंड हैंड पति की खराबियों को आप हरगिज नहीं सुधार सकती। पूरी जिंदगी आपको उसके 'डिफेक्ट' के साथ ही गुजारनी होगी और सबसे आम बात कि वक्त पड़ने पर उसका कोई रीसेल वैल्यू भी नहीं होता है। इसलिए सेकंड हैंड पति ना बाबा ना।

संयोजक :- नरेश अग्रवाल

# सहानुभूति



स्मृति पांडेय चौबे

करीब एक महीने से रेवा ने अपनी कामवाली बाई डूभा को छुट्टी दे रखी थी। कारण था कोविड-19 की बढ़ती त्रासदी को सोशल डिस्टेंसिंग से निरस्त करना। डूभा के नहीं आने से कार्य काफी बढ़ गये थे। गृह कार्यों के साथ - साथ ऑफिस के कार्यों को भी घर से ही निपटाना था यानी वर्क फ्रॉम होम था। रेवा को एक क्षण के लिए भी बैठने की फुर्सत नहीं मिल पा रही थी। ऐसे में एक गर्मी की दुपहरी में चार पांच लोगों के लिए रोटियां पकाते हुए ,पसीने से तर-बतर, रेवा की आंखों के आगे बरबस ही कृशकाय डूभा कौंध गई। कैसे डूभा सुबह से शाम उसके यहां मजदूर की भांति खटती रहती थी और रेवा ने कभी उसकी परवाह भी नहीं की । उसे कभी फिक्र भी ना होती थी कि वह भी थकती होगी उसके भी छोटे-छोटे बच्चे हैं ,घर - परिवार है। यहां -वहां दोनों जगहों के कार्यों को कैसे संभालती होगी ?डूभा जब कभी एक-दो दिनों की भी छुट्टी लेती तो उसे वह कितना भला बुरा कह कह दिया करती थी। रेवा ने हमेशा इस तथ्य को नजरअंदाज किया था कि कोई मजदूर या कामगार बीमार भी हो सकता है।वो भी एक इंसान है उसकी भी कुछ समस्याएं हो सकती हैं। पर अब एक महीने से लगातार घर और ऑफिस दोनों जगहों की जिम्मेदारियों को निभाते हुए, हैरान-परेशान रेवा को पहली बार डूभा की व्यथा का एहसास हुआ और उसने जाना- समझा कि सारे दिन बिना आराम के मजदूरी करना कितना कठिन है।कोविड -19 की अवधि में हुए उन संघर्षपूर्ण अनुभवों ने रेवा की सुषुप्त अंतरात्मा को झकझोर दिया था। उसकी इंसानियत की आंखें खुल गई थीं।उसके हृदय में अचानक अपनी बाई डूभा और सारे मजदूर वर्ग के लिए बहुत सहानुभूति होने लगी थी। जब डूभा पुन: कार्य पर वापस आई तो रेवा ने उसके साथ बहुत ही सहानुभूतिपूर्ण ढंग से व्यवहार किया। उसका रवैया बिल्कुल ही बदल चुका था।उसके दिल में मेहनत मजदूरी करनेवालों के प्रति मान -सम्मान काफी बढ़ गया था। वह अपनी बाई डूभा और अन्य मजदूरी करनेवालों के लिए दयाभाव से भर गई थी। वह खुद को उन लोगों की जगह पर रखकर देखती और उनलोगो के साथ सहृदयतापूर्वक बर्ताव करने लगी थी।

## आज का दोहा

एक नदी, लहरें कई, उलझ रहीं हर घाट।
नावें सहमी सी खड़ी, देख नदी का पाट।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बीजापुर मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर, हथियार और विस्फोटक बरामद

**एजेंसी। बीजापुर**

छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में तीन नक्सलियों को मार गिराया। मुठभेड़ शनिवार सुबह शुरू हुई थी। जिले के इंद्रावती क्षेत्र में जंगल में माओवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षा बलों ने एंटी नक्सल अभियान चलाया था। सुरक्षा बलों की यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ में माओवादी गतिविधियों पर नकेल कसने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के अभियान से क्षेत्र में शांति बहाली की उम्मीद बढ़ी है। हालांकि जंगल और ग्रामीण इलाकों में अभी भी माओवादी खतरा बना हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि अभियान अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है और इलाके में सर्च ऑपरेशन चल रहा है। मुठभेड़ से जुड़ी विस्तृत जानकारी अभियान के समाप्त होने के बाद अलग से साझा की जाएगी। आम लोगों से अपील की गई कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत सुरक्षा बलों को दें, ताकि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके।




### इंद्रावती के जंगलों में सुरक्षाबलों की बड़ी कार्रवाई हथियारों का जखीरा बरामद

बीजापुर और दंतेवाड़ा जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ), और कोबरा बटालियन 210 व 202 की संयुक्त टीमों ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने घटनास्थल की तलाशी ली, जिसमें तीन वर्दीधारी माओवादियों के शव बरामद किए गए। इसके साथ ही भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री भी जब्त की गई। बरामद हथियारों में बंदूकें, गोला-बारूद और अन्य खतरनाक सामान शामिल हैं, जो माओवादियों की बड़ी साजिश की ओर इशारा करते हैं। अभी तक मारे गए माओवादियों की पहचान नहीं हो सकी है। सुरक्षा बलों का कहना है कि यह मुठभेड़ इंद्रावती के घने जंगलों में हुई, जहां माओवादी अक्सर छिपकर अपनी गतिविधियां चलाते हैं। इस इलाके में माओवादियों के खिलाफ अभियान को और तेज करने के लिए तलाशी अभियान जारी है। अधिकारियों ने बताया कि माओवादियों की मौजूदगी की पुख्ता जानकारी मिलने के बाद यह ऑपरेशन शुरू किया गया था।

# हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर संभल में निकली शोभायात्रा




**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शुक्रवार को शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो गए थे। मंदिर में आरती के बाद हवन पूजन भी हुआ। इसके बाद श्रद्धालुओं ने शोभा यात्रा निकाली, जिसमें भगवान श्रीराम और हनुमान जी के भजनों पर लोग झूमते नजर आए।

श्रद्धालु प्रशांत रस्तोगी ने बताया कि आज यहां सुबह से ही खुशी का माहौल है। छह बजे प्रतिदिन की तरह आरती हुई। सब लोगों ने मिलकर एक यज्ञ किया, जिसमें एक हजार आहुति दी गई। इसके बाद शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के बाद जो लोग बाहर से आते हैं, उनके भोजन की व्यवस्था की जाती है। शाम को छप्पन भोग और आरती होगी। उसके बाद जागरण होगा। हनुमान चालीसा का पाठ भी जागरण में होगा। कल भंडारे की व्यवस्था की जाएगी।श्रद्धालु संजय ठाकुर ने बताया कि हनुमान जयंती पर हर वर्ष की तरह यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कल बाबा का चोला हुआ था। सुबह यज्ञ हुआ। इस दौरान सोने का श्रृंगार किया गया। हनुमान चालीसा का पाठ होगा। शाम को आरती होगी। बाबा का केक कटेगा। कल महाभंडारा होगा। संकटमोचक यज्ञ हुआ था। लोगों के संकट दूर होते हैं। बहुत दूर-दूर से श्रद्धालु यहां आते हैं। इस मंदिर की बहुत मान्यता है, लोगों को जो परेशानी होती है, वह दूर हो जाती है। इस कारण लोग यहां बाहर आते हैं। संकटमोचक बाला जी महाराज का यह पहला मंदिर है। इस दौरान भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया। दूर-दूर से भक्त दर्शन के लिए मंदिर पहुंचे। शोभायात्रा के दौरान चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल और पीएसी के जवान मौजूद रहे। सुरक्षा-व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया। शोभायात्रा में महिलाओं और पुरुषों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और हनुमान जी के भजनों में डूबे नजर आए। यह शोभायात्रा श्री बालाजी मंदिर से शुरू हुई। इसके बाद यह शहर के विभिन्न इलाकों में घूमते हुए वापस मंदिर तक पहुंची। मंदिर में भी भक्तों ने जमकर जयकारे लगाए।

### बंगाल में हिंसक प्रदर्शनों के बीच ममता बनर्जी कहा

# वक्फ कानून हमने नहीं बनाया उसका जवाब केंद्र से मांगो

**एजेंसी। कोलकाता**



वक्फ (संशोधन) अधिनियम को लेकर राज्य भर में व्यापक हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बीच, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को लोगों से शांति बनाए रखने और धर्म के नाम पर किसी भी तरह के अधर्मी व्यवहार से दूर रहने का आग्रह किया। यह शुक्रवार को बंगाल के कई हिस्सों में वक्फ अधिनियम के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों के हिंसक हो जाने के बाद आया है, जिसमें प्रदर्शनकारियों ने वाहनों को आग लगा दी, सुरक्षा बलों के साथ झड़प की, सड़क और रेल यातायात को बाधित किया और कम से कम 15 पुलिसकर्मी घायल हो गए। ममता ने एक्स पर सभी से अपील करते हुए कहा कि सभी धर्मों के लोगों से मेरी विनम्र अपील है कि कृपया शांत और संयमित रहें। धर्म के नाम पर किसी भी अधार्मिक व्यवहार में शामिल न हों। हर इंसान की जान कीमती है, राजनीति के लिए दंगे मत भड़काओ। जो लोग दंगा कर रहे हैं वे समाज को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि याद रखिए, हमने वह कानून नहीं बनाया है जिससे बहुत से लोग नाराज हैं। यह कानून केन्द्र सरकार द्वारा बनाया गया था। इसलिए जो जवाब आप चाहते हैं, वह केंद्र सरकार से मांगा जाना चाहिए। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री कहा कि हमने इस मामले पर अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है - हम इस कानून का समर्थन नहीं करते हैं। यह कानून हमारे राज्य में लागू नहीं किया जाएगा। तो फिर दंगा किस बात पर है? यह भी याद रखें कि हम दंगे भड़काने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे। हम किसी भी हिंसक गतिविधि का समर्थन नहीं करते हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक दल राजनीतिक लाभ के लिए धर्म का दुरुपयोग करने की कोशिश कर रहे हैं। उनके बहकावे में मत आइए। मेरा मानना है कि धर्म का अर्थ है मानवता, दया, सभ्यता और सद्भाव। सभी लोग शांति और सद्भाव बनाए रखें - यही मेरी अपील है। पश्चिम बंगाल के मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ ( संशोधन) अधिनियम के विरोध में प्रदर्शन के दौरान भड़की हिंसा के सिलसिले में 110 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। नए कानून को लेकर शुक्रवार को मालदा, मुर्शिदाबाद, दक्षिण 24 परगना और हुगली जिलों में हिंसा भड़क गई थी और पुलिस वैन सहित कई वाहनों में आग लगा दी गई।

# एमआईपी बाइक घोटाले में इनामी अभियुक्त गिरफ्तार, कंपनी में था प्रमोटर

**एजेंसी। नोएडा**



उत्तर प्रदेश के नोएडा में सेक्टर-58 थाना पुलिस और गौतमबुद्ध नगर क्राइम ब्रांच ने एमआईपी बाइक धोखाधड़ी मामले में वांछित जितेंद्र खंडवाल को गिरफ्तार किया है। उस पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस ने उसे नोएडा के सेक्टर-59 मेट्रो स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त जितेंद्र खंडवाल दक्षिणी दिल्ली के बदरपुर स्थित मोलर वन एक्सटेंशन का निवासी है। उसका एक और पता हरियाणा के फरीदाबाद की गांधी कॉलोनी का भी है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी वर्ष 2019 से फरार चल रहा था। उस पर गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने 25 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था।

पूछताछ में उसने बताया कि वह और उसके साथी एमआईपी कंपनी के प्रमोटर थे। उन्होंने आम लोगों को एक आकर्षक योजना के तहत झांसे में लिया, जिसमें उन्हें 62,100 रुपए निवेश करने पर एक वर्ष तक हर महीने 10,100 रुपए की आय और तत्काल 5,000 रुपए कमीशन देने का वादा किया गया था। अभियुक्त ने बताया कि उसका भाई राजेश खंडवाल 'मैपल इनोवेटिव प्रमोटिव' नामक कंपनी का संचालन करता था, जिसमें लोगों से करोड़ों रुपए जमा कराए गए थे। इस कंपनी ने फर्जी तरीके से निवेशकों से रुपए लिए और इसके बाद फरार हो गई। जितेंद्र खंडवाल के बैंक अकाउंट में करीब 30 लाख रुपए जमा हुए थे। वह इस घोटाले के बाद नोएडा से फरार हो गया था।

उस पर नोएडा के सेक्टर-58 थाने में धोखाधड़ी, जालसाजी, साजिश और धमकी देने जैसे गंभीर आरोपों में कुल चार मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 120बी और 506 शामिल हैं। सभी केस वर्ष 2019 में दर्ज हुए थे। पुलिस अब अभियुक्त से आगे की पूछताछ कर रही है ताकि इस पूरे घोटाले से जुड़े अन्य लोगों और ठगी की गई रकम के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की जा सके। बताया जाता है कि जल्द ही अन्य आरोपियों की गिरफ्तारियों की संभावना है।

# वक्फ संशोधन विधेयक पर भड़कीं मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने केंद्र सरकार के लाए गए वक्फ संशोधन विधेयक पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस विषय पर विपक्ष की चुप्पी को लेकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर करारा प्रहार किया है। मायावती ने एक्स पर लिखा है कि वक्फ संशोधन बिल पर लोकसभा में लम्बी चर्चा हुई। इस पर नेता प्रतिपक्ष के कुछ नहीं बोलना अर्थात सीएए की तरह संविधान उल्लंघन का मामला होने के विपक्ष के आरोप के बावजूद इनका चुप्पी साधे रहना क्या उचित है। इसे लेकर मुस्लिम समाज में आक्रोश व इनके इण्डिया गठबंधन में भी बेचैनी होना स्वाभाविक है। वैसे भी देश में बहुजनों के हित, कल्याण एवं सरकारी नौकरी व शिक्षा आदि में इन वर्गों के आरक्षण के अधिकार को निष्प्रभावी करके इन्हें वंचित बनाए रखने के मामले में कांग्रेस, भाजपा आदि ये पार्टियां बराबर की दोषी हैं। धार्मिक अल्पसंख्यकों को भी इनके छलावा से बचना जरूरी है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इनके ऐसे रवैयों के कारण उत्तर प्रदेश में भी बहुजनों की स्थिति हर मामले में काफी बदहाल व त्रस्त जबकि भाजपाइयों को कानून हाथ में लेने की पूरी छूट है। बिजली व अन्य सरकारी विभागों में बढ़ते हुए निजीकरण से हालात चिन्तनीय है।

## आज का राशिफल

**मेष :** दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ।

**वृष :** संतोष से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**मिथुन :** मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहे। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**कर्क :** स्वास्थ्य में ताजगी बनने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**सिंह :** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**कन्या :** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**तुला :** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रुकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। वैचारिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें।

**वृश्चिक :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। अच्छे समय का इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें।

**धनु :** सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। मनोबल ऊंचा रखें।

**मकर :** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा।

**कुंभ :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे।

**मीन :** पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें।

# हम सीट नहीं, विकास शेयरिंग की बात कर रहे हैं : विजय सिन्हा

**एजेंसी। पटना**



बिहार के उप मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय कुमार सिन्हा ने शनिवार को एनडीए के घटक दलों के नेताओं की बैठक को लेकर साफ कहा कि हम सीट शेयरिंग नहीं, विकास शेयरिंग की बात कर रहे हैं। पटना में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि बिहार के अंदर विकास हो, गरीबों का उत्थान और कल्याण हो, यही एनडीए सरकार की सोच है और इसी को लेकर बैठक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 24 अप्रैल को मधुबनी में आगमन हो रहा है। वे यहां एक रैली को संबोधित करेंगे। इसमें मधुबनी जिला के अलावा आसपास के 10 जिलों के लोग भाग लेंगे। यहां पंचायती राज विभाग, ग्रामीण विकास विभाग सहित अन्य विभागों में जनता की सहभागिता और उसकी उपयोगिता को लेकर प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन मिलेगा, जो बिहार के लिए लाभकारी और कल्याणकारी होगा। इधर, विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के एनडीए सरकार में बिहार को बर्बाद करने के आरोपों पर उप मुख्यमंत्री सिन्हा ने कहा कि जो बर्बादी के प्रतीक हैं, वे बर्बादी शब्द के भावों को लोगों को समझा रहे हैं। राजद जब तक बिहार में रहेगा और राजद की कल्चर और सोच रखने वाली मानसिकता बिहार को सम्मान कभी नहीं दे सकती है। जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का नवंबर में राजनीतिक अंत करने पर भाजपा नेता विजय सिन्हा ने कहा कि वे 'पॉलिटिकल पंडित' हो सकते हैं। यह अहंकार जनता साफ कर देगी। प्रशांत किशोर की रैली को लेकर उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सबको रैली करने का अधिकार है। इससे पहले राजद नेता तेजस्वी यादव ने सोशल नेटवर्किंग साइट 'एक्स' पर एक कार्टून साझा करते हुए नीतीश कुमार पर निशाना साधा। इसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक पैर पर खड़े हैं और उनके एक हाथ में ट्रॉफी है। इस ट्रॉफी पर लिखा हुआ है "कमजोर सीएम"। इसके अलावा इस कार्टून के पोस्ट के साथ लिखा है, "कमल कमाल, बर्बादी के 20 साल।

# पुलिस ने पटना में राजद विधायक से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी की

**पटना।** पुलिस ने शुक्रवार को पटना में जबरन वसूली के एक मामले की जांच के तहत विपक्षी राष्ट्रीय जनता दल के विधायक रीतलाल यादव और उनके करीबी सहयोगियों से जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी की। पुलिस के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि छापेमारी के दौरान पुलिस ने 10 लाख रुपये से अधिक नकद, 77 लाख रुपये के चेक, छह खाली चेक, संपत्तियों की खरीद-बिक्री से संबंधित 14 दस्तावेज और 17 चेकबुक बरामद किए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अवकाश कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि पटना के एक बिल्डर की शिकायत के आधार पर यादव और पांच अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के बाद दानापुर एवं राजधानी में 11 जगहों पर छापेमारी की गई।

# मुख्यमंत्री की बजाय 'मुख्यमंत्री-पति' चला रहे हैं दिल्ली की सरकार



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनके पति मनीष गुप्ता को लेकर बड़ा राजनीतिक हमला बोला है। 'आप' की वरिष्ठ नेता आतिशी ने आरोप लगाया कि दिल्ली की सत्ता की कमान असल में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता नहीं, बल्कि उनके पति मनीष गुप्ता चला रहे हैं। आतिशी ने एक फोटो दिखाते हुए कहा, "यह तस्वीर बहुत कुछ कहती है। इसमें साफ देखा जा सकता है कि मनीष गुप्ता एमसीडी, डीजेबी, पीडब्ल्यूडी और डीयूएसआईबी जैसे अहम सरकारी विभागों के अधिकारियों के साथ मीटिंग ले रहे हैं। सवाल यह उठता है कि आखिर किस अधिकार से मुख्यमंत्री के पति इन विभागों की बैठकों की अध्यक्षता कर रहे हैं? उन्होंने कहा कि यह दृश्य ठीक वैसा ही है जैसा पहले गांवों में देखा जाता था, जहां महिला सरपंच चुनी जाती थी लेकिन सरकारी काम उसका पति 'सरपंच-पति' बनकर करता था। आतिशी ने कहा, "ऐसी प्रथाओं का विरोध हुआ, महिलाओं को ट्रेनिंग दी गई ताकि वे अपनी जिम्मेदारियां खुद निभा सकें।

# गर्लफ्रेंड को ट्रॉली बैग में छुपाकर हॉस्टल लाया स्टूडेंट, सुरक्षाकर्मियों ने पकड़ा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सोनीपत में एक स्टूडेंट अपनी गर्लफ्रेंड को ट्रॉली वाले ट्रैवल बैग में छिपाकर बॉयज हॉस्टल में ले आया। सुरक्षा कर्मियों को शक हुआ तो उन्होंने बैग खोलकर देखा जिसमें से लड़की निकली। इस घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। पूरा मामला सोनीपत की नरेला रोड स्थित ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी का है। यूनिवर्सिटी में बने बॉयज हॉस्टल में किसी भी लड़की को आने-जाने की इजाजत नहीं है। स्टूडेंट अपनी गर्लफ्रेंड से मिलना चाहता था, लेकिन उसे मौका नहीं मिल रहा था। वह चोरी छिपे गर्लफ्रेंड को अपने साथ हॉस्टल में रखना चाहता था, इसलिए उसने यह आइडिया अपनाया। विद्यार्थी बैग को गेट के अंदर तक ले आया था। गेट पर उसने कहा कि इसके भीतर सामान है। वह जब रास्ते में ट्रैवल बैग को खींचकर ले जा रहा था तो वह अचानक अटक गया और झटका लगने से अंदर छुपी युवती की चीख निकल गई। इससे वहां तैनात सिक्योरिटी गार्ड को शक हो गया। पहले तो स्टूडेंट कहता रहा कि इसके भीतर सामान है लेकिन शक के आधार पर बैग की तलाशी लेने से पूरा राज खुल गया।

# वाराणसी के रिजवान बनाते हैं हनुमान की पेंटिंग, पीएम मोदी को देना चाहते हैं तोहफा

**एजेंसी। वाराणसी**

धर्म और मजहब की सीमाओं को तोड़ते हुए वाराणसी के रिजवान खान अपनी अनूठी हनुमान भक्ति और कला के जरिए सुर्खियां बटोर रहे हैं। 17 साल के रिजवान न सिर्फ हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं, बल्कि हनुमान जी की मनमोहक पेंटिंग्स बनाकर अपनी भक्ति के रंग भरते हैं। सपना सिर्फ एक है कि अपनी एक खास पेंटिंग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तोहफे में दें।

लालपुर क्षेत्र में रहने वाले रिजवान कक्षा 11वीं के छात्र हैं और पिछले पांच सालों से बीआर फाउंडेशन में कला और शिल्प की शिक्षा ले रहे हैं। उनकी गुरु पूनम राय ने उन्हें न सिर्फ कला के गुर सिखाए, बल्कि सभी धर्मों के प्रति सम्मान और प्रेम का पाठ भी पढ़ाया। रिजवान ने आईएएनएस से बातचीत में बताया, "मैंने अपनी टीचर पूनम मैडम से बहुत कुछ सीखा। वह हमें एक बच्चे की तरह प्रोत्साहित करती हैं और सिखाती हैं कि अमन और भाईचारे के साथ हर धर्म का सम्मान करना चाहिए।" रिजवान की कहानी इसलिए भी खास है क्योंकि वह एक मुस्लिम परिवार से हैं, लेकिन उनकी हनुमान जी के प्रति भक्ति किसी से कम नहीं। इस प्रदर्शनी में उनकी बनाई हनुमान जी, राम, सीता और लक्ष्मण की पेंटिंग्स को खूब सराहना मिली। रिजवान ने चारकोल और अन्य माध्यमों से अपनी पेंटिंग्स बनाईं, जो लोगों के बीच चर्चा का विषय बनीं। इस साल भी वह संकट मोचन मंदिर में होने वाली प्रदर्शनी की तैयारी में जुटे हैं। रिजवान की सबसे बड़ी ख्वाहिश है कि वह अपनी बनाई हनुमान जी की पेंटिंग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेंट करें। वह कहते हैं, "मैं चाहता हूं कि मेरी पेंटिंग पीएम मोदी तक पहुंचे।




### हनुमान चालीसा पढ़ते हैं रिजवान पूनम राय बनीं प्रेरणा स्रोत

"अगर मैं कुरान पढ़ सकता हूं, तो हनुमान चालीसा भी पढ़ सकता हूं। मेरे लिए भक्ति में कोई भेदभाव नहीं है।" पेंटिंग बनाते समय रिजवान हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं, जिससे उनकी कला और भक्ति का अनोखा संगम देखने को मिलता है। उनकी गुरु पूनम राय रोजाना उन्हें हनुमान चालीसा सुनाती हैं और याद करने में मदद करती हैं। पूनम राय, जो बीआर फाउंडेशन की संचालिका हैं, पिछले 25 सालों से रमजान के महीने में रोजा रखती हैं। वह कहती हैं, "मैं मानती हूं कि सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए। जब मैं रोजा रख सकती हूं, तो हनुमान जयंती, दीपावली और होली क्यों नहीं मना सकती? रिजवान में भक्ति और कला के प्रति लगन देखकर मैंने उसे प्रोत्साहित किया।

# ओडिशा: जेपी नड्डा 'विधायकों एवं सांसदों का प्रशिक्षण कार्यक्रम' का करेंगे उद्घाटन



**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ओडिशा के महत्वपूर्ण दो दिवसीय दौरे पर हैं, जहां वे पार्टी और सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। वे शनिवार को पुरी में भाजपा विधायकों और सांसदों के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आधिकारिक उद्घाटन करेंगे। 11 अप्रैल की शाम से शुरू होकर 13 अप्रैल तक चलने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य संगठनात्मक कार्यप्रणाली, शासन कौशल और वैचारिक मोर्चे पर पार्टी को मजबूत करना है। यह प्रशिक्षण सत्र पार्टी के निर्वाचित प्रतिनिधियों को पार्टी के मूल दृष्टिकोण से जोड़ने का रणनीतिक प्रयास है, जिसका उद्देश्य एकजुटता और वैचारिक स्पष्टता को बढ़ावा देना है। जेपी नड्डा का दौरा शुक्रवार को ओडिशा में आयुष्मान भारत योजना के औपचारिक शुभारंभ के साथ शुरू हुआ। राज्य भाजपा अध्यक्ष मनमोहन सामल ने कहा कि स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम से लगभग 3.5 करोड़ निवासियों को लाभ मिलने की उम्मीद है। ओडिशा की भाजपा सरकार ने छह साल बाद इस योजना को शुरू किया है, जो पिछली बीजद सरकार से नीतिगत बदलाव को दर्शाता है।

### अमेरिका में विदेशी नागरिकों के लिए बना सख्त नियम

# तीस दिन से अधिक समय तक रुकने पर कराना होगा पंजीकरण

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**

व्हाइट हाउस ने ऐलान किया कि देश में 30 दिनों से अधिक समय तक रहने वाले सभी विदेशी नागरिकों को संघीय सरकार के पास पंजीकरण कराना होगा। ऐसा नहीं करने पर उन्हें जुर्माना, जेल और निर्वासन का सामना करना पड़ेगा। इस घोषणा से अमेरिका भर में अप्रवासी समुदायों के बीच चिंता पैदा हो गई है।



व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव ने कहा इसका पालन नहीं करना अपराध है


व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा, संयुक्त राज्य अमेरिका में 30 दिनों से अधिक समय तक रहने वाले सभी विदेशी नागरिकों को संघीय सरकार के पास पंजीकरण कराना होगा। इसका पालन न करना एक अपराध है, जिसके लिए जुर्माना, कारावास या दोनों का प्रावधान है। लेविट ने कहा, यदि ऐसा नहीं किया गया तो आपको गिरफ्तार कर लिया जाएगा, जुर्माना लगाया जाएगा, निर्वासित कर दिया जाएगा और आप कभी भी हमारे देश में वापस नहीं आ सकेंगे।

यह निर्देश, दूसरे विश्व युद्ध के दशकों पुराने एलियन पंजीकरण अधिनियम पर आधारित है। इसे ट्रंप की तरफ से नियुक्त अमेरिकी जिला जज ट्रेवर एन. मैकफैडेन के फैसले के बाद हरी झंडी दी गई, जिन्होंने वकालत समूहों की कानूनी चुनौती को खारिज कर दिया। इससे विवादास्पद निर्देश के प्रभावी होने का रास्ता साफ हो गया। नए नियम के तहत, विदेशी नागरिकों - जिनमें वीजा धारक और कानूनी स्थायी निवासी शामिल हैं - को हर समय पंजीकरण का प्रमाण साथ रखना होगा। यह निर्देश 30 दिनों से अधिक समय तक अमेरिका में रहने वाले व्यक्तियों पर लागू होता है। इसमें नए आने वाले विदेशी नागरिक भी शामिल हैं, जिन्हें वैध दस्तावेज न होने पर देश में प्रवेश के एक महीने के भीतर पंजीकरण कराना होगा। होमलैंड सिक्योरिटी विभाग (डीएचएस) ने स्पष्ट किया है कि 11 अप्रैल के बाद अमेरिका में प्रवेश करने वाले व्यक्तियों को 30 दिनों के भीतर पंजीकरण कराना जरूरी है। 14 वर्ष की आयु पूरी करने वाले बच्चों को भी दोबारा रजिस्ट्रेशन कराना होगा और फिंगरप्रिंट देना होगा, चाहे उनका पहले से कोई पंजीकरण क्यों न हुआ हो।

### शहीद की बेटी के विवाह समारोह में शामिल हुए लोकसभा अध्यक्ष

# ओम बिरला ने निभाई मायरा की रस्म

**कोटा (आईएएनएस)**



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कोटा में एक शहीद की बेटी के विवाह समारोह का हिस्सा बने। वह सिर्फ इसमें शामिल ही नहीं हुए, बल्कि उन्होंने शहीद हेमराज मीणा और वीरांगना मधुबाला की बेटी रीना के विवाह समारोह में भात (मायरा) की रस्म भी निभाई। इस मौके पर परिवार और स्थानीय लोग भावुक हो उठे। विवाह समारोह में ओम बिरला ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भात की रस्म पूरी की। उन्होंने रीना को चुनरी ओढ़ाई और परिवार को आशीर्वाद दिया। इस दौरान उन्होंने शहीद हेमराज मीणा को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने देश के लिए अपनी जान दी थी। बिरला ने कहा कि शहीद का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता और उनकी बेटी के विवाह में शामिल होना गर्व का क्षण है। शहीद की पत्नी वीरांगना मधुबाला ने इस मौके पर भावुक होते हुए कहा, मेरे पति ने अपनी बेटी के लिए छह साल पहले किया वादा आज भी पूरा किया। भले ही वे आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी यादें और प्रेम हमेशा हमारे साथ हैं। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष का आभार जताया, जिन्होंने परिवार के इस खास मौके को और यादगार बनाया। रीना ने भी अपने पिता को याद करते हुए कहा कि वह अपने नए जीवन में उनके दिखाए रास्ते पर चलेंगी। समारोह में मौजूद परिवारजनों और रिश्तेदारों ने शहीद हेमराज को याद कर उनकी वीरता की चर्चा की। ओम बिरला ने परिवार के साथ समय बिताया और उनकी खुशी में शामिल हुए।

## म्यांमार में विनाशकारी भूकंप के बाद से महसूस किए गए 468 झटके

**बैंकॉक (आईएएनएस)।** 28 मार्च को आए 7.7 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप के बाद, शनिवार तक म्यांमार और आसपास के क्षेत्रों में कुल 468 झटके दर्ज किए गए। थाई मौसम विभाग के भूकंप अवलोकन प्रभाग की एक रिपोर्ट के अनुसार, 1.0 और 2.9 के बीच तीव्रता वाले 184 झटके, 3.0 और 3.9 के बीच तीव्रता वाले 198 झटके, 4.0 और 4.9 के बीच तीव्रता वाले 73 झटके, 5.0 और 5.9 के बीच तीव्रता वाले 13 झटके आए। थाईलैंड में मुख्य रूप से माई होंग सोन प्रांत में कुल 21 हल्के झटके महसूस किए गए, जिनकी तीव्रता 1.0 से 5.9 के बीच रही। म्यांमार के राज्य प्रशासन परिषद सूचना दल के अनुसार, शुक्रवार तक देश में आए विनाशकारी भूकंप में 3,689 लोगों की जान चली गई, 5,020 लोग घायल हुए, 139 अन्य लापता हैं। इस बीच यूएन ने म्यांमार में अधिक से अधिक जरुरतमंदों तक मदद पहुंचाने के लिए, वित्तीय समर्थन बढ़ाने और तत्काल युद्धविराम लागू किए जाने की अपील की।

## राष्ट्रपति ने कथक गुरु कुमुदिनी लाखिया के निधन पर जताया दुख

**नई दिल्ली (हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने



शनिवार को प्रसिद्ध भारतीय कथक नृत्यांगना और कोरियोग्राफर कुमुदिनी लाखिया के निधन पर दुख जताया। लाखिया का आज गुजरात में उनके आवास पर निधन हो गया। वह 95 वर्ष की थीं। राष्ट्रपति ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, "प्रख्यात कथक नृत्यांगना कुमुदिनी लाखिया के निधन के बारे में जानकर दुख हुआ। पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री से सम्मानित लाखिया ने कदम्ब नृत्य केंद्र के माध्यम से कई छात्रों को प्रशिक्षित और मार्गदर्शन किया। उन्होंने अभिनव समकालीन व्याख्याओं के माध्यम से कथक नृत्य की प्रस्तुति को बदल दिया। प्रदर्शन कला के क्षेत्र में उनके योगदान को हमेशा संजोया जाएगा। उनके परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।"उल्लेखनीय है कि कुमुदिनी लाखिया का जन्म 17 मई 1930 को अहमदाबाद में हुआ था। वह एक सफल भारतीय कथक नर्तक और कोरियोग्राफर थीं। उन्होंने 1967 में अहमदाबाद में कदंब नृत्य एवं संगीत विद्यालय की स्थापना की, जो भारतीय नृत्य और संगीत को समर्पित एक संस्था है। उन्हें हाल ही में पद्म विभूषण से सम्मानित होने वाले लोगों की सूची में शामिल किया गया था। इससे पहले 2010 में उन्हें पद्म भूषण और 1987 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था।

## पाक में 5.8 तीव्रता का भूकंप, जम्मू में भी महसूस किए गए झटके

**श्रीनगर (आईएएनएस)।** पाकिस्तान में शनिवार को रिक्टर पैमाने पर 5.8 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप के झटके जम्मू-कश्मीर में भी महसूस किए गए। मौसम विभाग के निदेशक मुख्तार अहमद ने आईएएनएस को बताया कि शनिवार को 13:00:55 बजे 33.63 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 72.46 डिग्री पूर्वी देशांतर पर रिक्टर पैमाने पर 5.8 तीव्रता का भूकंप आया। अहमद ने कहा, "भूकंप का केंद्र पाकिस्तान क्षेत्र में था। भूकंप धरती के 10 किलोमीटर अंदर आया। जम्मू-कश्मीर में भी हल्के झटके महसूस किए गए।"भूकंप विज्ञान की दृष्टि से कश्मीर घाटी भूकंप-प्रवण क्षेत्र में स्थित है, जहां अतीत में भूकंपों ने तबाही मचाई है।

# चीन की वाणिज्यिक राजधानी शंघाई में ट्रंप विरोधी भावनाएं बढ़ने लगीं

**-ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ तानाशाही का जैसे को तैसा के अंदाज में ख़म ठोककर जवाब दे रहा चीन के वाणिज्यिक राजधानी शंघाई में जन भावना ऐसी होती जा रही है कि दुकानदारों ने लग्जरी मॉल्स को सामानों से भर दिया, और डिलीवरी ड्राइवर पहले की ही तरह तेज़ रफ़्तार से घुमावदार सड़कों पर दौड़ रहे थे, तो फाइनेंसरों ने राहत की सांस ली। रातों-रात, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दर्जनों देशों के लिए 50% तक के अपने तथाकथित "पारस्परिक टैरिफ" पर 90-दिवसीय रोक की घोषणा करते हुए अपना रुख बदल दिया। लेकिन उन्होंने चीन को ऐसी कोई राहत नहीं दी - इसके बजाय, चीनी सामानों पर शुल्क और बढ़ाकर 145% कर दिया । इसके बाद चीन व शंघाई की जनता व उपभोक्ता ने चीनी व्यापारियों को दिखा दिया कि सब कुछ खत्म नहीं हुआ है, इसलिए शिद्दत के साथ एकजुट हो अड़कर , तानाशाह ट्रम्प का मुंहतोड़ जवाब दो।इस बारे में द गार्जियन में शंघाई से एमी हॉकिन्स की बेहतरीन रिपोर्ट व विश्लेषण छपा है।जिस में है कि दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों पर दंडात्मक टैरिफ की ट्रम्प की घोषणा ने उन मार्गों को बंद करने का जोखिम उठाया था, जिनका उपयोग चीनी कंपनियां अपने पहले कार्यकाल से ही अपने करों से बचने के लिए कर रही थीं। 2017 से, चीनी वस्तुओं पर टैरिफ के कारण, अमेरिका को भेजे जाने वाले चीन के निर्यात का हिस्सा लगभग 20% से घटकर 15% से भी कम रह गया है। लेकिन उस व्यापार का ज्यादातर हिस्सा तीसरे देशों के ज़रिए ही होता रहा है, क्योंकि चीनी कंपनियां सस्ती श्रम लागत और अमेरिकी बाज़ार तक आसान पहुँच वाले स्थानों पर अपनी दुकानें खोलती हैं। आसियान देशों में चीनी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 2023 में $24 बिलियन तक पहुँच गया, जो 2017 में $10 बिलियन से भी कम था। चीन की कई प्रमुख सौर कंपनियाँ विनिर्माण को दक्षिण-पूर्व एशिया में स्थानांतरित कर चुकी हैं। इसलिए इस तथ्य के बावजूद कि अमेरिकी बाजार में "मेड इन चाइना" सोलर पैनल लगभग न के बराबर हैं, लेकिन अमेरिका के 80% सोलर पैनल मलेशिया, कंबोडिया, वियतनाम और थाईलैंड से आते हैं। जहां ये चीनी कंपनियों के सहयोग से चल रहे हैं। अगले सप्ताह, राष्ट्रपति शी जिनपिंग इस साल अपनी पहली आधिकारिक विदेश यात्रा पर वियतनाम, मलेशिया और कंबोडिया का दौरा करेंगे। अमेरिका को निर्यात करने की उन देशों की क्षमता को बाधित करने से चीनी कंपनियों को द्विपक्षीय टैरिफ से कहीं ज़्यादा आर्थिक नुकसान होगा। इसलिए, चीन की वाणिज्यिक राजधानी शंघाई में, अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध की वापसी, जो अभी भी अवांछनीय है, कुछ हद तक राहत देने वाली है। लेकिन वैचारिक मोर्चे पर, चीन में ट्रंप द्वारा 145% टैरिफ लगाए जाने पर मूड सख्त हो रहा है। राज्य मीडिया और विदेश मंत्रालय 1987 में टैरिफ की निंदा करते हुए पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन की एक क्लिप साझा कर रहे हैं। एक्स पर, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने अमेरिका को ट्रोल करते हुए एक मेक अमेरिका ग्रेट अगेन बेसबॉल कैप की कीमत $50 से $77 तक बढ़ाने का मीम पोस्ट किया है।

### ट्रंप पर 'इनसाइडर ट्रेडिंग' को हवा देने, अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने का आरोप

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर बाजार में हेरफेर कराने , 'इनसाइडर ट्रेडिंग' को हवा देने , अपने चहेते धंधेबाजों को लाभ पहुँचाने के आरोप लग रहे हैं, क्योंकि उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि यह 'खरीदारी के लिए बढ़िया समय' है, इससे कुछ घंटे पहले ही उन्होंने अपने व्यापार युद्ध पर नाटकीय यू-टर्न लिया, जिसके कारण दुनिया भर के शेयर बाजारों में भारी उछाल आया। इस बारे में द गार्जियन में लॉरेन अल्मेडा ने लिखा है - बीते बुधवार की सुबह अमेरिकी बाजार खुलने के कुछ समय बाद ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा: "खरीदारी के लिए यह बढ़िया समय है!!! चार घंटे से भी कम समय बाद, उन्होंने चीन को छोड़कर अधिकांश देशों पर अतिरिक्त व्यापार शुल्क पर 90-दिवसीय रोक की घोषणा करके निवेशकों को चौंका दिया, जिससे शेयर सूचकांक में उछाल आया। अमेरिका में एसएंडपी 500 ब्लू चिप इंडेक्स 9% से अधिक ऊपर बंद हुआ, जबकि प्रौद्योगिकी-केंद्रित नैस्डैक इंडेक्स 12% से अधिक ऊपर बंद हुआ। गुरुवार को एशिया और यूरोप में शेयरों में उछाल जारी रहा, जापान के निक्केई 225 सूचकांक में 9% की वृद्धि हुई, और लंदन के एफटीएसई 100 सूचकांक में शुरुआती कारोबार में 4% तक की वृद्धि हुई। ट्रंप आमतौर पर अपने पद पर अपने नाम के पहले अक्षर नहीं लिखते। ये अक्षर ट्रम्प मीडिया एंड टेक्नोलॉजी ग्रुप के टिकर के समान हैं, जो ट्रुथ सोशल को नियंत्रित करने वाला व्यवसाय है, जिसके शेयर में बुधवार को 22% की वृद्धि हुई। अमेरिकी राष्ट्रपति के पोस्ट के समय और उसके बाद शेयरों में भारी उछाल ने बाजार में हेरफेर के आरोपों को जन्म दिया है। डेमोक्रेटिक सीनेटर एडम शिफ ने जांच की मांग करते हुए कहा: "नीति में ये निरंतर उतार-चढ़ाव अंदरूनी व्यापार के लिए खतरनाक अवसर प्रदान करते हैं। "प्रशासन में कौन ट्रम्प के नवीनतम टैरिफ फ्लिप-फ्लॉप के बारे में पहले से जानता था? क्या किसी ने शेयर खरीदे या बेचे, और जनता की कीमत पर लाभ कमाया? मैं व्हाइट हाउस को लिख रहा हूँ - जनता को जानने का अधिकार है।"

## यूक्रेन युद्ध विराम पर 'आगे बढ़े' रूस : अमेरिकी राष्ट्रपति

### अमेरिकी विशेष दूत विटकॉफ व पुतिन की हुई मुलाकात



**सेंट पीटर्सबर्ग (आईएएनएस)**

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन संघर्ष पर बातचीत के लिए सेंट पीटर्सबर्ग में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ से मुलाकात की। इस वर्ष दोनों की यह तीसरी वार्ता थी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, क्रेमलिन ने कहा कि बैठक चार घंटे से ज्यादा चली और इसमें 'यूक्रेनी समझौते के पहलुओं' पर ध्यान केंद्रित किया गया। पुतिन से मिलने से पहले, विटकॉफ ने किरिल दिमित्रिएव के साथ बातचीत की। दिमित्रिएव ने बाद में कहा कि बातचीत 'सार्थक' रही। वे रूसी प्रत्यक्ष निवेश कोष के प्रमुख और विदेशी देशों के साथ आर्थिक सहयोग के लिए रूसी राष्ट्रपति के विशेष दूत हैं।

विटकॉफ-पुतिन की मुलाकात ऐसे समय में हुई जब ट्रंप ने बातचीत की स्थिति को लेकर पुतिन के प्रति निराशा व्यक्त की। शुक्रवार को उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, रूस को आगे बढ़ना होगा। बहुत से लोग मर रहे हैं, हजारों लोग हर हफ्ते, एक भयानक और निरर्थक युद्ध में। इस बीच, ट्रंप के यूक्रेन दूत कीथ केलॉग ने इससे इनकार किया कि उन्होंने यूक्रेन के विभाजन का सुझाव दिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, एक इंटरव्यू के दौरान, केलॉग ने प्रस्ताव दिया कि ब्रिटिश और फ्रांसीसी सैनिक 'आश्वासन बल' के हिस्से के रूप में यूक्रेन के पश्चिम में नियंत्रण क्षेत्रों को अपना सकते हैं। उन्होंने कथित तौर पर सुझाव दिया कि रूस की सेना कब्जे वाले पूर्वी क्षेत्र में रह सकती है। उन्होंने कहा, आप इसे लगभग वैसा ही बना सकते हैं, जैसा दूसरे विश्व युद्ध के बाद बर्लिन के साथ हुआ था।

## वक्फ संशोधन एक्ट विरोधी प्रदर्शन के दौरान भड़की हिंसा में दो की मौत

### मुर्शिदाबाद में हालात तनावपूर्ण

**कोलकाता (हि.स.)**

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ एक्ट के विरोध में हुए प्रदर्शन ने हिंसक रूप ले लिया। शमशेरगंज इलाके में शुक्रवार रात शुरू हुई झड़पों के बाद दो लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने अब तक 118 लोगों को गिरफ्तार किया है। हिंसा के बाद जिले में तनाव का माहौल बना हुआ है। जंगीपुर क्षेत्र में शनिवार को प्रदर्शनकारियों ने वाहनों में आगजनी की और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। कई जगहों पर पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है।

पश्चिम बंगाल के कानून व्यवस्था के एडीजी जावेद शमीम ने शनिवार को इस बात की पुष्टि की कि मुर्शिदाबाद में दो लोगों की



मौत हुई है। हालांकि गोली किसने चलाई इस बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि बहुत हद तक संभव है कि बीएसएफ ने गोली चलाई है। उल्लेखनीय है कि मुर्शिदाबाद में जब पश्चिम बंगाल पुलिस हिंसा को संभालने में विफल रही तो बीएसएफ से मदद मांगी गई।






**कहानी फिल्म जगत की**

रिपोर्ट्स के मुताबिक करिश्मा और करीना कपूर के बाद अब रिद्धिमा भी फिल्मी दुनिया में अपना कदम रखने को तैयार हैं। खास बात ये है कि रिद्धिमा का बॉलीवुड डेब्यू बेहद दिलचस्प होने वाला है, क्योंकि उनकी पहली फिल्म में वो कॉमेडी किंग कपिल शर्मा के साथ रोमांस करती नजर आएंगी। बात यहीं खत्म नहीं होती, इस फिल्म में रिद्धिमा की मां और मशहूर अभिनेत्री नीतू कपूर भी एक अहम भूमिका में दिखाई देंगी। ऐसे में मां-बेटी की जोड़ी और साथ ही कपिल शर्मा का तड़का, ये तिकड़ी पर्दे पर एक नया अनुभव लेकर आने वाली है।



## रिद्धिमा कपूर करेंगी बॉलीवुड डेब्यू, कपिल शर्मा और नीतू कपूर संग आएंगी नजर

कपूर खानदान की चमक-दमक और बॉलीवुड की गलियों से हमेशा थोड़ी दूर रहने वाली रिद्धिमा कपूर अब लाइमलाइट की ओर कदम बढ़ाती नजर आ रही हैं। सितारों से भरे इस प्रतिष्ठित परिवार में जन्मी रिद्धिमा का मिजाज भले ही थोड़ा अलग रहा हो, लेकिन अब खबरें हैं कि वो भी बॉलीवुड में अपनी पारी की शुरुआत करने जा रही हैं। लेकिन अब ऐसा लगता है कि एक्टिंग का जुनून धीरे-धीरे उनके भीतर भी जाग चुका है। सूत्रों के अनुसार, रिद्धिमा जल्द ही किसी प्रोजेक्ट के जरिए बॉलीवुड में डेब्यू कर सकती हैं। हालाँकि अभी इस बारे में आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन उनके फैंस के बीच इस खबर ने उत्सुकता जरूर बढ़ा दी है।

फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन इतना तो तय है कि कपूर परिवार का यह नया अध्याय बॉलीवुड के दर्शकों के लिए बेहद खास होने वाला है।

कपिल शर्मा अपनी अगली फिल्म की तैयारी में जुट गए हैं, जिसकी कमान निर्देशक आशीष आर मोहन ने संभाली है। ये फिल्म एक फुल-ऑन कॉमिक एंटरटेनर होगी, और इसकी शूटिंग अप्रैल से चंडीगढ़ में शुरू होने जा रही है। इस खास प्रोजेक्ट से रिद्धिमा कपूर साहनी भी अपने फिल्मी करियर की शुरुआत करने जा रही हैं और इस डेब्यू को लेकर वो बेहद उत्साहित हैं। रिद्धिमा को दर्शकों ने पहले भी स्क्रीन पर देखा है। वो पिछले साल नेटफ्लिक्स के पॉपुलर शो 'फैबुलस लाइफ वर्सेस बॉलीवुड वाइव्स' के तीसरे सीजन में नजर आई थीं, जहां उनका स्टाइलिश और कॉन्फिडेंट अंदाज़ खासा पसंद किया गया था।

# कल्पना सोरेन ने डीपीएस रांची के सक्रिय दृष्टिकोण की सराहना की

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में शैक्षिक समृद्धि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), रांची के प्राचार्य डॉ आरके झा और प्राइमरी विंग की इंचार्ज, प्रभा सिंह ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अर्धांगिनी एवं झारखंड विधानसभा की सदस्य कल्पना मुर्मू सोरेन के साथ सीएम आवास में औपचारिक मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान छात्र कौशल को बढ़ाने और राज्य के विकासात्मक लक्ष्यों के साथ शैक्षिक पहल को संरेखित करने की रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित किया गया।



डीपीएस रांची के प्राचार्य एवं प्राइमरी विंग की इंचार्ज ने विधायक कल्पना सोरेन से मुलाकात की

विचार-विमर्श के दौरान, डॉ आरके झा एवं प्रभा सिंह ने मुख्यधारा की शिक्षा में अनुभवात्मक और योग्यता-आधारित सीखने को शामिल करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। कल्पना सोरेन ने झारखंड में सामाजिक विकास को आगे बढ़ाने में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए ऐसी पहलों के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया।

डॉ आरके झा ने कहा, हमारा उद्देश्य एक ऐसा शिक्षण वातावरण विकसित करना है जो 21वीं सदी के कौशल के विकास को बढ़ावा दे, छात्रों को वैश्विक कार्यबल की गतिशील मांगों को पूरा करने के लिए सशक्त बनाए।

प्रभा सिंह ने कहा, कौशल विकास के बारे में प्रारंभिक जानकारी बच्चे के सीखने के तरीके और भविष्य के अवसरों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकती है। कल्पना सोरेन ने सामाजिक परिदृश्य को बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करने के लिए डीपीएस रांची के सक्रिय दृष्टिकोण की सराहना की और राज्य भर में छात्रों के बीच कौशल विकास को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रमों को लागू करने के लिए निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया।

देवघर में श्री मंगलधाम के भूमि पूजनोत्सव में शामिल हुए राज्यपाल, कहा

# श्रद्धा, आस्था व आध्यात्म की दिव्य भूमि है देवघर

- भगवान हनुमान निःस्वार्थ सेवा, आत्मसंयम और कर्तव्यपरायणता के आदर्श हैं

**नवीन मेल डेस्क**

**देवघर।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार शनिवार को देवघर में हनुमान जयंती के पावन अवसर पर सेवा फाउंडेशन, देवघर की ओर से आयोजित श्री मंगलधाम के भूमि पूजनोत्सव में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि भगवान हनुमान जी न केवल शक्ति और भक्ति के प्रतीक हैं, बल्कि निःस्वार्थ सेवा, आत्मसंयम और कर्तव्यपरायणता के आदर्श हैं। उन्होंने कहा कि यह पावन दिन हम सभी को अपने कर्तव्यों का पालन पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ करने का संकल्प दिलाता है।

राज्यपाल ने कहा कि देवघर केवल एक धार्मिक तीर्थ नहीं, बल्कि श्रद्धा, आस्था और आध्यात्म की दिव्य भूमि है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र एक समृद्ध धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन केंद्र के रूप में विख्यात है।





## रामभक्ति और राष्ट्रभक्ति में कोई अंतर नहीं : दत्तात्रेय होसबाले

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि रामभक्ति और राष्ट्रभक्ति में कोई अंतर नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां राम हैं, वहां राष्ट्र है, जहां राम नहीं, वह राष्ट्र नहीं। उन्होंने वीर हनुमान की स्वामी भक्ति पर कहा कि हनुमान जी में सेवा परायणता और स्वामी भक्ति कूट कूटकर भरी है। उन्होंने उपस्थित लोगों और उनके परिवार के सदस्यों को हनुमान जी के गुणों का अनुसरण करने का आह्वान किया।

उन्होंने विश्वास जताया कि आधारभूत संरचना के सशक्त विकास के माध्यम से देवघर को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर भी विशिष्ट स्थान दिलाया जा सकता है। राज्यपाल ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि सेवा फाउंडेशन, देवघर शिक्षा, स्वास्थ्य एवं कौशल विकास के क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाज के वंचित वर्गों की सेवा से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि ऐसे सेवाभाव युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे और श्री मंगलधाम श्रद्धा और सेवा का संगम स्थल बनकर मानव कल्याण की भावना को निरंतर प्रज्वलित करता रहेगा। राज्यपाल ने सभी उपस्थित जनों से आग्रह किया कि वे परोपकार, संयम और सेवा के पथ पर अग्रसर हों।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने राज्यपाल संतोष गंगवार के सरल व्यक्तित्व की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि झारखंड को ऐसे राज्यपाल मिले हैं जिनके दरवाजे आम जनता के लिए हमेशा खुले रहते हैं। इस अवसर पर गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, समीर उरांव, पूर्व मंत्री सुखदेव भगत, अभय कांत प्रसाद, दीपक प्रकाश, राज पलिवार, रणधीर सिंह, आशा लकड़ा, सुनील सोरेन, राकेश भास्कर, सुदर्शन भगत, आशा किरण सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा ने जीव-दया के कार्यक्रम का किया आयोजन



**रांची।** आज मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा अध्यक्ष पूजा अग्रवाल की अध्यक्षता में दिनांक 12 अप्रैल 2025 शनिवार को सुबह 8 बजे हरमू रोड स्थित गौशाला में जीव दया के कार्यक्रम की तहत पक्षियों को दाना और पानी देने का कार्य किया। भीषण गर्मी को देखते हुए यह कार्य 4 महीने तक लगातार किया जाएगा। हनुमान जन्म उत्सव के उपलक्ष अंतर्गत में गौ सेवा भी कराई गई। आज के इस कार्य में गौ सेवा प्रभारी निकिता जालान जिन्होंने बहुत अच्छे से तैयारी की थी। मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने बताया, सभी बहनों ने मिलकर निर्णय लिया कि सभी एक-एक पात्र वह अपने घर में भी लगाएंगे। कार्य को सफल आयोजन हेतु वहां उपस्थित सभी बहने जिसमें शाखा अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, शुभा अग्रवाल, निकिता जालान,वेदिका सिंघानिया , सौम्या सोमता, दिशा जैन,रितु पोद्दार अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## झामुमो में शामिल हुईं आजसू नेत्री नीरू शांति

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय (कैंप) में लोहरदगा से आजसू पार्टी की पूर्व प्रत्याशी नीरू शांति भगत के नेतृत्व में कई लोगों ने पार्टी का दामन थामा। पार्टी में शामिल होनेवाले अन्य नेताओं में आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय के सचिव आशुतोष गोस्वामी, लोहरदगा, हजारीबाग और रामगढ़ जिला के आजसू पार्टी कई कार्यकताओं ने पार्टी की सदस्यता ली। मौके पर झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने सभी को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई और स्वागत किया। मौके पर उन्होंने पार्टी के नीतियों से अवगत कराते हुए संगठन को मजबूत कर कार्य करने का संकल्प दिलाया। झामुमो में शामिल होनेवालों में विश्वास उरांव, संजय लकड़ा, रामचंद्र गिरी, शाहिद अंसारी, नसीम अख्तर, विजय उरांव, धर्मेंद्र भगत, सुभाष भगत सहित अन्य का नाम शामिल है।

## पेंशनर्स को आठवें वेतन से वंचित करने पर होगा आंदोलन : एसोसिएशन





**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची जीपीओ में ऑल इंडिया पोस्टल, आरएमएस पेंशनर्स एसोसिएशन झारखंड की बैठक शनिवार को साधन कुमार सिन्हा, पूर्व वरीय डाक अधीक्षक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पेंशन अधिनियम में वैलिडेशन के नाम पर 25 मार्च को संसद की ओर से पारित संशोधन को लेकर रांची सहित अन्य जिलों में आयोजित धरना कार्यक्रम की समीक्षा की गई और आशा जताई गई कि यदि अधिनियम के खिलाफ पेंशनभोगियों को आठवें वेतन आयोग के लाभ से वंचित करने पर देश भर में उग्र आंदोलन किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि जनवरी 1996 से पोस्टमैन के बकाया भुगतान और लेखा डाक निदेशक कार्यालय में अन्य लंबित मुद्दों को लेकर 29 अप्रैल को बरियातू स्थित डाक लेखा निदेशक कार्यालय के समक्ष राज्य स्तरीय धरना देने का निर्णय लिया गया।

धरना में धनबाद, जमशेदपुर, हजारीबाग, गिरिडीह, दुमका, पलामू, गुमला, सिमडेगा सहित अन्य, जिलों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। इसके अलावा एसोसिएशन का चौथा राज्य सम्मेलन 18 मई को जमशेदपुर में आयोजित करने और राज्य कार्यकारिणी की ऑनलाइन बैठक गूगल मीट पर 27 अप्रैल को करने का निर्णय लिया गया।

## सुनीत शर्मा बने कांग्रेस के कनेक्ट सेंटर के प्रदेश प्रभारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सुनीत शर्मा को राज्य स्तरीय कनेक्ट सेंटर का प्रभारी नियुक्त किया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति ने शनिवार को बताया कि राज्य के कार्यकताओं से सीधा संवाद स्थापित करने तथा राष्ट्रीय नेतृत्व तक संगठन की जानकारी को पहुंचाने के लिए कनेक्ट केंद्र (साथी केंद्र) की स्थापना झारखंड में केंद्रीय नेतृत्व ने की है।

उन्होंने बताया कि कनेक्ट सेंटर के सफल संचालन के लिए राज्य के प्रभारी की ओर से सेंटर का संचालन करने वाले राष्ट्रीय पदाधिकारी को सहयोग किया जाएगा। कनेक्ट सेंटर से जहां एक ओर कार्यकर्ता सीधा केंद्रीय नेतृत्व से जुड़ेंगे, वहीं केंद्रीय नेतृत्व भी जमीनी स्तर के कार्यकताओं से जरूरी सूचनाओं और जानकारी प्राप्त कर उसी अनुसार कार्यक्रम तय कर कार्यक्रमों का क्रियान्वयन करेगी।

> सोनाल शांति ने कहा कि कनेक्ट सेंटर के जरिए कार्यकर्ता सीधे संगठन को लेकर अपनी बातों को रख सकेंगे और अपनी भावनाओं से नेतृत्व को अवगत करा सकेंगे।

## कांग्रेस की मानव शृंखला की तैयारियां जोरों पर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में 14 अप्रैल को रांची के डोरंडा स्थित अंबेडकर चौक से राजेंद्र चौक तक मानव शृंखला और आमसभा को लेकर तैयारियां जोरों पर है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शनिवार को ग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के साथ विधायक भूषण बाड़ा, प्रदेश कांग्रेस महासचिव आलोक कुमार दूबे, मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता, अजयनाथ शाहदेव, रांची महानगर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ कुमार राजा, रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने समीक्षा की। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि यह आयोजन संविधान की मूल भावना को बचाने और बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार निरंतर हमारे संविधान को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। ऐसे समय में हर कांग्रेस कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह संविधान की रक्षा में पूरी ताकत से खड़ा हो।





## राज्यपाल ने बादल पत्रलेख के दिवंगत पिता को अर्पित की श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार शनिवार को देवघर जिले के कुशमाहा स्थित पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख के पैतृक आवास गए। वहां उन्होंने बादल पत्रलेख के पिता स्व. हरिशंकर पत्रलेख की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की चिरशांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिवारजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की।

## जल्द ही लागू होगी नई उत्पाद नीति

### शराब की कीमतों में बदलाव की है संभावना

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** एक जून 2025 से नई उत्पाद नीति लागू हो सकती है। नई उत्पाद नीति के ड्राफ्ट को विभागीय मंत्री की सहमति के बाद राजस्व पर्षद, वित्त विभाग और विधि विभाग के पास भेजा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वित्त विभाग ने प्रस्तावित नीति के कुछ बिंदुओं पर उत्पाद विभाग से जानकारी मांगी है।



उत्पाद नीति को संबंधित विभागों से स्वीकृति मिलने के बाद कैबिनेट की स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा।

### कम हो सकती हैं शराब की कीमतें

नई उत्पाद नीति लागू होने के बाद झारखंड में शराब की कीमतें कम होने की संभावना है। इससे राज्यवासियों को शराब खरीदने में राहत मिल सकती है। फिलहाल झारखंड में विभिन्न प्रकार की शराब की कीमतें अलग-अलग हैं। जैसे कि व्हिस्की, रम, बीयर आदि। नई उत्पाद नीति लागू होने के बाद इनकी कीमतों में बदलाव हो सकता है।

### ई लॉटरी के माध्यम से होगा आवंटन

नई उत्पाद नीति के तहत खुदरा शराब दुकानों का आवंटन ई लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए एनआईसी द्वारा एक सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है, जिसका परीक्षण विभागीय स्तर पर किया जा रहा है।

## महान शिक्षाविद् डॉ रामप्रसाद का निधन अपूरणीय क्षति : राजेंद्र प्रसाद

### राजेंद्र प्रसाद ने डॉ राम प्रसाद को पद्मश्री देने की मांग की और इसके लिए झारखंड सरकार से पहल करने का आग्रह किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हिंदी साहित्य एवं नागपुरी भाषा के मूर्धन्य विद्वान अत्यंत सौम्य, सरल व्यक्तित्व के धनी, मृदुभाषी और परोपकारी, महान उद्भट्ट शिक्षाविद् गोस्सनर कॉलेज रांची विश्वविद्यालय जनजाति एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष नागपुरी भाषा में डिलीट करने वाले पहले प्रथम नागपुरी प्राध्यापक डॉ रामप्रसाद के असमय निधन पर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने गहरी संवेदना और दुःख व्यक्त किया है।

राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि डॉ राम प्रसाद सिमडेगा जिला के ग्राम रुशू में एक साधारण गरीब परिवार में जन्मे, उनकी स्कूली शिक्षा से कॉलेज तक की पढ़ाई करना बड़ा संघर्षपूर्ण रहा था। उनके बड़े भाई ने समाज का सहयोग लेकर शिक्षाविद् डॉ राम को इस मुकाम तक पहुंचने में बड़ा योगदान दिया है। प्रसाद ने कहा कि डॉ राम प्रसाद सरल स्वभाव और कट्टर ईमानदार, कर्तव्य निष्ठ व्याख्याता थे। राजेंद्र प्रसाद ने डॉ राम प्रसाद के निधन को झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। राजेंद्र प्रसाद ने डॉ राम प्रसाद को पद्मश्री देने की मांग की और इसके लिए झारखंड सरकार से पहल करने का आग्रह किया।



डॉ रामप्रसाद के निधन पर नागपुरी कवि क्षितिश कुमार राय ने भी दुःख व्यक्त किया है। राय ने कहा कि डॉ रामप्रसाद के निधन से आज झारखंड के हर क्षेत्र के शिक्षाविद् और कलाकार दुखी हैं।

## पृष्ठ एक के शेष

**झारखंड का लोकतंत्र है बेहद...**

लिया। इस दौरान वे मंदिर में आयोजित हवन कार्यक्रम में भी शामिल हुए। मुख्य चुनाव आयुक्त की यह यात्रा धार्मिक और व्यक्तिगत थी। लेकिन, उनकी उपस्थिति को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सभी ने विधिवत पूजा-पाठ कर मां छिन्नमस्तिका से क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न होने की कामना की।

**नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट में...**

की ओर से अभी भी अभियान जारी है। एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि झारखंड जगुआर एवं सीआरपीएफ की 26, 60, 134, 174, 193, 197 बटालियन की एक टीम गठित कर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में हुए आईईडी विस्फोट में दो जवान घायल हुए हैं। उन्हें हेलीकाप्टर से बेहतर इलाज के लिए रांची भेजा गया है। ज्ञात हो कि पश्चिमी सिंहभूम में एक महीने के भीतर नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट में दो जवान बलिदान हो चुके हैं। 22 मार्च 2025 को चाईबासा में ही नक्सलियों से लोहा लेते हुए सीआरपीएफ के सब इंस्पेक्टर सुनील मंडल वीरगति को प्राप्त हुए थे।

**वीएलडब्ल्यू अब 90 प्रतिशत कार्य...**

संबंधित जानकारी लगातार मिलती रही है। हैरान करने वाली बात यह है कि राज्य के बीडीओ को भी ये जानकारी नहीं है कि वीएलडब्ल्यू का काम क्या है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने समागम को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में आने या आपके किसी भी प्रतिनिधि से मिलने से पहले मैंने ठोस कदम उठाया है। विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान मैंने राज्य भर के वीएलडब्ल्यू का 90 प्रतिशत कार्य कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग का करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही, जन सेवक का नाम बदलकर कृषि के साथ जोड़ने को भी कहा है। उन्होंने कहा कि विभाग से संबंधित योजनाओं की समय-समय पर जानकारी देने के उद्देश्य से साल में 2 प्रशिक्षण कार्यक्रम करने का निर्देश दिया गया है। राज्य स्तरीय जन सेवक समागम में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। समागम में जन सेवक संघ के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार, प्रांतीय महामंत्री लोकेश कुमार, प्रांतीय कोषाध्यक्ष लव कुमार पासवान, प्रांतीय वरीय उपाध्यक्ष रामनाथ यादव, प्रांतीय मुख्य समन्वयक संतोष कुमार, मुख्य सचेतक धर्मेंद्र देव, मीडिया प्रभारी ओम प्रकाश, महिला अध्यक्ष कीर्ति रानी खलखो, प्रवक्ता उपेंद्र कुमार सिंह मौजूद थे।

## आरटीई के तहत अब 20 तक होगा स्कूलों में आवेदन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत अब जिले के स्कूलों में 20 अप्रैल तक ऑनलाइन आावेदन किया जा सकेगा। पूर्व में यह तिथि 31 थी। शनिवार को जिला के मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्य और प्रतिनिधियों के साथ बैठक में जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज ने इस संबंध में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर आरटीई के तहत नामांकन के लिए तिथि बढ़ाई गई। आरटीई के तहत नामांकन के लिए जिले में 121 स्कूलों को पंजीकृत किया गया है। उल्लेखनीय है कि उपायुक्त ने तीन मार्च को आरटीई पोर्टल की शुरूआत की थी।

उन्होंने कहा है कि रांची जिले में आरटीई के तहत नामांकन के लिए नियमों का पालन नहीं करनेवाले स्कूलों पर कार्रवाई की जायेगी। इससे संबंधित शिकायत मिलने पर स्कूलों की मान्यता रद्द करने के लिए बोर्ड से अनुशंसा की जायेगी।

**ऐसे भरें आवेदन**

नामांकन की पूरी प्रक्रिया जिले के वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट आरटीई रांची डॉट इन पर ऑनलाईन पूरी की जायेगी। बच्चों के माता-पिता या अभिभावकों को वेबसाईट पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होगा। रजिस्ट्रेशन के बाद संबंधित वेबसाईट पर पूरा फॉर्म ऑनलाइन भरा जाएगा। साथ ही फॉर्म भरने के क्रम में माता-पिता या अभिभावक वेबसाईट पर अंकित विद्यालयों की सूची में से अपने आवास के आस-पास निर्धारित दूरी में स्थित तीन विद्यालयों का नाम अंकित कर सकेंगे।

ऑनलाइन रैंडमाइज करने के क्रम में फॉर्म में अंकित किसी भी एक विद्यालय में चयन हो सकता है या निर्धारित सीट से अधिक संख्या में आवेदन होने पर किसी भी विद्यालय में चयन नहीं भी हो सकता है।

फॉर्म भरने के क्रम में जहां से फॉर्म भरा जायेगा उसका ऑनलाइन लोकेशन वेबसाईट पर खुद अंकित हो जायेगा। यदि माता-पिता प्रज्ञा केन्द्र अथवा साईबर कैफे के सहयोग से आवेदन करेंगे तो उन्हें अपने घर का वास्तविक लोकेशन गूगल मैप पर सेलेक्ट करना होगा। संबंधित प्रखंड का गूगल मैप फॉर्म भरने के क्रम में अपने आप खुल जायेगा। सावधानीपूर्वक अपने घर का लोकेशन चिन्हित करने की जवाबदेही माता-पिता की होगी।



## राज्यपाल ने बाबा बैद्यनाथधाम में की पूजा-अर्चना

**रांची।** राज्यपाल संतोष गंगवार ने शनिवार को देवघर स्थित विश्वप्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथधाम में विधिवत पूजा-अर्चना की तथा राज्य के सभी नागरिकों के सुख, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। इससे पूर्व तीर्थ पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ राज्यपाल महोदय को संकल्प कराया गया। तत्पश्चात उन्होंने बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक व आराधना की। पूजन के उपरांत देवघर के उपायुक्त विशाल सागर ने राज्यपाल महोदय को स्मृतिचिह्न भेंट की।

## IPL 2025-अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|
| एसआरएच | 05 | 01 | 04 | 02 |
| आरसीबी | 05 | 03 | 02 | 06 |
| पीके | 04 | 03 | 01 | 06 |
| सीएसके | 06 | 01 | 05 | 02 |
| डीसी | 04 | 04 | 00 | 08 |
| एलएसजी | 05 | 03 | 02 | 06 |
| एमआइ | 05 | 01 | 04 | 02 |
| जीटी | 05 | 04 | 01 | 08 |
| केकेआर | 06 | 03 | 03 | 06 |
| आरआर | 05 | 02 | 03 | 04 |

# चीनी ताइपे पर जीत के साथ भारत प्लेऑफ में जगह बनाने के करीब

**एजेंसी**

**पुणे।** युवा खिलाड़ियों श्रीवल्ली भामिदीपती और वैदेही चौधरी ने शुक्रवार को यहां चीनी ताइपे के खिलाफ 2-1 से जीत दर्ज करते हुए बिली जीन किंग कप एशिया-ओसनिया ग्रुप 1 में प्लेऑफ में जगह बनाने की दिशा में भारत को महत्वपूर्ण कदम बढ़ाने में मदद की। यह मेजबान टीम की लगातार तीसरी जीत थी, जिससे उन्हें आईटीएफ, एआईटीए और



पीएमडीटीए के सहयोग से एमएसएलटीए द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचने में मदद मिली। वैदेही चौधरी के लिए यह एक और सफल प्रदर्शन था, जिन्होंने पुणे के महालुंगे बालेवाड़ी टेनिस कॉम्प्लेक्स में फैंग एन लिन के खिलाफ इस बार दो मैचों में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। एकल में 351वीं रैंकिंग वाली भारतीय स्टार ने पहले सेट में दबदबा बनाए रखा, लेकिन उसके बाद उनकी प्रतिद्वंद्वी ने निर्णायक सेट के लिए मजबूर कर दिया। हालांकि, वैदेही ने शानदार तरीके से जवाब दिया और अंततः 2 घंटे और 9 मिनट में 6-2, 5-7, 6-4 से जीत दर्ज की, जिससे भारत को मुकाबले में 1-0 की बढ़त मिल गई। दूसरे मैच में, श्रीवल्ली भामिदीपती ने टूर्नामेंट में अपना बेहतरीन रिकॉर्ड बनाए रखा, उन्होंने 207वीं रैंकिंग वाली जोआना गारलैंड के खिलाफ कड़े मुकाबले में लगातार चौथी जीत दर्ज की। भारत की सबसे होनहार स्टार में से एक, 304वीं रैंकिंग वाली श्रीवल्ली ने पहले सेट में दबदबा बनाए रखा और अंततः 2 घंटे और 38 मिनट में 6-2, 7-6 (7-3) के स्कोर के साथ मुकाबला अपने नाम किया, जिससे मेजबान टीम ने चीनी ताइपे के खिलाफ मुकाबला सुरक्षित कर लिया। दिन के अंतिम मैच में, चीनी ताइपे की युगल जोड़ी यी त्सेन चो और फेंग-हसीन वू ने अंकिता रैना और प्रार्थना थोम्बरे की भारतीय जोड़ी को हराया।

## एक नजर

### 'मुझे इस बात पर एक प्रतिशत भी शर्म नहीं है कि मैं अंग्रेजी नहीं बोल सकता': मोहम्मद रिजवान

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के वनडे कप्तान मोहम्मद



रिजवान ने कहा कि उन्हें अपनी खराब अंग्रेजी बोलने की क्षमता पर कोई शर्म नहीं है, हालांकि उन्हें सोशल मीडिया पर बार-बार इसके लिए ट्रोल किया जाता रहा है। विकेटकीपर-बल्लेबाज ने यह कहते हुए अपना बचाव किया कि धाराप्रवाह अंग्रेजी उनके काम की नहीं बल्कि क्रिकेट की मांग है। रिजवान ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, मुझे परवाह नहीं है। मुझे एक बात पर गर्व है और वह यह कि मैं जो भी कहता हूं, दिल से कहता हूं। मुझे अंग्रेजी नहीं आती। मुझे बस इस बात का अफसोस है कि मैंने पर्याप्त शिक्षा नहीं ली, लेकिन मुझे इस बात पर एक प्रतिशत भी शर्म नहीं है कि मैं पाकिस्तान क्रिकेट टीम का कप्तान होने के बावजूद अंग्रेजी नहीं बोल सकता। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने जूनियर क्रिकेटरों से अपनी शिक्षा पूरी करने का आग्रह किया ताकि वे आवश्यकता पड़ने पर अंग्रेजी बोल सकें।

### विनेश फोगाट हरियाणा सरकार से मिली पुरस्कार राशि से खोलेंगी अंतरराष्ट्रीय खेल अकादमी

**नई दिल्ली।** ओलंपियन और पूर्व रेसलर विनेश फोगाट ने घोषणा की है कि वह हरियाणा सरकार से मिले 4 करोड़ रुपए के पुरस्कार को एक अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल अकादमी खोलने में खर्च करेंगी। यह पुरस्कार उन्हें पेरिस ओलंपिक 2024 में प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया है। हरियाणा की खेल नीति देश में सबसे बेहतरीन मानी जाती है, जो खिलाड़ियों को तीन विकल्प- जमीन, नौकरी या नकद राशि प्रदान करती है। ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेताओं को 6 करोड़ रुपए, रजत पदक विजेताओं को 4 करोड़ रुपए और कांस्य पदक विजेताओं को 2.5 करोड़ रुपए दिए जाते हैं। विनेश फोगाट महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग के फाइनल में पहुंची थीं, लेकिन फाइनल से ठीक पहले हुए दूसरे वजन परीक्षण में तय सीमा से थोड़ा अधिक वजन होने के कारण उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। इसके बावजूद, हरियाणा सरकार ने उन्हें रजत पदक विजेता के बराबर 4 करोड़ रुपए की राशि देने का निर्णय लिया। जनता ने मुझे जो प्यार, भरोसा और ताकत दी, अब वक्त है उसका कर्ज चुकाने का। उन्होंने आगे कहा, अब मेरी ज़िम्मेदारी सिर्फ एक खिलाड़ी की नहीं, बल्कि उन हजारों सपनों की भी है, जो खेल के जरिए एक सुरक्षित और सकारात्मक भविष्य की ओर बढ़ना चाहते हैं।

# लखनऊ ने रोका गुजरात का विजय रथ

## गुजरात को छह विकेट से हराया

**एजेंसी**

**लखनऊ।** निकोलस पूरन (61), एडन मारक्रम (58) और आयुष बदौनी (नाबाद 28) की आतिशी पारियों से लखनऊ सुपर जायंट्स ने तीन गेंद शेष रहते गुजरात टाइटंस को आईपीएल मुकाबले में शनिवार को छह विकेट से हरा दिया और अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गए।

गुजरात ने साई सुदर्शन (56) और कप्तान शुभमन गिल (60) के शानदार अर्धशतकों तथा उनके बीच 120 रन की बड़ी साझेदारी की बदौलत 20 ओवरों में छह विकेट पर 180 रन बनाये। लखनऊ ने फिर 19.3 ओवर में चार विकेट पर 186 रन का स्कोर बनाकर आसान जीत हासिल की। लखनऊ की छह मैचों में यह चौथी जीत है जबकि गुजरात की छह मैचों में यह दूसरी हार है। इस हार के बावजूद गुजरात तालिका में दूसरे स्थान पर बरकरार है जबकि लखनऊ तीसरे स्थान पर पहुंच गयी है।

इस स्टेडियम में यह दूसरा सबसे बड़ा रन चेज है। आज जिस तरह से एलएसजी ने वापसी की, वह अदभुत है। जीटी की शुरूआत अच्छी थी। 12 ओवर में 120 रन बोर्ड पर थे। इसके बाद वहां से एलएसजी के गेंदबाजों ने पहले सफल वापसी की और फिर उनके बल्लेबाजों ने कमाल का प्रदर्शन किया। इनफॉर्म मार्श की गैरमौजूदगी में भी पूरन और मारक्रम ने कमाल की पारी खेली। पंत ने शुरूआत में अच्छा योगदान दिया। मारक्रम को उनकी पारी और दो कैचों के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

पूरन ने मात्र 34 गेंदों पर 61 रन की आतिशी पारी में सात छक्के और एक चौका लगाया। पारी की शुरूआत में एडन मारक्रम ने 31 गेंदों पर 58 रन में नौ चौके और एक छक्का लगाया। खराब फॉर्म से गुजर रहे कप्तान ऋषभ पंत ओपनिंग में उतरे और 18 गेंदों में चार चौकों के सहारे 21 रन बनाये। मारक्रम और पंत ने ओपनिंग साझेदारी में 6.2 ओवर में 65 रन जोड़े।

पूरन आतिशी अर्धशतक बनाने के बाद 155 के टीम के स्कोर पर आउट हुए लेकिन तब तक वह लखनऊ को जीत की तरफ अग्रसर कर चुके थे। डेविड मिलर के 19वें ओवर में आउट होने के बाद बदौनी ने आखिरी ओवर में चौका-छक्का मारकर तीन गेंद पहले मैच समाप्त कर दिया।



इससे पहले लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने 36 रन पर दो और तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने 34 रन पर दो विकेट लेकर गुजरात के बढ़ते कदमों पर ब्रेक लगाया। बिश्नोई ने 14वें ओवर की पहली गेंद पर सुदर्शन को और आखिरी गेंद पर वाशिंगटन सुंदर को आउट कर लखनऊ की वापसी कराई जबकि शार्दुल ने आखिरी ओवर में शेरफेन रदरफोर्ड और राहुल तेवतिया के विकेट झटके।

सुदर्शन ने 37 गेंदों पर 56 रन में सात चौके और एक छक्का लगाया। गिल ने 38 गेंदों पर 60 रन में छह चौके और एक छक्का लगाया। जोस बटलर ने 16, रदरफोर्ड ने 22 और शाहरुख खान ने नाबाद 11 रन बनाये।

अंतिम आठ ओवर में एलएसजी ने सिर्फ 60 रन दिए। पहले 12 ओवरों के बाद जीटी की टीम ने 120 रन बना लिए थे। उसके बाद एलएसजी के गेंदबाजों ने कमाल की वापसी की। गिल और सुदर्शन ने अच्छी पारी खेली।

# धोनी ने लगातार पांचवां मैच हारने के बाद सीएसके की बल्लेबाजी की समस्या को उठाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के अनुभवी खिलाड़ी एमएस धोनी, जिन्होंने शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मध्य सत्र में टीम की कमान संभाली थी, ने लगातार पांचवीं हार के बाद अपनी बल्लेबाजी लाइन-अप में समस्याएं उठाईं। सीएसके 59 गेंद शेष रहते गत चैंपियन से आठ विकेट से हार गई, जब घरेलू टीम का बल्लेबाजी क्रम बुरी तरह से ध्वस्त हो गया और 103/9 पर सीमित हो गया - चेपॉक में उनका सबसे कम स्कोर और आईपीएल में तीसरा ओवरऑल कम स्कोर।



सुनील नारायण ने 3-13 के आंकड़े के साथ वापसी की, जबकि हर्षित राणा और वरुण चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में, नारायण ने 18 गेंदों में पांच छक्कों और दो चौकों की मदद से 44 रन बनाए और अपनी टीम को जीत दिलाई। उन्होंने अपने हरफनमौला खेल के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता।

मैच के बाद धोनी ने कहा कि वे साझेदारी बनाने और पावरप्ले का पूरा उपयोग करने में विफल रहे। विकेटकीपर-बल्लेबाज ने मैच के बाद की प्रस्तुति में कहा, कुछ रातें ऐसी रही हैं जब हम अपने पक्ष में नहीं गए।

### हसरंगा की अनुपस्थिति में कार्तिकेय को लेनी होगी जिम्मेदारी

**जयपुर।** आईपीएल 2025 में सुपर संडे डबल हेडर के पहले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) से जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में होगा। दोनों टीमों के बीच अब तक 31 मुकाबले हुए हैं, जिसमें आरसीबी को 15 जबकि आरआर को 14 में जीत मिली है। हालांकि जयपुर में हुए नौ मुकाबलों में 5-4 से पलड़ा मेजबान आरआर के पक्ष में है। पिछले मैच में आरआर की तरफ से वनिंदु हसरंगा नहीं खेले थे और उनकी स्पिन गेंदबाजी को महीश तीक्षणा पर अधिक निर्भर रहना पड़ा था। इस मैच के लिए भी हसरंगा टीम से बाहर रहेंगे, जो कि व्यक्तिगत कारणों से स्वदेश लौटे हैं। ऐसे में कुमार कार्तिकेय को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। राजस्थान रॉयल्सः 1 संजू सैमसन (कप्तान, विकेटकीपर), 2 यशस्वी जायसवाल, 3 नीतीश राणा, 4 रियान पराग, 5 ध्रुव जुरेल, 6 शिमरॉन हेटमायर, 7 शुभम दुबे, 8 जोफ्रा आर्चर, 9 महेश तीक्षणा, 10 तुषार देशपांडे/कुमार कार्तिकेय, 11 संदीप शर्मा, 12 फजलहक फारुकी।

## गुजरात टाइटंस के ग्लेन फिलिप्स चोट के कारण सीजन से बाहर हुए



**नई दिल्ली।** गुजरात टाइटंस के ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स आईपीएल 2025 का बाकी सत्र नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि उन्हें ग्रोइन इंजरी हो गई है। चोट लगने के बाद वे अपने देश लौट गए हैं। यह चोट उन्हें 6 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान लगी, जो राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला गया था। उस मैच में गुजरात टाइटंस ने सात विकेट से जीत दर्ज की थी। मैच में फिलिप्स बतौर फील्डिंग सब्स्टिट्यूट पॉवरप्ले के आखिरी ओवर में मैदान पर आए थे। एक थ्रो फेंकते समय उनकी ग्रोइन मसल्स में खिंचाव आ गया। फिजियो की देखरेख में उन्हें तुरंत मैदान से बाहर ले जाया गया।

गुजरात टाइटंस ने एक बयान जारी कर कहा, हम ग्लेन की जल्दी ठीक होने की कामना करते हैं। फिलिप्स को पिछले साल की बड़ी नीलामी में 2 करोड़ रुपये के बेस प्राइस पर खरीदा गया था। लेकिन उन्हें इस सीजन एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला था और चोट के कारण अब वे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।

फिलहाल यह तय नहीं है कि गुजरात टाइटंस उनकी जगह किस खिलाड़ी को टीम में शामिल करेगा। पहले से ही टीम के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा भी निजी कारणों से दक्षिण अफ्रीका लौट चुके हैं। गुजरात टाइटंस के विदेशी खिलाड़ियों में फिलहाल इंग्लैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज जोस बटलर, वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर शेरफेन रदरफोर्ड, दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज जेराल्ड कोएत्जी और अफगानिस्तान के गेंदबाज ऑलराउंडर राशिद खान व करीम जनत शामिल हैं।

# सुनील नरेन टीम के लिए एक्स-फैक्टर : क्विंटन डिकॉक

**चेन्नई।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मिली शानदार 8 विकेट की जीत के बाद अपने ओपनिंग पार्टनर सुनील नरेन की जमकर तारीफ की। शुक्रवार रात खेले गए इस मुकाबले में केकेआर ने सीएसके को उसके घरेलू मैदान पर सिर्फ 104 रनों पर रोक दिया और लक्ष्य को सिर्फ 10.1 ओवर में हासिल कर लिया।

मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में डिकॉक ने



कहा, मुझे लगता है कि सुनील नरेन और वरुण चक्रवर्ती की सबसे बड़ी ताकत उनकी विविधता है। दोनों मिस्ट्री स्पिनर हैं और हमेशा गेंदों को मिक्स करते रहते हैं। ऐसे गेंदबाजों के खिलाफ शॉट लगाना आसान नहीं होता, क्योंकि आप अंदाजा नहीं लगा सकते कि अगली गेंद कैसी होगी। डिकॉक ने अपने ओपनिंग पार्टनर नरेन की बल्लेबाजी की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, जब सुनील बैटिंग करते हैं, तो वो एक्स-फैक्टर लेकर आते हैं। हर गेंदबाज जानता है कि वो शुरूआत से ही आक्रामक खेलेंगे।

डिकॉक ने अपने और नरेन की ओपनिंग साझेदारी के तरीके पर भी बात की।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# भारत-इटली साझेदारी लगातार हो रही मजबूत : एस जयशंकर

### भारत इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में पश्चिम की ओर अपना प्रभाव बढ़ा रहा है

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को नई दिल्ली में इटली के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री एंटोनियो तजानी तथा इटली की यूनिवर्सिटी और रिसर्च मंत्री अन्ना मारिया बर्निनी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश, समुद्री सहयोग, सुरक्षा, शिक्षा, तकनीक, शोध और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में सहयोग को लेकर महत्वपूर्ण और सकारात्मक बातचीत हुई। बातचीत के बाद विदेश मंत्री जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए कहा



कि भारत और इटली की साझेदारी लगातार विकसित हो रही है और यह दोनों देशों के नेताओं द्वारा तय किए गए संयुक्त रणनीतिक कार्य योजना 2025-2029 के अनुसार आगे बढ़ रही है।

इस कार्य योजना की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने नवंबर 2024 में रियो में की थी। इस योजना का उद्देश्य दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को गहरा करना और ऐसे ठोस परिणाम हासिल करना है, जिनका लाभ दोनों देशों को मिल सके। इस दौरान जयशंकर ने यह भी बताया कि दोनों देशों के नेताओं ने निर्देश दिए हैं कि संबंधित उद्योगों, वैज्ञानिक संस्थानों और उच्च शिक्षण संस्थानों के साथ मिलकर कारोबार, शोध, नवाचार और प्रतिभा के आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया जाए।

# मार्च में इलेक्ट्रॉनिक परमिट 20 प्रतिशत बढ़कर 124.5 मिलियन पर पहुंचे

**नई दिल्ली।** भारत में इलेक्ट्रॉनिक परमिट मार्च महीने में रिकॉर्ड 124.5 मिलियन पर पहुंच गए, जो सालाना आधार पर 20 प्रतिशत की वृद्धि को दशार्ता है। इलेक्ट्रॉनिक परमिट को लेकर यह वृद्धि मजबूत फैक्ट्री एक्टिविटी से जुड़ी है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत के माल की आवाजाही में जबरदस्त वृद्धि का मतलब है कि घरेलू अर्थव्यवस्था लचीली बनी हुई है, जो फरवरी की तुलना में इस वर्ष मार्च में 11.5 प्रतिशत अधिक है। इलेक्ट्रॉनिक परमिट या ई-वे बिल का इस्तेमाल राज्यों के भीतर और एक राज्य से दूसरे राज्य में माल भेजने के लिए किया जाता है। 50,000 रुपये और उससे अधिक मूल्य के माल की आवाजाही के लिए ई-वे बिल अनिवार्य हैं।



### भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 676.3 बिलियन डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, 4 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 10.8 बिलियन डॉलर बढ़कर 676.3 बिलियन डॉलर हो गया। विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि दर्ज करने वाला यह लगातार पांचवां सप्ताह है। आरबीआई की साप्ताहिक सांख्यिकीय रिपोर्ट के अनुसार, भारत के भंडार का एक घटक 'विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां' 9 बिलियन डॉलर बढ़कर 574.08 बिलियन डॉलर हो गईं, जबकि 'स्वर्ण भंडार' का हिस्सा 1.5 बिलियन डॉलर बढ़कर 79.36 बिलियन डॉलर हो गया। इसके अलावा, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 186 मिलियन डॉलर बढ़कर 18.36 बिलियन डॉलर हो गया। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 28 मार्च, 2025 को समाप्त सप्ताह में 6.6 बिलियन डॉलर बढ़कर 665.4 बिलियन डॉलर के पांच महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। रुपये में अस्थिरता को कम करने में मदद करने के लिए आरबीआई द्वारा पुनर्मूल्यांकन और विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के कारण पिछले हफ्तों की गिरावट का रुझान अब पिछले पांच हफ्तों में उलट गया है। इससे पहले, देश का विदेशी मुद्रा भंडार सितंबर 2024 में बढ़कर 704.885 बिलियन डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

# भारत हमेशा डब्ल्यूटीओ फ्रेमवर्क में काम करेगा, लेकिन सुधार जरूरी : पीयूष गोयल



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत हमेशा विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के फ्रेमवर्क में ही काम करेगा, लेकिन डब्ल्यूटीओ में सुधार जरूरी हैं।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने विकासशील देशों की परिभाषा का दोबारा मूल्यांकन करने की जरूरत समझाई और ई-कॉमर्स नियमों, कृषि निर्णयों और मत्स्य पालन वाताओं पर स्पष्टता का आह्वान किया। उन्होंने 9वें ग्लोबल टेक्नोलॉजी समिट में कहा, भारत हमेशा डब्ल्यूटीओ फ्रेमवर्क के भीतर काम करेगा। अमेरिका और यूरोपीय संघ सहित हमारे द्विपक्षीय समझौते इसके दायरे में काम करते हैं। केंद्रीय मंत्री गोयल ने वैश्विक व्यापार को नया रूप देने में खासकर संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे विश्वसनीय भागीदारों के साथ भारत के लिए आगे के अवसरों पर प्रकाश डाला।

भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बताते हुए केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा, भारत में अवसरों की भरमार है। अगले दो से ढाई दशकों में भारत 1.4 अरब भारतीयों की आकांक्षाओं के बल पर आठ गुना वृद्धि करेगा। इससे घरेलू मांग में भारी वृद्धि होगी और वैश्विक स्तर पर पहचाने जाने वाले पैमाने के लाभ मिलेंगे। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पिछले दो वर्षों में ही कम से कम आठ उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भारत आए हैं, जो देश के साथ मजबूत व्यापार संबंध बनाने में दुनिया की बढ़ती दिलचस्पी का संकेत है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत के मौजूदा टैरिफ संरक्षण उपाय मुख्य रूप से गैर-बाजार अर्थव्यवस्थाओं पर केंद्रित हैं। उन्होंने कहा, भारत उन देशों के साथ द्विपक्षीय साझेदारी करने के लिए अच्छी स्थिति में है जो पारस्परिकता, विश्वास और निष्पक्षता को महत्व देते हैं।

# भारत में रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर पर केंद्रित जीसीसी में तेजी से हो रही वृद्धि

**नई दिल्ली।** भारत में वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) में वृद्धि जारी है। इन सेंटर का ध्यान रिन्यूएबल एनर्जी पर केंद्रित है, जिसमें अपस्ट्रीम, मिडस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम में ऑफशोरिंग अवसर भी तेजी से बढ़ रहे हैं। भारत में तेल और गैस, बिजली और यूटीलिटी, रिन्यूएबल एनर्जी और माइनिंग जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित जीसीसी में तेज वृद्धि देखी जा रही है। वैश्विक स्तर पर भारत लीडिंग जीसीसी गंतव्यों में से एक है। साथ ही किसी संगठन की जीसीसी यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए देश एक पसंदीदा गंतव्य है, जिसमें बेंगलुरु, मुंबई, पुणे, दिल्ली-एनसीआर, हैदराबाद, चेन्नई और दूसरे राज्यों में कई विकल्प मौजूद हैं। एक लेटेस्ट ईवाई रिपोर्ट के अनुसार, भारत के बढ़ते जीसीसी परिदृश्य और इसके व्यापक ऊर्जा क्षेत्र के बीच की खाई को पाटना 'तालमेल' और इनोवेशन को दिखाता है।

### इंडियन ओवरसीज बैंक ने कर्ज पर ब्याज दर 0.25 फीसदी घटाई, नई दरें लागू

**नई दिल्ली/चेन्नई।** पंजाब नेशनल बैंक सहित 4 अन्य बैंकों के बाद सार्वजनिक क्षेत्र के एक और बैंक इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) ने रेपो रेट से संबद्ध ब्याज दर में 0.25 फीसदी की कटौती की है। नई दरें 12 अप्रैल, 2025 से प्रभावी हो गई हैं। बैंक ने शनिवार को एक बयान में बताया कि बैंक ने रेपो लिंक्ड लेंडिंग रेट (आईपी) को 25 आधार अंकों (0.25 फीसदी) की कटौती के साथ मौजूदा 9.10 फीसदी से घटाकर 8.85 फीसदी कर दिया है। यह कटौती 12 अप्रैल 2025 से प्रभावी हो गई है। यानी कि आज के बाद से बैंक से लोन लेने वालों लोगों की ईएमआई कम हो जाएगी और उनको कम रुपये ब्याज को तौर पर चुकाने होंगे। आईओबी की विज्ञप्ति के मुताबिक परिसंपत्ति देयता प्रबंधन समिति ने 11 अप्रैल को आयोजित अपनी बैठक में ग्राहकों को रेपो दर में कटौती का लाभ देने का निर्णय लिया। इसके बाद बैंक ने तत्काल प्रभाव से बैंक की रेपो लिंक्ड लेंडिंग रेट में 25 आधार अंकों की कटौती की है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने चालू वित वर्ष 2025-26 की पहली मौद्रिक नीति समिति की समीक्षा बैठक में नीतिगत दर रेपो रेट को 6.25 फीसदी से घटाकर 6 फीसदी कर दिया है।